सिखों में संस्कृत के प्रचार के लिए यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस वर्ष ऐसे १४ छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी और इस पर २५१) मासिक व्यय हुआ है।

आयुर्वेद महिला छात्रवृत्ति :

महिलाओं में आयुर्वेद की शिक्षा के प्रचार के लिए भी छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। किन्तु इस वर्ष इस सम्बन्ध में आवेदन पत्र नहीं आये और किसी को छात्रवृत्ति नहीं दी गयी।

व्यक्तिगत सहायताएं :

इसके अन्तर्गत कई साधू-सन्यासी, सामाजिक और धार्मिक प्रचारक, कार्यकर्ता, अनाथ,

विधवा तथा सहायता योग्य व्यक्तियों को सहायता प्रदान की जाती है। इस वर्ष इस मद में ११३५) मासिक व्यय किया गया है।

एकमुश्त सहायता :

संघ से दी जानेवाली नियमित सहायता के अतिरिक्त सहायता योग्य छात्रों को, कन्याओं के विवाह के लिए, क्षय अथवा कुष्ट-रोगियों के उपचारार्थ, बाढ़, तूफान तथा अकाल पीड़ित लोगों की सेवा के लिए, धर्म प्रचार, शिक्षा प्रचार में लगी संस्थाओं और व्यक्तियों के लिए संघ से एकमुश्त सहायतायें दी जाती हैं। इस वर्ष एकमुश्त सहायता पाने वालों की संख्या ४०० रही और इस पर कुल ११६७००) व्यय हुआ है। संघ द्वारा जो शीत काल में रजाई आदि का वितरण होता है उसका भी व्यय इसमें सम्मिलित है।

संघ के सीमित साधनों के अन्तर्गत उक्त सहायतायें दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त संघ द्वारा निम्नलिखित साहित्य का प्रकाशन किया गया :

१- श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर, नई दिल्ली की सचित्र पुस्तिका।

२- हिन्दूइज्म : फिलोसफी आफ लाइफ (माननीय श्री लक्ष्मीनिवास जी बिरला द्वारा लिखित)।

३- पावर इन टैम्पल।

इन तीनों पुस्तकों का वितरण श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर, नई दिल्ली के माध्यम से विदेशी यात्रियों में किया जाता है।

श्यामसुन्दर शास्त्री (signature)

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ
२५ पंचकुइयां रोड जवाहर नगर, दिल्ली-७

ओ३म्

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ की प्रबन्धक समिति की एक साधारण मीटिंग संघ का सन् १९८० का आडिट किया हुआ हिसाब पास करने के लिए श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर नई दिल्ली के कार्यालय में दिनांक ७ सितम्बर १९८१ सोमवार ६ बजे सन्ध्या समय बुलायी गयी है। मीटिंग माननीय की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। निम्नलिखित प्रस्ताव पास करने हैं -

प्रस्ताव नं० १

संघ की पिछली मीटिंग की कार्यवाही की सम्पुष्टि करना।

प्रस्ताव नं० २ सन् १९८० के आडिटेड हिसाब का लेखाजोखा ब्यौरा

आडिटर द्वारा संघ का सन् १९८० का आडिट किया हुआ हिसाब पास करना जिसका मोटा-मोटा ब्योरा निम्नप्रकार है -

२१०२९९-४१	जनरल सहायता खाते जमा	२२२५९३-०७	भिन्न भिन्न सार्वजनिक संस्थाओं व व्यक्तियों को सहायता दी
	२०२८००-०० इस साल प्राप्त ७४९९-४१ पुराना २१०२९९-४१	३०९४५-०७	शताब्दी सहायता खाते नाम ३०९४५-०७ शताब्दी सहायता
७९८१०-९०	शताब्दी सहायता खाते जमा	६००-००	आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता दी गयी
	५००००-०० इस साल प्राप्त २९८१०-९० पुराना ७९८१०-९०	२९७७५०-००	युनाइटेड कमर्शियल बैंक फिक्स डिपाजिट खाते नाम
६००-००	आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता खाते जमा इस साल	५०७-३०	सैण्ट्रल बैंक चांदनी चौक के नाम
२१८२५७-३०	प्राविडेण्ड फण्ड खाते जमा	३०६७-५८	युनाइटेड क० बैंक चालू खाते नाम
		५५०-००	बिजली पानी संस्थान डिपाजिट नाम
		१८०२८-६२	पुस्तक खाते नाम
		५३९९-००	एडवान्स खाते नाम
		३६-४०	वी० पी० खाते नाम
		२४७२-८२	फरनीचर खाते नाम
		१५९३-९५	जनरल चन्दा खाते नाम
		५०३४०३-०१	
		२५९४-६०	श्री रोकड़ पोते बाकी
५०५९९७-९१		५०५९९७-९१	

संलग्न : मंत्री रिपोर्ट (१९८०)

(स्टाम्प) [signature]
अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ
२५, मलका गंज रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७

गद्दी ओदेश 20·8·81

ॐ हरि

अ०भा०सम्मेलन कार्यालय
भाद्रपद कृ० 14 सम० 2038

प्रिय महोदय !

जय गोमाता ।

आपको यह जान कर हर्ष होगा कि भारत की राजधानी नव दिल्ली में सन् 1966 के पश्चात पुन: इतिहासक अ० भारतीय गोवंश रक्षा सम्मेलन संलग्न कार्यक्रम अनुसार 6 -सितम्बर 1981 रविवार को हो रहा है । आपसे सानुरोध निवेदन है कि भाग लेकर देश का नव मार्ग दर्शन करने में सहायक हों, अथवा अपनी संस्था के प्रतिनिधि भेजें । कौन-बाहन से किस समय पधारेंगे । लौटती डाक से सूचित करें, ताकि सम्मिलित भोजन-भिक्षा एवं ठहरने की व्यवस्था उचित रूप से हो सके ।

यदि आप ठहरना अथवा भोजन आदि कहीं और करना चाहते हों तो भी अवश्य लिखनेका कष्ट करें ।

सम्मेलन में विचारार्थ कोई प्रस्ताव एवं सुझाव देना चाहें तो कृपया विधिवत लिखित रूप से अविलम्ब कार्यालय में निम्नांकित ठिकाने से भेजें । ओढ़ने विछौने के वस्त्र अपनी आवश्यकतानुसार साथ लाना न भूलें । शेष शुभ ।

दर्शनाभिलाषी
अशोक कुमार छिब्बर
: अशोक कुमार छिब्बर :
कार्यालय सचिव

सेवा में श्री गुरु जगजीत सिंह जी
भैणी साहब

स्वागतसमिति- अ०भा० गोवंश रक्षा सम्मेलन
श्रीरघुनाथ मंदिर, अमरकालोनी, लाजपत नगर, नवदिल्ली-110024
दूर भाष- पी.पी. - 693976

आवश्यक:- यदि आप अविलम्ब लिखदेंगेतो 7 सितम्बर-सोमबार को दिल्ली दर्शनकी सुव्यवस्था करने का प्रयास होगा । जो प्रात: 8बजे से सायंकाल 5 बजे तक का कार्यक्रम होगा ।

स्वागत समिति ने निर्णय किया है कि अ० भा० गोवंश रक्षा सम्मेलन प० पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज प्रधान अ० भा० गोसंरक्षण परिषद की अध्यक्षता में 6 सितम्बर 1981 रविवार को होगा । कार्यक्रम निम्नांकित है :-

प्रात: 7बजे हवन यज्ञ श्रीरघुनाथ मंदिर, अमर कालोनी, लाजपत नगर -4
" " 8½ " अल्पाहार " " " "
" " 10 विषय निर्धारिणी समिति की बैठक " " " "
12·30 बजे भोजन - भिक्षा " " " " " "
अपराह्न 3 बजे प्रतिनिधि सम्मेलन धर्म भवन, साउथ एक्सटैंशन -एक , में
सायंकाल 7 बजे प्रीति भोज
रात्रि 8 बजे खुला अधिवेशन अमर कालोनी , लाजपत नगर-4
" " 10· 30 बजे से सांस्कृतिक एवं संगीत कार्य- क्रम रात्रि भर

उद्घाटन प. पू. ब्रह्मचारी श्री प्रभु दत्त जी महाराज करेंगे।

शेष कार्यक्रम अथवा किसी कार्यक्रम में आवश्यक परिवर्तन की सूचना समयानुसार निवेदन की जाएगी ।

for कार्यालय सचिव
:अशोक कुमार छिब्बर :

अखिल भारतीय गौरक्षा सम्मेलन.
स्वागत समिति कार्यालय,

अखिल भारतीय गौरक्षा सम्मेलन.
स्वागत समिति कार्यालय,

प्रकाशनार्थ

ॐ हरि

अखिल भारतीय गोवंश रक्षा सम्मेलन, 6 सितम्बर को नव दिल्ली में होगा

नव दिल्ली -- अ० भा० गोवंश रक्षा सम्मेलन की स्वागत समिति ने निर्णय किया है कि अखिल भारतीय गोवंश रक्षा सम्मेलन परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज अध्यक्ष अ० भा० गोसंरक्षण परिषद की अध्यक्षता में 6 सितम्बर 1981 रविवार को निर्मल पुरी : राधाकृष्ण मंदिर : के सामने लाजपत नगर-4, नव दिल्ली-24 में होगा । सम्मेलन का उद्घाटन परम पू० ब्रह्मचारी श्री प्रभुदत्त जी महाराज करेंगे । इस सम्मेलन में सभी राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे ।

---: कार्यक्रम : ---

प्रात:	7	बजे	हवन यज्ञ श्री रघुनाथ मंदिर, अमर कालोनी में
"	10	"	विषय निर्धारिणी समिति की बैठक " "
अपराह्न	3	"	प्रतिनिधि सम्मेलन धर्म भवन, साउथ एक्सटेंशन-एक में
रात्रि	8	"	खुला अधिवेशन, निर्मल पुरी, लाजपत नगर-4 में
"	$10\frac{1}{2}$	"	से सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय संगीत तथा रात्रि जागरण

कार्यालय सचिव

: अशोक कुमार छिब्बर :

अ०भा०गोवंश रक्षा सम्मेलन, स्वागत समिति
श्री रघुनाथ मंदिर; अमर कालोनी, लाजपत नगर-4
नव दिल्ली-110024, दूरभाष - 693976

26.5.81

ॐ गौः

पोष्ट बक्स १६०८

फोनः अफिस १४०३६
महासचिव १६६३२

च.नं. ४४८

विश्व हिन्दू सम्मेलन

क्रम संख्या (प्रतिष्ठासमिति) मिति २०३८.२.१६

वेदविद्याश्रम, गोशाला, पशुपति, काठमाडौं, (नेपाल)

परम पुज्य,
श्री सतगुरू जगजीत सिंहजी महाराज,
जी.पी.ओ. श्री भैनी साहिब,
जि. लुधियाना, पंजाब, भारत ।

विषय:- प्रतिनिधि भेजना ।

श्रीमन् सतगुरुजी महाराज,
सादर प्रणाम,

१९८१ अप्रिल १२ ता. को नेपालके वीरगन्ज नगर में हिन्दु सम्राट नेपाल नरेश द्वारा समुद्घाटित विश्व हिन्दु सम्मेलनने आपने पूर्व घोषित उद्देश्य अनुरूप "विश्व हिन्दु बौद्ध महासंघ" स्थापनाकी सर्व सम्मति से घोषणा की हैं ।

इस महा संघके निर्णयोंकी एक प्रति आपकी जानकारी के लिये भेजी जा रही हैं। महासंघ में आपकेद्वारा मनोनीत एक प्रतिनिधिको तदर्थ समितिके मंत्री पदमें रखनेका सर्व सम्मति से निर्णय किया गया है ।

तदर्थ समितिकी बैठक आगामी २५ मे १९८१ को काठमाडौं में करनेका निर्णय हुआ हैं । सूचना की एक प्रतिभी संलग्न है । कृपया अपने प्रतिनिधिको आगम की सूचना और नाम यथा शीघ्र भेजेंदे । काठमाडौं में रहने और भोजनका सामान्य प्रबन्ध महासंघ की ओर से किया गया हैं ।

आपका सहयोग, मार्ग दर्शन और आशिर बचन सदा आपेक्षित हैं ।

विनित--
(हस्ताक्षर)
डा. काशीराज उपाध्याय
महा मन्त्री

गऊ रक्षा

तार-'सर्वसेवा' वर्धा
पत्र क्रमांक

फोन दफ्तर : २३६५
निवास : २५६३

अखिल भारत कृषि-गोसेवा संघ

AKHIL BHARAT KRISHI - GOSEVA SANGH
GOPURI, WARDHA (Maharashtra)
(बंबई कार्यालय भारतीय विद्याभवन, चौपाटी, बंबई-७) फोन : ३५१४६१, ३६४१५९

श्री० आदरणीय गुरुजी

गोपुरी, वर्धा (महाराष्ट्र)
दिनांक : ९-४-८२

आप जानते ही होंगे कि मुनि ज्ञानचंद्रजी महाराज रामनवमी २ अप्रैल से दिल्ली में आमरण अनशन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि गोहत्याबंदी का केन्द्रीय कानून बने। आज तक अनेक प्रसंगों पर भारत सरकार ने वचन दिया है उसे पूरा करें। लोकसभा में भी प्रस्ताव पास करके भारत सरकार को केन्द्रीय कानून बनाने का आदेश दिया है। सरकार नियुक्त गोरक्षा कमेटी ने भी गोहत्याबंदी कानून बनाने व बनवाने की शिफारिश की है।

मुनिजी के उपवास को आज आठवां दिन है। मुनिजी का वजन ९ पौंड घटा है। पेशाब में असीटोन अधिक मात्रा में जाने लगा है, कमर में दर्द है। वैसे चित्त से अत्यंत प्रसन्न हैं। गुजरात के इस संत ने जीवन भर अध्यात्म साधना की है। बाल ब्रह्मचारी हैं। पिछले २० वर्षों से गोहत्या निवारण के कार्य में ही लगे हैं। इनका उपवास श्री राजकृष्ण जैन स्मृति भवन, १ अंसारी रोड, पर चल रहा है। पिछले डेढ़ साल से शुद्धि साधना के निमित्त दो दो दिन के उपवास चलते रहे हैं। वहां का फोन नं० २७२२२९ है। उनकी सेवा में गुजरात के १५-२० भाई- बहन आये हैं।

कल पुलिस आयी थी। मुनि संतबालजी के शिष्य भालनलकांठा प्रयोग क्षेत्र के संचालक श्री अंबुभाई पुलिस कमीश्नर से मिलेथे। पुलिसकमीश्नर का कहना हैकि हम इस उपवास को आत्महत्याका प्रयत्न मानतेहैं, इन्हें अस्पताल लेजायेंगे। मरने नहीं देंगे, फोर्सिबल फीडिंग करेंगे।

कानून बनाना न बनाना अलग बात है, लेकिन ऐक संत का अनादर न हो। संत का अनादर भारतीय संस्कृति का अनादर है। मुनिजी आध्यात्मिक पुरुष हैं। उपवास में पूरा मौन रखते हैं। भगवद् चिंतन में ही समय जाता है। सरकार की निंदा स्तुति में भी नहीं पड़ते। ऐसे संत को मरने देना हो तो भी शांति से मरने देना चाहिए। फोर्सिबल फीडिंग न किया जाय। इस बारे में आपलोगों को प्रधानमंत्रीजी तथा गृहमंत्रीजी पर जोर डालना चाहिए। तारसे, फोनसे, पब्लिकस्टेटमेंट, या मिलकर जैसा भी ठीक समझें कीजिये।

मेरा मनतो कह रहा है कि सब प्रयत्नों के बावजूद भी पुलिस मुनिजी को उठाने के लिए आवे तो चारों ओर से घेरा डाल दें। जबतक हमारे जी में जी रहे या कैस नहीं बना दिये जावें तब तक मुनिजी को नहीं ले जाने दें। मैं तीन दिन वहां था ही अब भी समय मिलते ही दिल्ली पहुंचना है। ता. १२ को दिल्ली पहुंचूंगा।

आशा है इस पुण्य कार्य में आपका सहयोग मिलेगा। प्रथम तो इसीबात पर जोर दिया जाना चाहिए कि सरकार अपना वचन पालन करके केन्द्रीय गोहत्याबंदी कानून बनावे। वैसा संभव न हो तो मुनिजी को शांतिसे मरने दिया जाय। फोर्सिबल फीडिंग की कोशिश न हो।

आपका
राधाकृष्ण
(राधाकृष्ण बजाज)

दिल्ली में आपके लोग मुनिजी से मिलते रहें और उन्हें संभालें और ...

गोवंश हत्याबंदी का केन्द्रीय कानून बने

सौम्य सत्याग्रह का अगला कदम

भगवान के दरबार में

१—**नित्य प्रार्थना**—रोजाना अपने ही घर में प्रार्थना करनी है कि भगवान तू गाय की रक्षा कर और इस देश को बचा। पू० बाबा ने गोरक्षा प्रार्थना को आश्रम की नित्य प्रार्थना के आरम्भ में जोड़ दिया है।

२—**महीने के अन्तिम दिन उपवास व सभा**—हर माह के आखरी दिन उपवास रखा जाय। शाम को सामूहिक प्रार्थना सभा हो, जिसमें महिने भर के काम का लेखा-जोखा हो और आगे के काम की योजना बने। सभा के बाद उपवास छोड़ सकते हैं।

३—**गोरक्षा का जय-जयकार, एक दिन की कमाई का दान**—कतल से बचायी एवं असहाय गायों के पालन-पोषण के लिए सालभर में एक दिन की आमदनी देनी है। यह दान हरेक भाई-बहन को देना है। अपने विश्वास की किसी भी गोसेवा संस्था को दे सकते हैं, या कृषि गोसेवा संघ को वर्धा भेज सकते हैं। पू० बाबा भी एक दिन की प्राप्ति देंगे।

जिस दिन एक दिन की कमाई का दान करोड़ों लोग देने लगेंगे उसी दिन गोमाता की जय-जयकार हो जायेगी और जनता की हुंकार मात्र से गोहत्या रुक जायेगी।

४—**गोव्रत**—जिन्हें सम्भव हो अपने घर में गाय रखें। आज के जमाने में यह बात कठिन लगे तो उन लोगों को अपने घर में कम से कम दूध तो गाय का ही इस्तेमाल करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे गोदूध का मूल्य बना रहेगा और गाय हमारे जीवन से नित्य जुड़ी रहेगी। पू० बाबा का गोव्रत १६२५ से चालू है। स्वयं बापूजी ने गोव्रत दिलवाया था।

५—**कतली चमड़े का त्याग**—गाय-भैंस को कतल करके जो मुलायम चमड़ा तयार किया जाता है उसका त्याग करना चाहिए। इस चमड़े के इस्तेमाल से गोहत्या को प्रोत्साहन मिलता है।

राज दरबार में

ऊपर के कार्यक्रम भगवान के दरबार के हैं। इनका सम्बन्ध हमारे निजी जीवन से है। राजदरबार की दृष्टि से बम्बई में देवनार कतलखाने का सत्याग्रह और गाय-बैल कटने के लिए जहां से चलते हों उन स्थानों पर रोकने का "गाय-बैल रोको सत्याग्रह" है। दोनों ही कार्यक्रमों में सरकार से अनुरोध है कि वह गोहत्या को तुरन्त रोके। दोनों ही कार्यक्रमों में सरकार का कानून टूटेगा और उसके लिए सरकार जो भी सजा देगी भुगतनी होगी। पू० बाबा ने इसके लिए प्रथम ही आशीर्वाद दिये हैं। गाय-बैल दोनों की किसी भी उम्र के हों, कतल रोकी जाय। इसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से आगे की माँग है, सम्पूर्ण गोवंश की हत्या रोकने का आदेश है। पूरे देश की शक्ति केन्द्रित होनी चाहिये एवं एक लाख सत्याग्रही प्राप्त हों।

निवेदकः—**महामन्त्री, अ० भा० कृषि गोसेवा संघ, गोपुरी वर्धा (महाराष्ट्र)**

गोरक्षा के लिये संत विनोबा का आह्वान

एक करोड़ दाता

एवं

एक लाख सत्याग्रही चाहियें

ब्रह्म विद्या मन्दिर
पो० पवनार ४४२१११ (वर्धा)

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह का अगला कदम

(१) एक करोड़ दाता–

साल में एक दिन की कमाई देने वाले।

(२) एक लाख सत्याग्रही–

किसी भी उम्र के गाय-बैलों को कतल से बचाने के लिये देवनार कतलखाने पर तथा उनका लदान जहां से होता है, वहां पर सत्याग्रह करने के लिये।

इस मंगल कार्य में सबका सहयोग मिलेगा ऐसी आशा है।

बाबा की शुभ कामना

रविवार
२८-३-१९८२

रामहरि

1 ਹਿੰਸਾ ਦੀ ਰਾਜਨੀਤੀ ਅਤੇ ਅਲਗਾਵ ਦੀ ਭਾਵਨਾ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਏਕਤਾ, ਸ਼ਾਂਤੀ ਅਤੇ ਸਵਤੰਤਰਤਾ ਤੇ ਹਮਲਾ ਹੈ।

2 ਅਸੀਂ ਭਾਰਤ ਮਾਤਾ ਦੇ ਸਹੀ ਸਪੁੱਤਰ ਬਣੀਏ।

3 ਦੇਸ਼ ਦੀ ਸੇਵਾ ਸਾਡਾ ਮੂਲ ਮੰਤਰ ਹੋਵੇ।

4 ਸ਼ਾਂਤੀ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਦੀ ਬੁਨਿਆਦ ਹੈ।

5 ਆਪਸੀ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਏਕਤਾ ਦਾ ਆਧਾਰ ਹੈ।

6 ਦੇਸ਼ ਦੀ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ, ਸੇਵਾ ਅਤੇ ਸੁਰਖਿਆ ਵਿੱਚ ਪੰਜਾਬੀ ਸਭ ਤੋਂ ਅੱਗੇ ਹੈਂ।

ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਦੀ ਬਾਣੀ ਨਾ ਭੁਲੋ।

ਨਾ ਕੋਈ ਵੈਰੀ ਨਾ ਹੀ ਬੇਗਾਨਾ।

ਸਗਲ ਸੰਗ ਹਮਕੋ ਬਨ ਆਈ॥

5 ...

6 ਦੇਸ਼ ਦੀ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ, ਸੇਵਾ ਅਤੇ ਸੁਰਖਿਆ ਵਿੱਚ ਪੰਜਾਬੀ ਸਭ ਤੋਂ ਅੱਗੇ ਹੈਂ।

ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕਦੇਵਜੀਦੀਬਾਣੀਨਾ ਭੂਲੋ ।

ਨਾ ਕੋਈ ਵੈਰੀ ਨਾ ਹੀ ਬੇਗਾਨਾ ।
ਸਗਲ ਸੰਗ ਹਮਕੋ ਬਨ ਆਈ ॥
ਸਭ ਮੇਂ ਰੰਵ ਰਹਿਆ ਪ੍ਰਭੂ ਏਕੋ ।
ਪੇਖ ਪੇਖ ਨਾਨਕ • ਬਿਗਸਾਈ ॥

ਭਾਰਤੀ ਸ਼ਾਂਤੀ ਸੇਵਾ, ਪੰਜਾਬ ਸ਼ਾਖਾ
ਗਾਂਧੀ ਧਾਮ, ਫਿਲੌਰ ।

ਜਸਟਿਸ ਪ੍ਰਿੰਟਰਜ਼ ਨਜ਼ਦੀਕ ਚੌਕ ਗਿਰਜਾ ਘਰ ਚੌੜਾ ਬਾਜ਼ਾਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਫੋਨ ਨੰ: 26367 (ਰਤਨ ਕਾਤਿਬ)

प्यारे भारत वासियो !

उठो ! जागो !! सुनो !!!

संत विनोबा का आदेश

'किसी भी उमर की गाय और बैल देश मे न कटे इस हेतूसे बम्बई मे सत्याग्रह करो ! इसका प्रारम्भ शांति सैनिक करे ।'

.१.८२

विनोबाकी शुभ कामना

राम हरि

संत विनोबाजी के उपरोक्त आदेश के अनुसार भारतीय शांति-सेना की ओर से देवनार, बम्बई के कत्तलखाने पर ११ जनवरी १९८२ से सत्याग्रह शुरू हो रहा है। सब लोग तन-मन-धन से सहयोग देकर इसे सफल बनायें।

भारतीय शांति सेना, पवनार, वर्धा.

कैम्प :- शांताश्रम, ~~२११~~ 299 जावजी दादाजी मार्ग, नानाचौक बम्बई - ४००००७.

The President and Members of

Bangalore Society for the Prevention of Cruelty to Animals

solicit your presence at the concluding function of

All India Animal Welfare Fortnight

at 5p.m. on Saturday the 30th January, 1982 at the Auditorium of the Institution of Engineers, Vidhana Veedhi, Bangalore-1

Hon'ble Shri Y. Ramakrishna,

Minister for Law, Parliamentary Affairs and Animal Husbandry, Govt. of Karnataka,

will be the Chief Guest

Smt. Lakshmi Nizamuddin

will preside and distribute the prizes.

Smt. Sandhya Madappa
Hony. Secretary

Lt. Gen. B. M. Rao
President

(Programme overleaf)

Programme

1. Invocation
2. Welcome by the President, B. S. P. C. A.
3. Report by the Hony. Secretary
4. Address by Hon'ble Shri Y. Ramakrishna
5. Speech by Dr. V. S. Joshi
6. Distribution of Prizes and Certificates
   by Smt. Lakshmi Nizamuddin
7. Vote of Thanks

नव जीव दया मण्डल, दिल्ली (रजि०)

1443, गली छीपियां, मालीवाड़ा, दिल्ली-110006.

की

देश की सारी धार्मिक जनता से अपील

मांसाहार के झूठे प्रचार को रुकवाने के लिए

संलग्न अपील को प्रधानमन्त्री जी के पास भेजिए

आदरणीय महोदय,

सादर जयजिनेन्द्र। जैसाकि आप को पता ही होगा कि हमने दिनांक 9 जुलाई 1980 को आदरणीया प्रधानमन्त्री जी के पास भारत के बन्दरों के निर्यात पर रोक लगाने के लिए एक अपील भेजी थी। प्रधानमन्त्री जी ने जनता की भावनाओं का आदर करते हुए दि० 10 जनवरी 1981 को भारत के बन्दरों के निर्यात पर पाबन्दी लगा दी।

इसी प्रकार से हम एक और अपील देश की कई राज्य सरकारों से लगातार करते आ रहे थे कि वे अपने-अपने राज्यों के स्कूलों में से माँसाहार प्रोत्साहन सम्बन्धी तमाम शिक्षा बन्द कर दें क्योंकि यह धार्मिक दृष्टिकोण से घोर आपत्तिकारक है—परम हर्ष का विषय है कि चार राज्यों—गुजरात, दिल्ली, राजस्थान व मध्य प्रदेश—की सरकारों ने हमें 1980-81 में शुभ सूचना दी कि उन्होंने हमारी धार्मिक भावनाओं का आदर करते हुए अपने राज्यों के स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में से मांसाहार सम्बन्धी पढ़ाई बन्द कर दी है तथा मांसाहार के गुणों के स्थान पर उससे होने वाली हानियों को बताना शुरू किया है। यह सब आप के ही पूर्ण सहयोग का फल है।

इसी प्रकार से संलग्न अपील द्वारा प्रधानमन्त्री जी से प्रमाण व तथ्यों के आधार पर ज़ोरदार प्रार्थना की गई है कि वे अण्डे, मछली, मांस के झूठे, निराधार एवं भ्रामक प्रचार पर तुरन्त रोक लगायें तथा मांसाहार से उत्पन्न होने वाली हानियों से जनता को सावधान करें और जनता के सामने सही आंकड़े उपस्थित करें।

आशा है आप भी ऐसी अपीलें हजारों की संख्या में स्वयं भी छपवाकर प्रधानमन्त्री जी के पास भेजेंगे तथा समाचार पत्रों में भी यह अपील छपवायेंगे अन्यथा सारी भावी पीढ़ी मांसाहारी, शराबी, अनाचारी, व्यभिचारी बनकर अपना सर्वनाश कर लेगी। जब भी आप यह हमारी अपील प्रधानमन्त्री जी के पास भेजें उसकी सूचना उपरोक्त पते हमें भी अवश्य दें।

निवेदक :

केवल चन्द जैन—प्रधान

नोट : प्रधानमन्त्री जी को अपील भेजते समय नव जीव दया मण्डल, दिल्ली द्वारा प्रकाशित—'हैल्थ बुलेटिन नं० 23 की प्रतिलिपि,' 'शाकाहार,' व 'अण्डों में 6 प्रकार के विष' भी नत्थी करिए।

* प्रधानमन्त्री जी के नाम अपील *

सेवा में,

परम आदरणीया, धर्मप्राणा श्रीमती इन्दिरा गांधी जी,

प्रधानमन्त्री, भारत सरकार, नई दिल्ली।

माननीया प्रधानमन्त्री जी,

सादर निवेदन है कि आजकल अण्डों के बारे में बिल्कुल झूठा एवं भ्रामक व निराधार प्रचार सारे देश में निम्नलिखित प्रकार से फैलाया जा रहा है जो घोर आपत्तिकारक है। आप से उस पर तुरन्त रोक लगाने की प्रार्थना की जाती है :—

अण्डों के बारे में पहला झूठा प्रचार

अण्डे पेड़ पर लगते हैं–वे शाकाहार होते हैं

नैफेड (A Govt. of India Undertaking) 54, East of Kailash, New Delhi-110065 द्वारा दि०—17 जनवरी 1981 को 'TIMES OF INDIA' के पृष्ठ 14 पर एक अण्डों का पेड़ छपवाया गया उस पेड़ के नीचे लिखा गया कि अब तो अण्डे भी फलों के समान शाकाहारी ही मान लिए गए हैं। यह बिल्कुल मिथ्या एवं निराधार प्रचार है क्योंकि अण्डे पेड़ पर कभी लगते ही नहीं इस कारण उन के शाकाहारी होने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। अण्डे तो हमेशा मुर्गी के पेट से ही निकलते हैं अतः वे सदैव मांसाहारी ही होते हैं।

अण्डों के बारे में दूसरा झूठा प्रचार

अण्डों में प्रोटीन आदि पौष्टिक तत्व भरे पड़े हैं

नैफेड द्वारा उपरोक्त समाचार पत्र तथा 'EVERYDAY EGG RECIPES' नामक फोल्डर द्वारा एक और झूठा प्रचार किया जा रहा है कि अण्डों में प्रोटीन कार्बोहाइड्रेटस, खनिज लवण आदि पौष्टिक तत्व काफी मात्रा में पाए गए हैं। यह भी गलत है क्योंकि भारत सरकार द्वारा प्रकाशित हैल्थ बुलेटिन नं० 23 के अनुसार अण्डों में कार्बोहाइड्रेटस तो बिल्कुल भी नहीं पाए गए हैं बल्कि प्रोटीन, चिकनाई, फासफोरस, कैलशियम, लोहा आदि की मात्रा भी शाकाहारी खाद्य पदार्थों के मुकाबले में बहुत ही कम पाई गई है। अतः जनता के सम्मुख सही-सही आंकड़े उपस्थित करने चाहिए। आशा है कि भारत सरकार तुरन्त इस झूठे प्रचार पर रोक-लगायेगी।

P. T. O.

अण्डों के बारे में तीसरा झूठा प्रचार

अण्डे भी फल व दूध के समान लाभदायक होते हैं

उपरोक्त समाचार पत्र में नैफेड द्वारा प्रचार किया गया है कि अण्डे भी फल व दूध के समान लाभदायक होते हैं। यह भी मिथ्या प्रचार है क्योंकि फल व दूध तो शक्ति व स्वास्थ्य को देने वाले हैं तथा अनेक रोगों को दूर करने वाले हैं जबकि अण्डों में अब तक की खोजों के अनुसार कोलेस्ट्रोल आदि 6 प्रकार के विषैले तत्व पाए गए हैं जिनके कारण दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रैशर, लकवा, पित्ताशय में पथरी आदि अनेक रोग पैदा होते हैं। इस प्रकार अण्डे कभी भी फल व दूध के समान गुणकारी नहीं हो सकते बल्कि सदैव अत्यन्त हानिकारक ही होते हैं।

मांसाहार के झूठे प्रचार ने देश को बर्बाद कर दिया

आज जहाँ देश की आम जनता में मांसाहार का झूठा प्रचार किया जा रहा है, वहाँ हमारी भावी पीढ़ी को भी मांसाहारी बनाने के लिए स्कूलों में मांसाहार प्रोत्साहन सम्बन्धी शिक्षा बड़े जोर शोर से दी जा रही है। फलस्वरूप देश में मांसाहार के बढ़ने के साथ-साथ शराब, व्यभिचार, अनाचार, लूटमार भी बढ़ते ही जा रहे हैं, इस प्रकार देश व जाति का सर्वनाश होने जा रहा है। देश को बर्बादो से बचाने का एक ही मुख्य उपाय है 'सात्विक खान-पान' कहा भी है "जैसा खाए अन्न वैसा हो जाए मन" अतः आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि आप हमारो भावनाओं का आदर करते हुए मांसाहार के झूठे प्रचार पर तुरन्त रोक लगाने की कृपा करें और हमें भी सूचित करने का कष्ट करें।

निवेदक...

पूरा नाम व पता...

....

....

....

नोट : इस अपील के साथ में 'नव जीव दया मण्डल, दिल्ली' द्वारा प्रकाशित 'हैल्थ बुलेटिन नं० 23 की प्रतिलिपि' 'शाकाहार' व 'अण्डों में 6 प्रकार के विष' नामक बुकलैट संलग्न हैं कृपया विस्तृत जानकारी के लिए उनका अवलोकन कीजियेगा।

A GREAT MEDICAL AUTHORITY

पौष्टिक तत्व तुलनात्मक चार्ट

FOOD VALUE CHART

(HEALTH BULLETIN NO. 23–GOVERNMENT OF INDIA)

नाम पदार्थ	प्रोटीन %	चिकनाई %	खनिज लवण %	कार्बोहाइड्रेट्स %	केलशियम %	फासफोरस %	लोहा %	कैलोरी Per Grs.
शाकाहारी खाद्य Vegetarian Foods								
Green Gram मूंग	24.0	1.3	3.6	56.6	0.14	0.28	8.4	334
Black Gram उड़द	24.0	1.4	3.4	60.3	0.20	0.37	9.8	350
Red Gram अरहर	22.3	1.7	3.6	57.2	0.14	0.26	8.8	353
Lentil मसूर	25.1	0.7	2.1	59.7	0.13	0.25	2.0	346
Peas मटर	22.9	1.4	2.3	63.5	0.03	0.36	5.0	358
Bengal Gram चना	22.5	5.2	2.2	58.9	0.07	0.31	8.9	372
Cow gram लोभिया	24.6	0.7	3.2	55.7	0.07	0.49	3.8	327
Soya Beans सोयाबीन	43.2	19.5	4.6	22.9	0.24	0.69	11.5	482
Almond बादाम	20.8	58.9	2.9	10 5	0 23	0.49	3.5	655
Cashewnut काजू	21.2	46.9	2.4	22.3	0.05	0.45	5.4	596
Coconut नारियल	4.5	41.6	1.0	13.0	0.01	0.24	1.7	444
Gingelly तिल	18.3	43.3	5.2	25.2	1.44	0.57	10.5	564
Groundnut मूंगफली	31.5	39.8	2.3	19.3	0.05	0.39	1.6	549
Pistochionut पिस्ता	19.8	53.5	2.8	16.2	0.14	0.43	13.7	626
Walnut अखरोट	15.6	64.5	1.8	11.0	0.10	0.38	4.8	687
Cumin जीरा	18.7	15.0	5.8	36.6	1.08	0.49	31.0	356
Fenugreek मेथी	26.2	5.8	3.0	44.1	0.16	0.37	14.1	333
Cheese पनीर	24.1	25.1	4.2	6.3	0.79	0.52	2.1	348
Ghee घी	—	98.0	—	—	—	—	—	900
Skimmed Milk Powder स्प्रेटा दूध पाउडर	38.0	0.1	6.8	15.0	1.37	1.00	1.04	347
मांसाहारी खाद्य Flesh Foods								
Egg अण्डा	13.3	13.3	1.0	—	0.06	0.22	2.1	173
Fish मछली	22.6	0.6	0.8	—	0.02	0.19	0.9	91
Mutton बकरी का मांस	18.5	13.3	1.3	—	0.15	0.15	2.5	194
Pork सुअर का मांस	18.7	4.4	1.0	—	0.03	0.2	2.3	114

Raghu Printing Press, Jogiwara, DELHI. Phone : 266776

1980-81 में


Dr. S. LAL *M. D. (Medicine) F. R. C. P. (America)*
460, MAHATMA GANDHI MARG, INDORE (M.P.)

की

नई वैज्ञानिक खोज

NEW SCIENTIFIC RESEARCH

अण्डों में 6 प्रकार के विष



EGGS CONTAIN 6 KINDS OF POISONS

सम्पादक

केवल चन्द जैन

प्रकाशक

नव जीव दया मण्डल, दिल्ली (रजि०)

NAV JEEV DAYA MANDAL, DELHI (Regd.)

1443, Gali Chhipian, Maliwara, DELHI-110006.
(H. O.—769-A, Jheel Kuranja, DELHI-110051)

नई वैज्ञानिक खोज

[New Scientific Research]

अण्डे-स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक हैं क्योंकि

अण्डों में 6 प्रकार के विष

[Eggs Contain 6 Kinds of Poisons]

Modern Science has found the following harmful substances in egg which damage the organs of the human body in different ways and cause many diseases in the human beings :

(1) CHOLESTEROL (2) D. D. T. (3) LIPOPROTEINS
(4) SATURATED FATTY ACIDS (5) S.R. FRACTION 10 TO 20
(6) MICROGLOBULINS

आधुनिक वैज्ञानिक खोज के द्वारा अण्डों में अब तक निम्नलिखित विष पाए गए हैं, जो शरीर के महत्वपूर्ण अवयवों को हानि पहुंचा कर कई तरह के रोग शरीर में पैदा करते हैं :—(१) कोलेस्टरोल (2) लाइपो प्रोटीनस (3) सैच्युरेटिड फैटी एसिडस (4) एस. आर. फ्रेक्शन 10 से 20 तक (5) माइक्रोग्लोब्युलिनस (6) डी. डी. टी.

इन विषों का शरीर पर प्रभाव

[Effect of the Poisons in the Body]

अण्डों से दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रैशर, लकवा, पित्ताशय में पथरी आदि

(Eggs cause Heart Disease. High Blood Pressure, Paralysis, Stone in gall Bladder, Intermittent Claudication etc.)

The above six harmful substances damage the human body such as Arteries, Heart, Brain, Kidney, Liver etc. and cause many diseases such as Coronary Artery Thrombosis, Angina Pectoris, Atherosclerosis, Hypertention, Paralysis, Stone in gall bladder, Intermittent claudication, Cerebral insufficiency etc.

Whatever may be the type of eggs, they gradually and slowly damage the important organs of the human body and help in creating diseases.

उपरोक्त छः प्रकार के विष शरीर के मुख्य अंगों जैसे धमनियों (Arteries), हृदय (Heart), मस्तिष्क (Brain), गुर्दा (Kidney), जिगर (Liver) आदि को हानि पहुंचाते हैं तथा अनेक रोगों जैसे हृदय रोग (Coronary Heart Disease), पक्षाघात अर्थात् लकवा (Paralysis), रक्त चाप वृद्धि (High Blood Pressure), पैरों में दर्द (Intermittent Claudication), पित्ताशय में पथरी (Stone in gall Bladder) आदि को पैदा कर क्रमशः धीरे-धीरे शरीर को कमजोर करते हैं, पाचन शक्ति को नष्ट करते हैं तथा आयु को घटाते हैं।

अण्डे चाहे किसी भी प्रकार के हों वे कभी भी किसी को लाभदायक नहीं हो सकते उल्टे शरीर में बीमारियाँ ही पैदा करते हैं।

सैंकड़ों रोगों की जड़

अण्डों से अन्तड़ियों में सड़ान

Eggs Cause Putrefaction in the Intestines

Eggs do not contain carbohydrates and Vitamin 'C' and are deficient in Calcium, Iron, and Vitamin B-Complex. Besides this, they contain many poisonous substances. So they cause putrefaction in the intestines and harmful substances which are generated and absorbed in the body and thus damage important organs of human beings and put unnecessarily harmful load on the body metabolism. As such they disturb the digestion and normal metabolism of the body and reduce life span in the long run. Eggs are not completely and easily digested as compared to milk.

अण्डों में शक्तिदायक तत्व-शर्करा (कार्बोहाइड्रेटस) व विटामिन 'सी' बिल्कुल नहीं होते तथा कैलशियम और बी-कम्पलैक्स विटामिन भी न के बराबर पाए गए हैं। इन तत्वों की कमी के कारण तथा विषैले तत्वों से युक्त होने के कारण अण्डे अन्तड़ियों में सड़ान (Putrefaction) पैदा कर कई रोगों को बढ़ाने में सहायक होते हैं इसके सिवाय अण्डे, दूध के मुकाबले पूर्ण रूप से तथा आसानी से हजम नहीं होते।

शाकाहारी अण्डे-एक मिथ्या व भ्रामक प्रचार

अण्डे कभी पेड़ पर नहीं लगते

इसलिए वे शाकाहारी कभी हो ही नहीं सकते

(Vegetarian Eggs–Absolutely A False Propaganda because they are not produced by any plant.)

Misconception is being intentionally created by some Poultry farms by the name of so called 'Vegetarian eggs'. In fact they are not produced by any plant like vegetable-milk or ghee. Each and every egg is produced by a hen or a duck.

शाकाहारी अण्डा अर्थात् मुर्गी का गर्भपात

मल मूत्र व खून से भीगा हुआ-बच्चा जिसमें नहीं निकलता

(Vegetarian Egg-a type of abortion, moistened with urine blood & faecal matter.)

Egg, from which a chicken does not come out, some people also call it, by nick name, 'Vegetarian egg' for business purpose to increase their sale. In reality it is a type of abortion of a hen which is moistened with urine, blood and faecal matter. It has more potential of creating diseases in human body than an ordinary egg. It is not a vegetable substance. Normally such type of eggs are not produced. They are not available in the market and an average person cannot recognise them.

अर्थात् जिस अण्डे से मुर्गी उत्पन्न नहीं होती प्रचार के लिए कुछ लोग उसको अपने व्यापार की बिक्री बढ़ाने हेतु 'शाकाहारी अण्डा' बतौर उपनाम भी कह देते हैं। वास्तव में यह मुर्गी का गर्भपात होता है जोकि खून, मलमूत्र आदि से भीगा होकर मुर्गी के पेट से बाहर निकल पड़ता है। इसमें साधारण अण्डे की अपेक्षा बीमारी पैदा करने की अधिक शक्ति होती है। इस तरह के अण्डे न पैदा किए जाते हैं, न बाजार में उपलब्ध होते हैं। सामान्य नागरिक तो इन्हें पहचान भी नहीं सकता।

शाकाहार सर्वश्रेष्ठ आहार है

(Vegetarian Diet is the Best)

क्योंकि

शाकाहार–भोजन के सभी आवश्यक पौष्टिक तत्वों से भरपूर है

(Vegetarian Diet-Full of Food Essentials)

शाकाहारी भोजन से ही शरीर नीरोग, स्वस्थ व पुष्ट रखा जा सकता है क्योंकि उसमें भोजन के सभी निम्नलिखित आवश्यक पौष्टिक तत्व पाए गए हैं :—

1–प्रोटीन (Protein)

(Supplies building material for the Body and making good the loss of Tissue)

शारीरिक विकास, फुर्तीलापन, उत्साह और शक्ति पैदा करता है। शरीर की क्षति पूर्ति करता है। यह दालों, अनाजों, चना, मटर, सोयाबीन, लोबिया (चौला), मूंगफली, काजू, बादाम, हरी सब्जियाँ. दूध, दही, पनीर, सेम, स्प्रेटा दूध, फल, मेवे आदि में काफी मात्रा में पाया जाता है।

2–फैट अथवा चिकनाई (Fat)

(Supplies reserve energy and prevents the loss of heat from the body)

शरीर में गर्मी और शक्ति पैदा करता है। यह दूध, दही, घी, मक्खन, मलाई तथा सरसों, नारियल, मूंगफली, तिल आदि का तेल, बादाम, अखरोट, सूखे मेवे आदि में विशेष तौर पर पाया जाता है।

3–कार्बोहाइड्रेट्स-शर्करा (Carbohydrates)

(Body's chief source of energy)

शरीर में शक्ति और गर्मी को प्रदान करता है। यह चावल, गेहूँ, मक्का, ज्वार, बाजरा, गन्ना, खजूर, अंगूर, दूध, मेवे, मीठे फल, बादाम, दालें, केले आदि में विशेष तौर पर पाया जाता है।

4–खनिज लवण (Mineral Salts)

(A) कैलशियम (Calcium)

(Necessary for the growth of bones and teeth and makes the heart work properly)

हड्डियों और दांतों को मजबूत तथा स्वस्थ बनाता है। शरीर का रंग निखारता है। बाल घने और मजबूत करता है दिल ठीक ढंग से काम करता है। यह हरी सब्जियों, दूध, दही, छाछ, पनीर, बादाम, स्प्रेटा दूध आदि में विशेषतः पाया जाता है।

(B) फासफोरस (Phosphorus)

(Necessary for all living tissues and is an important constituent of blood.)

भोजन में इसकी विद्यमानता अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शरीर के सभी अंगों और रक्त तन्तुओं में महत्वपूर्ण भाग लेते हैं। शरीर अस्थि रचना व वृद्धि में कैलशियम के साथ फॉसफोरस समान रूप से मुख्य स्थान रखता है। इसकी उपयोगिता मुख्य रूप से कैलशियम के संयोग में ही है और इसकी प्राप्ति उन्हीं भोज्यपदार्थों से होती है जिनमें कैलशियम अधिक मिलता है।

(C) लोहा (Iron)

(Necessary for blood formation. Enables blood to carry oxygen from lungs to every part of the body. For lack of sufficient iron in the blood, people suffer from general weakness anaemia.)

यह खून बनाता है व उसे लाल करता है। यह शरीर के प्रत्येक तन्तु तक आक्सीजन पहुँचा सकता है। इसकी कमी से खून की कमी की बीमारी हो जाती है। कमजोरी पैदा हो जाती है। यह हरी सब्जियों, अनाज, दालें, रोटी, सेम, मटर, हरी फलियों, सूखे मेवे, पालक, खीरा, सेव, अनार के दाने, दूध, दूध से बने पदार्थ, गाजर आदि में विशेष रूप से पाया जाता है।

(5) विटामिन (Vitamins)

(Vitamins (A,B,C,D etc.) are organic substances required in regulating some of the body processes and preventing] diseases. Their constant deficiency in food causes one disease or the other.)

विटामिन (ए, बी, सी, डी, आदि) कई प्रकार के होते हैं

ये शरीर को स्वस्थ, सहनशील और नीरोग बनाते हैं, पाचनशक्ति ठीक करते हैं। भोजन में इनका निरन्तर अभाव किसी न किसी रोग को उत्पन्न करता है। ये चावल, गेहूँ, दूध, दही, दूध से बने पदार्थ, मक्खन, फल, ताजी पत्तियों वाली व बिना पत्ती वाली सब्जियों, नींबू, टमाटर, सेम, केला, आम, पपीता, दाल आदि में विशेष रूप से पाए जाते है।

कैलोरी (Calories)

(Calories are heat units by which food requirements are estimated.) One gram of protein yields-4.1 calories. One gram of carbohydrates yields 4.4 calories. One gram of

Fats yields 9.3 calories).

कैलोरी शरीर में शक्ति व गर्मी मापने का पैमाना है। एक ग्राम प्रोटीन में 4.1 कलोरी, एक ग्राम कार्बोहाइड्रेटस में 4·4 कैलोरी तथा एक ग्राम वसा (चिकनाई) में 9.3 कैलोरी के लगभग पाई गई है।

पानी [Water]

शरीर की सफाई करके गन्दे पदार्थों जैसे पसीना, मलमूत्र आदि को शरीर से बाहर निकालता है, गुर्दों को साफ करता है, प्यास बुझाता है; पाचनक्रिया ठीक रखता है; भोजन को पचने में व खून के दौरे में मदद देता है; शरीर के तापक्रम को समान रखता है।

आप प्रतिदिन कितना खायें ?

एक स्वस्थ हृष्टपुष्ट व्यक्ति की दैनिक आहार तालिका

(नोट - अलग-अलग आयु वाले अथवा मानसिक परिश्रम करने वाले अपनी पाचनक्रिया व शारीरिक अवस्था के अनुसार यथोचित परिवर्तन भी कर सकते हैं)

	ग्राम
चावल, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा आदि अनाज (Cereals)	=450
दूध, दही, छाछ आदि (Milk & Milk Products)	=250
मूँग, उड़द, चना, मसूर, अरहर (तूअर) आदि की दालें (Pulses)	=100
घिया, टिण्डे, तोरई, भिण्डी, परमल आदि बिना पत्ते वाली सब्जियाँ (Vegetables)	=200
पालक, बथुआ, सरसों, मेथी आदि पत्ते वाली हरी सब्जियाँ (Leafy Vegetables)	=125
घी, मक्खन, तेल आदि की चिकनाई (Ghee, Oils, Fats)	=50
आम, खरबूजा, सन्तरा, केला, अमरूद, आदि फल अथवा सूखे मेवे (Fruits, Nuts)	=50

Health Bulletin No-30 (Govt. of India) Page 15 पर भारत सरकार लिखती है

शाकाहार ही सर्वोत्कृष्ट आहार है —

Meat, fish and eggs are not necessary food because a diet containing cereals, milk, pulses, vegetables and fruits in the right amount, is in every way a quite satisfactory (well balanced) diet.

भोजन में उचित मात्रा में लिए गए अनाज, दालें, दूध, वनस्पति, फल आदि का आहार ही सर्वश्रेष्ठ है अण्डे, मछली माँस की कोई आवश्यकता नहीं।

GREAT MEDICAL OPINION

संस्था के साहित्य के बारे में देश के सैंकड़ों प्रसिद्ध डाक्टरों ने प्रमाण पत्र भेजे हैं इनमें से कुछ प्रमाणपत्र यहाँ दिए जा रहे हैं :—

दि०—18-1-81 को **डा० जीवनलाल** *M.B.B.S., D.M.R.E.* 178, केशवगंज, सागर (म० प्र०) लिखते हैं :—

I have gone through the litrature, published by NAV JEEV DAYA MANDAL, DELHI, in support of vegetarian diet. The details given, are correct and scientific, therefore the litrature is very useful for people of our country who are 80% vegetarian and whose diet mainly consist of the articles described in the chart. The Charts are very useful for doctors, chambers, dispensaries, hospitals for ready reference.

My experience of sixteen years of practice is that high blood pressure, angina pectoris, heart attack, gall stones are more common in non-vegetarians.

दि० 23-1-81 को **डा० राजकुमार** *M.B.B.S.* खुरई (सागर) लिखते हैं :—

मैंने नव जीव दया मण्डल, दिल्ली का पूरा साहित्य देखा और उससे अत्यन्त प्रभावित हुआ। मैंने अपनी डिस्पैन्सरी में नव जीव दया मण्डल के शाकाहारी भोजन के पक्ष में प्रसारित चार्ट लगा रखे हैं और दैनिक जीवन में भी शाकाहारी भोजन का प्रचार एवं मांसाहारी भोजन का सदैव विरोध करता हूँ. क्योंकि मेरा गत 15 वर्षों का अनुभव है कि मांसाहार एवं शराब का प्रयोग करने वालों को हाई ब्लड प्रैशर, दिल की बीमारी, गुर्दों की बीमारी तथा पथरी, शाकाहारियों की अपेक्षा अधिक होती है। मेरी शुभ कामना है कि नव जीव दया मण्डल—अपने उद्देश्य में शत प्रतिशत सफल हो और सम्पूर्ण भारत ही नहीं बल्कि विश्व पूर्णतः शाकाहारी हो जाए।

Dr. B. N. Upadhaya—Medical Officer, Chatta Hospital Agra

I was glad to see all the litrature published by Nav Jeev Daya Mandal Delhi (Regd.) regarding vegetarianism and Prohibition.

I was much impressed by the Food Value Chart and egg, fish and mutton charts which are full of poisonous therein materials.

The Charts, Posters, books. booklets are very useful, Scientific, instructive and attractive. They are really impressive and worth keeping in every house, hospital, institution, office & public place.

अजय आर्टस, वैदवाड़ा, दिल्ली-6

* सार्वजनिक सूचनार्थ *


NAFED (A Govt. of India Undertaking) 54, East of Kailash, New Delhi द्वारा

बिल्कुल झूठा प्रचार

अण्डे पेड़ पर लगते हैं, वे शाकाहारी होते हैं

TIMES OF INDIA-NEW DELHI-दि० 17-1-81 को पृष्ठ 14 पर छपा

अण्डों का पेड़



* इस मिथ्या प्रचार का जबर्दस्त विरोध करें *

अण्डे कभी भी पेड़ पर नहीं लग सकते इसलिए उनको शाकाहारी कहना उचित नहीं है। वे कभी भी फलों व सब्जियों के समान नहीं हो सकते। वे तो मुर्गी के पेट से ही निकलते हैं अतः वे सदैव मांसाहारी ही होते हैं। ऐसे मिथ्या, भ्रामक व धर्म विरोधी प्रचार का जबर्दस्त विरोध किया जाना चाहिए।

Dr. S. LAL M.D. (Medicine) **F.R.C.P.** (America)**-460, M.G. Marg, Indore** की

नई वैज्ञानिक खोज

शाकाहारी अण्डा अर्थात् मुर्गी का गर्भपात

मल मूत्र व खून से भीगा हुआ-बच्चा जिसमें नहीं निकलता

ऐसे घृणित अण्डे को कुछ व्यापारी अपनी बिक्री (सेल) को बढ़ाने के लिए 'शाकाहारी अण्डा' का उपनाम दे कर देश की भोली-भाली जनता को ठग रहे हैं। उनसे विशेष सावधान रहने की आवश्यकता है।

विशेष जानकारी के लिए लिखें :-

नव जीव दया मण्डल [रजि०]

1443, गली छीपियां, मालीवाड़ा, दिल्ली-110006

(H.O. 769-A, झील कुरंजा, दिल्ली-110051)

1980-81 में

Dr. S. LAL M.D. (Medicine) F.R.C.P. (America)-460, M.G. Marg, Indore की

नई वैज्ञानिक खोज

अण्डों में 6 प्रकार के विष



EGGS CONTAIN 6 KINDS OF POISONS

अण्डों में अब तक की हुई वैज्ञानिक खोजों के अनुसार निम्नलिखित 6 प्रकार के विष पाए गए हैं।

1. कोलेस्ट्रोल 2. डी डी टी 3. लाइपो प्रोटीन्स 4, सैच्युरेटिड फैटीएसिडस
5. एस० आर० फ्रेक्शन 10 से 20 तक 6. माइक्रोग्लोब्युलिनस

विषों का प्रभाव

अण्डों से दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर आदि

Eggs Cause Heart Disease, High Blood Pressure, Paralysis etc.

अण्डों में पाए गए 6 विषों के कारण शरीर में अनेक रोग जैसे दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर, लकवा, पित्ताशय में पथरी, जोड़ों में दर्द आदि पैदा होते हैं जिससे शरीर कमजोर हो जाता है, पाचन शक्ति नष्ट हो जाती है और आयु घट जाती है।

सैंकड़ों रोगों की जड़

अण्डों से अन्तड़ियों में सड़ान

Eggs Cause Putrefaction in the Intestines

अण्डों में शक्तिदायक तत्व-कार्बोहाइड्रेट्स और विटामिन सी बिल्कुल नहीं होते तथा कैलशियम व विटामिन बी कम्पलैक्स भी बहुत ही कम होते हैं इस कारण अण्डों से अन्तड़ियों में सड़ान पैदा होती है जो अनेक रोगों के बढ़ाने में सहायक होती है।

विशेष जानकारी के लिए लिखें :-

नव जीव दया मण्डल [रजि०]

1443, गली छीपियां, मालीवाड़ा, दिल्ली-110006

(H.O. 769-A, झील कुरंजा, दिल्ली-110051)

अजय आर्टस, वैदवाड़ा, दिल्ली

मार्च, 81

फोन नं० - ४५०

Rajghi
24.1.82

गीता प्रवचन स्वर्णमहोत्सव समिति, प्रस्थान आश्रम पठानकोट।

दिनांक - २१-१-८२

आदरणीय महोदय,

पंजाब गीता प्रवचन स्वर्णमहोत्सव समिति की १६-१-८२ आदमपुर दोआबा में बैठक का निमंत्रण आप की सेवा में पहले भेजा गया था परन्तु कुछ अनिवार्य कारणों से उस समय वह बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। गीताप्रवचन का ज्यादह से ज्यादह प्रचार प्रसार कैसे हो तथा अन्तरप्रान्तीय गीता प्रवचन स्वर्णमहोत्सव पदयात्रा के कार्यक्रम पर विचार करने के लिये अब उपरोक्त बैठक दिनांक ३१-१-८२ दोपहर १-०० बजे खादी सेवा संघ, खादी कोठी निकट रेल्वे गोदाम जालन्धर शहर में होगी। उपरोक्त सभा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है कृपया यथा समय भाग ले कर कृतार्थ करें। अपने कार्यक्रम की सूचना भेजियेगा।

विनीत,

(signature)

(यशपाल मित्तल)
संयोजक।

फोन नं० - ४५०

पंजाब गोरक्षा समिति , प्रस्थान आश्रम पठानकोट

दिनांक - २१-१-८२

मान्यवर ।

आगामी ३० जनवरी से २२ फरवरी तक गोरक्षा सौम्यसत्याग्रह के रूप में चलने वाले उपवासों की श्रृंखला कार्यक्रमों के लिये अपने क्षेत्र में सत्याग्रहियों की भर्ती तथा ज्यादा से ज्यादा केन्द्र स्थापित करने के लिये आप प्रयत्न शील होंगे । इस सिलसिले में आप की ओर से जानकारी की हम इंतजार में हैं । कृपया सब समाचार शीघ्र भिजवाने की कृपा करें ।

३० जनवरी प्रात: ८-०० बजे से सब स्थानों पर व्रतों का सिलसिला शुरू हो जायेगा । तब तक की अनुभवों के आदान प्रदान और आगे के कार्यों को प्रभावशाली बनाने के लिये आवश्यक विचार हेतु पंजाब गोरक्षा समिति की आवश्यक बैठक दिनांक ३१-१-८२ रविवार बाद दोपहर ३-०० बजे खादी सेवा संघ , खादी कोठी जालन्धर शहर में होगी । उसमें आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है कृपया यथा समय भाग लेकर कृतार्थ करें । अपने कार्यक्रम की जानकारी भेजियेगा ।

बैठक स्थान - खादी सेवा संघ , खादी कोठी

निकट - रेलवे गोदाम - जालन्धर शहर ।

विनीत ,

यशपाल मित्तल

(यशपालमित्तल)
प्रधान ।

30 जनवरी से 22 फरवरी 1982 तक

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह को सफल बनायें।

अखिल भारत कृषि गोसेवा संघ तथा भारत की अन्य गोप्रेमी संस्थाओं तथा सन्त साधुओं द्वारा संपूर्ण गोवंश की रक्षा के लिये सौम्यसत्याग्रह की घोषणा की गई है। इस सत्याग्रह के रूप में तारीख 30 जनवरी से 22 फरवरी 1982 (महाशिवरात्री) तक 2-2 दिन का उपवास (व्रत) श्रृंखला (**RELAY FAST**) का कार्यक्रम चलेगा।

परम श्रद्धेय श्री सन्त विनोवा भावे जी 30 जनवरी के दिन खुद अपने प्रतिकात्मक उपवास के द्वारा इस आयोजन का आरम्भ करेंगे।

पंजाब में यह कार्यक्रम पंजाब गोरक्षा समिति द्वारा पूरे प्रदेश भर में आयोजित किया जा रहा है। पंजाब के सभी गो-भक्त नर-नारियों, साधु-सन्तों, धर्मसम्प्रदायों और सभी तवकों और पक्षों के महानुभावों से पुरजोर अपील है कि वे इस सौम्य सत्याग्रह के कार्यक्रम में जी जान से भाग लें। अपने अपने क्षेत्र में बड़ी संख्या में व्रत करने वालों की भरती करें और ज्यादा से ज्यादा सत्याग्रह केन्द्र चलाकर इस महान यज्ञ को सफल बनायें और पुण्य के भागी बनें।

-: निवेदक :-

सत्गुर जगजीत सिंह भैनी साहिब	स्वामी सर्वानन्द दयानन्द मठ	जैनमुनि जनक बिजय
भगत पूर्ण सिंह पिंगल बाड़ा अमृतसर	वीरेन्द्र, प्रधान आर्यप्रतिनिधि सभा	रमेश चन्द्र पंजाबकेसरी
महन्त राम प्रकाश दास प्रधान विश्व हिन्दु परिषद	बाबू दलीप चन्द प्रा०, सरसंघ संचालक	गौरी शंकर ऋषि स्वतन्त्रता सेनानी
कपूर चन्द शास्त्री संगठन मंत्री विश्वहिन्दु परिषद	मित्रसेन अग्रवाल कार्य वाह आर एस एस	लक्ष्मीकान्ताचावला अ० भा० विद्यार्थी परिषद
डा० विद्याबती, प्रधान प्रान्तीय नशाबन्दी कौंसिल	सेठ शिव चन्द, प्रधान अग्रवाल सभा	सू० मेजर शाम लाल, प्रधान ब्राह्मण सभा
पं० उदय चन्द, प्रधान पंजाब खादी मण्डल	बनारसी दास गोयल संयोजक, पंजाब सर्वोदय मण्डल	स० उजागर सिंह बिलगा प्र० भारतीय शान्ति सेना पंजाब

यशपाल मित्तल प्रधान	चतुर्भुज मित्तल उपप्रधान	युगल किशोर गोयनका महामंत्री	पं० अमर नाथ शर्मा मंत्री

पंजाब गो—रक्षा समिति

नोट :- अधिक जानकारी और अपने कार्यक्रमों की सूचना के लिये पंजाब गोरक्षा समिति प्रस्थान आश्रम पठानकोट (फोन नं० 450) के पते पर सम्पर्क करें।

पंजाब गोरक्षा समिति, प्रस्थान आश्रम, पठानकोट

३० जनवरी से २२ फरवरी तक के गोरक्षा - सौम्य सत्याग्रह - के लिये

- आवश्यक - सूचनायें -

३० जनवरी का दिन समीप आ गया है, जबकि पूरे देश में इस पुण्य कार्य के लिये श्रृंखला (वारी वारी से) उपवासों का क्रम चालू हो जायेगा। इस सिलसिले में कुछ आवश्यक सूचनायें और सुझाव निम्नानुसार हैं।

१) यह सत्याग्रह किसी पार्टी या सरकार के विरुद्ध नहीं है। सौम्य सत्याग्रह के रूप में सर्वशक्तिमान प्रभु के दरबार में गोमाता की रक्षा के लिये प्रार्थना करने, आवश्यक चेतना एवं जनजागरण की बात है।

२) जहाँ यानी सत्याग्रह का केन्द्र कोई सार्वजनिक स्थान, मन्दिर-धर्मशाला आदि चुना जाये वहाँ गोमाता की महत्ता तथा गोरक्षा और गोहत्याबंदी के मोटो आदि भी सजाये जायें। सत्याग्रहियों के अतिरिक्त उन के पास आने वाले गोप्रेमी भाई - बहनों के बैठने और सत्याग्रहियों के रात को सोने आदि के लिये समुचित प्रबन्ध हो।

३) सत्याग्रह स्थान पर दो समय प्रार्थना, दिन में हो सके तो कुछ देर के लिये कथा-वार्ता आदि का भी आयोजन हो जिस से वहाँ का वातावरण आध्यात्मिक बना रहे।

४) एक केन्द्र पर प्रतिदिन कम से कम ५ सत्याग्रही भाई-बहिन उपवास करें। जो व्यक्ति हो सके तो पूरे ४८ घण्टे व्रत करें। उसमें दिक्कत हो तो कम से कम २४ घण्टे का व्रत जरूरी है। फिर उनका स्थान दूसरे सत्याग्रही ले लेवें।

५) व्रत का समय प्रतिदिन प्रातः ८-०० से दूसरे दिन प्रातः ८-०० बजे तक का होगा।

६) सत्याग्रह में शामिल होने के लिये पूज्य विनोबा जी के इलावा देश भर की प्रायः सभी गोसेवक और धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं और सन्तों महात्माओं की ओर से अपील निकाली गई है। उसी तरह पंजाब के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक नेताओं और संस्थाओं ने बयान दिया है - अखबार भी सहयोग दे रहे हैं। इसी नमूने पर आप अपने इलाके के सब तबकों के खास खास व्यक्तियों की ओर से अपील निकाल सकते हैं। (वैसी कोई अपील छपे तो उसकी प्रति हमें भी भेजिये)। इस अपील में केन्द्रों के स्थान और संयोजकों के पते भी छापिये जिससे सत्याग्रह के इच्छुक नर नारियों को अपने नाम देने में सुविधा हो।

७) सत्याग्रह और केन्द्रों की जानकारी तथा सत्याग्रह प्रेरणा के लिये एक से अधिक बार मुनादी भी करवाईये। उससे काफी मदद मिल सकती है।

८) सत्याग्रह के खास खास समाचार और खास खास सत्याग्रहियों के नाम आदि बीच बीच में हमें और प्रैस को भेजते रहिये ताकि उन का व्यापक प्रचार हो सके।

९) इन के इलावा भी आप के ध्यान में कोई सुझाव हो तो कृपया उनकी जानकारी हमें भी दें ताकि उस से दूसरे केन्द्रों में भी लाभ उठाया जा सके।

यशपाल मित्तल (हस्ताक्षर)

(यशपाल मित्तल)
प्रधान।

फोन नं - ४५०

पंजाब गौरक्षा समिति , प्रस्थान आश्रम पठानकोट

दिनांक - २१-१-८२

मान्यवर ।

आगामी ३० जनवरी से २२ फरवरी तक गौरक्षा सौम्यसत्याग्रह के रूप में चलने वाले उपवासों की श्रृंखला कार्यक्रमों के लिये अपने क्षेत्र में सत्याग्रहियों की भर्ती तथा ज्यादा से ज्यादा केन्द्र स्थापित करने के लिये आप प्रयत्न शील होंगे । इस सिलसिले में आप की ओर से जानकारी के हम इंतजार में हैं । कृपया सव समाचार शीघ्र भिजवाने की कृपा करें ।

३० जनवरी प्रातः ८-०० वजे से सव स्थानों पर व्रतों का सिलसिला शुरू हो जायेगा । तव तक के अनुभवों के आदान प्रदान और आगे के कार्य को प्रभावशाली वनाने के लिये आवश्यक विचार हेतु पंजाब गौरक्षा समिति की आवश्यक वैठक <u>दिनांक ३१-१-८२ रविवार वाद दोपहर ३-०० वजे खादी सेवा संघ , खादी कोठी</u> जालन्धर शहर में होगी । उसमें आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है कृपया यथा समय भाग लेकर कृतार्थ करें । अपने कार्यक्रम की जानकारी भेजियेगा ।

वैठक स्थान - खादी सेवा संघ , खादी कोठी
निकट - रेल्वे गोदाम - जालन्धर शहर ।

विनीत ,

यशपाल मित्तल

(यशपालमित्तल)
प्रधान ।

गढ़ु अंदिरा
2.1.82

गोरक्षा सौम्य-सत्याग्रह को सफल बनावें

३० जनवरी से २२ फरवरी

अ. भा. कृषि-गोसेवा संघ अेवं भारत की अन्य गो-प्रेमी संस्थाओं तथा संत-साधुओं द्वारा संपूरण गोवंश की रक्षा के लिये सौम्य सत्याग्रह की घोषणा की गअी है। ता. ३० जनवरी बापू निरवाण दिन से २२ फरवरी १९८२ कस्तूरबा निरवाण दिन (महाशिवरात्रि) तक दो-दो दिन की अुपवास शृंखला का कार्यक्रम सौम्य सत्याग्रह के रूप में चलना है।

बाबा स्वयं ३० जनवरी के दिन प्रतीकात्मक अुपवास के द्वारा अिस आयोजन का आरंभ करेगा। बाबा आशा करता है कि भारत के साधु-संत अेवं राष्ट्रपति से लेकर सभी धरम, संप्रदाय तथा पक्षों के भाअी बहनें गोरक्षा के अिस मंगल आयोजन में शरीक होकर अिसे सफल बनावेंगे।

बाबा की शुभकामना

मंगलवार } राम. हरि

२९. १२. १९८१

गोरक्षा की मांग बुलन्द

३० जनवरी और बाईस फरवरी चूल्हा बन्द

होवे भारत में आनन्द। जय गोमाता ! जय गोमाता !!

३० जनवरी को पूज्य विनोबा के आश्रम परंधाम-पवनार और पूज्य महात्मा गांधी समाधि राजघाट नई दिल्ली पर सामूहिक प्रार्थना—उपवास द्वारा इस गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह का आरम्भ होगा। भारत वर्ष के सभी साधु-सन्त-महात्मा गोप्रेमी संस्थाओं से निवेदन है कि वह अपने-अपने आश्रम केन्द्रों व नगरों में उपवास-प्रार्थना द्वारा भारत में सम्पूर्ण गोवंश की रक्षा हेतु स्वयं इस सौम्य सत्याग्रह का आरम्भ करके जनता को जाग्रत करें। (पीछे देखिये)

विश्व शान्ति-विश्व कल्याण हेतु
भारत में सम्पूर्ण गोवंश की रक्षा हो।

संत बिनोवा भावे का भारतवर्ष को संदेश

१--गाय हमारी माता है। गो-हत्या मातृ हत्या है।
२--गोहत्या बन्दी भारतीय संस्कृति का आदेश है।
३--यह भारतीय संविधान का निर्देश है।
४--उसके लिये भारत सरकार वचन वद्ध है।
५--और भारतीय संसद् का संकल्प है।

इसलिए सारे भारतवर्ष में तुरन्त गोहत्या वन्दी होनी चाहिये।

-: आशीर्वाद :-

योगीराज देवराहा बाबा—विनोबा मेरी आत्मा हैं। हण्डिया चढ़ी रहे, गोहत्या बन्द होकर रहेगा।

मां आनन्दमयी—राष्ट्रसंत विनोबा को माँ आनन्दमयी का शुभाशीर्वाद ! गोरक्षा के लिये संगठन, अनुष्ठान, बलिदान एवं त्याग, तपश्या चाहिये।

श्री करपात्री जी महाराज—गोवंश की रक्षा होने से ही सब अनर्थों का निवारण एवं राष्ट्र का कल्याण होगा। ३० जनवरी से २२ फरवरी १९८२ तक होने जा रहे, गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह के लिये (सन्त विनोबा जी को) हमारा हृदय पूर्वक का साथ एवं आशीर्वाद है। इति शुभम्

जगद्गुरु शंकराचार्य
श्री निरंजनदेव, तीर्थ (पुरी)
जगद्गुरु शंकराचार्य
श्री स्वरूपानन्दजी (जोशी मठ)
स्वामी गंगेश्वरानन्द जी
स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती
बाबा सीताराम ओंकारनाथ, बंगाल
स्वामी रामसुखदास जी, बीकानेर
ऐलाचार्य मुनि विद्यानन्द जी
आचार्य आनन्दऋषि जी
मुनि सन्तबाल जी चिंचणी,
श्री प्रभुदत्तजी ब्रह्मचारी, प्रयाग
आचार्य श्री सुशील कुमार जी
आचार्य श्री तुलसीजी लाडनू,
आचार्य विजय जयदेव सूरी जी
स्वामी नन्दनन्दनानन्द जी महाराज
श्री योगीराज हैडाखान, हल्द्वानी
स्वामी चिदानन्दजी, ऋषिकेश
स्वामी प्रकाशानन्द जी,
स्वामी कल्याणदेव मुजफ्फर नगर
महामंडलेश्वर वेदव्यासानन्द जी
वीणामहाराज बद्रीनाथ
श्री प्रथमेश जी महाराज
स्वामी विश्वेश्वर तीर्थ पेजावर मठ
विश्वगुरु मुनीशानन्द जी
स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी
शास्त्री कृष्णशंकर जी
स्वामी सत्य मित्रानन्द गिरी
मुनि ज्ञानचन्द जी
साधु वालदास जी महाराज

सद्गुरु जगजीतसिंह जी, भैनी साहेब
हरिभक्त धुंडा महाराज
हरिभक्त अप्पा साहेब वास्कर
स्वामी रामचन्द्र वीर
श्री शरदबल्लभा बेटी जी
श्री भादरिया महाराज जेसलमेर
आचार्य श्री धर्मेन्द्र विराटनगर
महन्त श्री अवैधनाथ जी
साध्वी श्री मृगावति जी
आचार्य कुल पवनार वर्धा
आचार्य दादा धर्माधिकारी
श्री शारदा माता जी
स्वामी श्रद्धानाथ जी लछमनगढ़
गणिवर्य मुनि जनकविजयजो
स्वामी देवमूर्ति, रोहतक
सन्त देवकी जी मानव सेवा संघ
आचार्य रामकिशोरजी रामस्नेही
आचार्य इन्द्रदिन सूरीजी
श्री बालासाहेब देवरस, सरसंघचालक
डा० कर्णसिंह अध्यक्ष विराट हिन्दू समाज
भारतीय विद्या भवन
सुश्री विमला बहन ठकार
गुलाम रसूल कुरेशी साबरमती
श्री रुक्मणि देवी अरुण्डेल
श्री नूरुद्दीन जे० मवानी गोवा,
श्री महबूबखां गोरक्षासंघ लोहरदगा
स्त्री शक्ति जागरण पवनार वर्धा
भारतीय शान्ति सेना पवनार
खादी मिशन पवनार वर्धा
श्री राजेन्द्रसिंह सर कार्यवाह

* निवेदक *

तुलसीदास विश्राम — विश्वम्भर प्रसाद शर्मा — रामगोपाल शालवाले
ठाकुरदास बंग — मानव मुनि — किशनलाल कटपीसवाले

संयोजक:—**राधाकृष्ण बजाज : योगी शान्ति स्वरूप**, गोपुरी (वर्धा) महाराष्ट्र

(अध्यक्ष हिन्दू विराट समाज के सौजन्य से) — सार्वदेशिक प्रेस, नई दिल्ली-२ से मुद्रित

मुंबई कतलखाने पर सत्याग्रह

(संत विनोबा का आदेश)

पू० बाबा को दो दिन से अचानक नई प्रेरणा हुई है। श्री अण्णा जाधव ने गोसेवा सम्मेलन का रिपोर्ट पू० बाबा को दिया था। उसमें लिखा था कि गोमांस गाय का दाना-भूसा यहां तक कि गोबर भी विदेशों में निर्यात होता है। उसे पढ़ते ही पू० बाबा ने उस वाक्य के नीचे अंडरलाईन करके कहा कि, इस निर्यात के खिलाफ तुरंत सत्याग्रह होना चाहिए। दोरोज पहिले ही सत्याग्रह के बदले प्रचार-प्रसार करने की सलाह देने वाले बाबा के मन में एकदम सत्याग्रह की प्रेरणा होना, ईश्वरी संकेत ही मानना चाहिए।

इस विषय में दो-तीन दिन से काफी विचार-विनिमय और चर्चायें होकर अंतिम निर्णय हुआ है कि प्रथम सत्याग्रह, बंबई के देवनार कतलखाने पर किया जाय। यह सत्याग्रह पू० बाबा की ओर से भारतीय शांति सेना चलावे इस आदेश के अनुसार भारतीय शांति सेना के संयोजक श्री अच्युतभाई देशपांडे १५ कार्यकर्ताओं का जत्था लेकर तीन जनवरी को बंबई पहुंच गये हैं। मुंबई में तय होगा कि सत्याग्रह कब से आरंभ हो।

सुप्रीमकोर्ट का निर्णय है कि १५ साल की उम्र के बाद या निकम्मा होने पर बैल की कतल की जा सकती है। पांच साल के अनुभव से दिखा दिया है कि यह अव्यवहार्य है। इतनी सी छूट के कारण चाहे जिस उम्र के जवान-जवान बैलों की कतल होती है। यहां तक कि बैलों के नाम पर गायों की भी कतल हो रही है। ऐसी अवैध गैरकानूनी कतल सारे भारत में जगह-जगह चालू है। उसे रोकने के लिए यह आवश्यक है कि गाय बैल दोनों याने संपूर्ण गोवंश की कतल पूर्णतया रोकी जाय, उसके बिना गोवंश का बचना संभव नहीं।

पू० बाबा की बुनियादी मांग सदा से यही थी कि संपूर्ण गोवंश की हत्या बंद हो, नरमादा दोनों की रक्षा हो। भारतीय संस्कृति में दोनों का समान आदर है। फिर भी सत्याग्रह की शर्त कम से कम रहे इस दृष्टि से सुप्रीमकोर्ट की मर्यादा मानली थी। लेकिन इस बार स्पष्ट कर दिया है कि सुप्रीमकोर्ट की मर्यादा मान्य नहीं है। संपूर्ण गोवंश (गाय-बैल दोनों) की हत्याबंद होनी चाहिए।

सौम्य सत्याग्रह के बाद आगे क्या कदम रहे इसकी शुरूवात अभी से हो रही है। इस अनुभव पर से आगे का मार्ग स्पष्ट होता जावेगा। इस सत्याग्रह से सौम्य सत्याग्रह को बल ही मिलेगा। दो दो दिन की उपवास श्रृंखला का काम तेजी के साथ बढ़ना चाहिए। प्रथम पंक्ति के लोगों को मुंबई सत्याग्रह में जाना आवश्यक हो जाय तो दूसरी और तीसरी पंक्ति के कार्यकर्ताओं को सौम्य सत्याग्रह का काम उठा लेना चाहिए।

अ०भा० कृषि गोसेवा संघ
गोपुरी- वर्धा, ४-१-८२

(राधाकृष्ण बजाज)
महामंत्री

Rec 27.1.82

बुक-पोस्ट.

श्री जगदीश सिंहजी
श्री भैनीसाहेब जि. लुधियाना (पंजाब)

अ. भा. कृषि गो-सेवा संघ,
गोपुरी (वर्धा) 442114

।। श्री सतिगुरू, राम सिंह जी सहाय ।।

गुरद्वारा श्री जीवन नगर
सिरसा

सम्मान योग्य श्री राधा कृष्ण जी,

आप का १२-११-८१ का पत्र उसके साथ 'गौ रक्षा सौम्य सत्याग्रह' और २५ से २७ दिसंबर तक किये जा रहे गौ सेवा सम्मेलन का निमंत्रण भी मिला। आप के इस शुभ कार्य के लिये श्रेय आप को ही है। मेरी ओर से धन्यवाद।

"सदगुरू" शब्द केवल श्री सतगुरू जगजीत सिंह जी, जो हमारे सदगुरू (सतगुरू) हैं, उन ही के लिये है। मैं, अथवा और कोई व्यक्ति इस उपाधी का अधिकारी नहीं है। मैं सेवक के रूप में रह सकूं यही मेरे लिये सौभाग्य की बात है।

देश का दुरभागय है कि गौ-हतया तथा जीव घात अधिक से अधिक होने लगा है। न होने वाली बातें हो रही हैं जिन को देख सुन कर मन दुखी हो रहा है। श्री सतगुरू जी के आदेशानुसार हम नामधारी प्रात:, व सायं काल नितप प्रारथना करते है कभी कभी यगय भी करते हैं कि गौ गरीब की रक्षा हो। गाय गरीब की रक्षा की प्रार्थना हमारे नितप कार्यक्रम मे सदा के लिये है।

गौ सेवा सम्मेलन का आप का निमंत्रण श्री सतगुरू जी की सेवा में भेज रहा हूं। उनके आदेश आने पर मैं या कोई इस सम्मेलन मे भाग ले सकेगा।

तार-'सर्वसेवा'

[illegible] 17-11-81

फोन } दफ्तर : २३६५
} निवास: २५६३

आखिल भारत कृषि-गोसेवा संघ
AKHIL BHARAT KRISHI-GOSEVA SANGH
GOPURI, WARDHA, 442001 (Maharashtra)

गोपुरी, वर्धा (महाराष्ट्र)

पत्र क्रमांक- 2920/81-82

दिनांक : १२-११-८१

आदरणीय सद्गुरु बीरसिंहजी,

सादर प्रणाम। आपका कार्तिक १३ का पत्र मिला। साथमें चंडीगढ पशुपालन निर्देशक की नकल मिली। मंडी डब्वाली के बैलों का केस अभी चल रहा है यह जानकर संतोष हुआ। आप लोगों के प्रयास से यह सारा हो रहा है।

साथ में गोसेवा सम्मेलन पवनार का निमंत्रण भेज रहा हूं। सम्मेलन में अवश्य पधारियेगा। गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह का पत्रक भी साथ है। गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह के निमित्त सभी नामधारी स्त्री-पुरूष इन उपवासों में भाग ले सकेंगे ऐसा मानता हूं।

आशा है आप स्वस्थ्य होंगे।

आपका

राधाकृष्ण बजाज

(राधाकृष्ण बजाज)

श्री० सद्गुरु बीरसिंहजी,

१) नामधारी फार्म बिहादी
पी०-५६२१०९

✓ २) गुरूद्वारा श्री जीवन नगर
जिला-सिरसा (हरियाणा) १२५०७५

गो-रक्षा सौम्य सत्याग्रह

(३० जनवरी से २२ फरवरी १९८२ तक)

इस अवधि में अपने-अपने क्षेत्र में समिति बनाकर गो-रक्षा हेतु दो-दो दिन का उपवास कीजिए।

सन्त विनोबा का सन्देश

"गाय हमारी माता है। गो-हत्या मातृ हत्या है।।
१—गो-हत्या बन्दी भारतीय संस्कृति का आदेश है।
२—यह भारतीय संविधान का निर्देश है।
३—उसके लिए भारत सरकार वचनबद्ध है।
४—और भारतीय संसद् का संकल्प है।
इसलिए सारे भारत में तुरन्त गो-हत्या बन्दी होनी चाहिए।"

गो-रक्षा सौम्य सत्याग्रह

गौ रक्षार्थ प्रथम कदम के तौर पर भगवान् के दरबार में सौम्य सत्याग्रह करना तय हुआ है। यह सत्याग्रह महात्मा गांधी निर्वाण दिवस ३० जनवरी, १९८२ से माता कस्तूरबा गांधी निर्वाण दिवस २२ फरवरी, १९८२ तक २४ दिन चलाया जायेगा। सौम्य सत्याग्रह में दो-दो दिन के उपवासों की शृंखला चलेगी, हरेक व्यक्ति को पूरे दो दिन का उपवास करना है। उपवास में पानी, नीबू, सोडा ले सकते हैं। तन से उपवास, मन से प्रार्थना और धन के प्रतीक स्वरूप यथाशक्ति दान देकर तन, मन, धन तीनों से इस अभियान में सहयोग देना है।

१—सर्व समर्थ विश्व नियन्ता प्रभु से प्रार्थना है कि वह गोरक्षा एवं मानव समाज की रक्षा करे।

२—भारत सरकार से प्रार्थना है कि वह ग्रामीण अर्थ तन्त्र को टूटने से बचाने के लिये केन्द्रीय गोवंश हत्याबन्दी कानून बनाकर सम्पूर्ण भारत में गोरक्षा करे।

३—भारत की कोटि-कोटि जनता से प्रार्थना है कि वह सुस्ती और उदासीनता छोड़कर जागृत हो एवं सक्रिय होकर गोरक्षा करे, ताकि भारतीय संस्कृति की रक्षा हो।

उपरोक्त त्रिविध प्रार्थना के लिये यह सौम्य सत्याग्रह रहेगा। दिन भर के कार्यक्रमों में भगवत् भजन, चिन्तन अधिक हो। कुछ समय गोसेवा के शास्त्रीय ज्ञान के लिये रहे। सत्याग्रह जितना शुद्ध सात्विक रहेगा, उतना ही तेजस्वी होगा। सत्याग्रह जितना व्यापक होगा, उतना ही असरकारक होगा। कम से कम १० हजार केन्द्रों में ५ लाख व्यक्ति उपवास करें, तो यह प्रार्थना भगवान, सरकार और जन-मानस तक अवश्य पहुंचेगी।

केन्द्र कायम करना

यह सौम्य सत्याग्रह भगवत् प्रार्थनामय है। इसमें जाति-पांति, पंथ, धर्म या किसी पक्ष-विशेष का कोई भेद नहीं होगा। गोमाता सबको दूध पिलाती है। उसकी सेवा करना मानव मात्र का धर्म है। जहां भी ६० या अधिक उपवास दानी तैयार हों वहीं केन्द्र कायम किया जा सकेगा। रोजाना कम से कम ५ व्यक्ति साथ बैठ सकें, स्थान सबके अनुकूल हो। गांव वाले या मोहल्ले वाले स्वयं गोरक्षा समिति बनाकर, सौम्य सत्याग्रह का अभियान चला सकते हैं। समिति के कम से कम ५ सदस्य हों, उनमें एक संयोजक हो, समिति कायम करके उसकी सूचना जिला समिति, प्रदेश समिति तथा केन्द्रीय समिति, कृषि गोसेवा संघ, गोपुरी, वर्धा को दी जावे।

अर्थ व्यवस्था

गांव समिति अपना खर्च स्वयं करे। प्राप्त दान में से आधा दान केन्द्रीय समिति को वर्धा भेजियेगा। आधे दान के खर्च का हिसाब बराबर रखा जाय। २५०) से अधिक दान देने वाले को आयकर से छूट का प्रमाण-पत्र चाहिये तो वे दान सीधा वर्धा भेजें। किसी खास क्षेत्र में खर्च करना हो तो क्षेत्र का नाम भी लिख दिया जाय, ताकि रकम उसी क्षेत्र के लिये सुरक्षित रहे।

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह की सफलता के लिये देश भर की जनता का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। सभी सन्त-महन्तों एवं प्रमुख नागरिकों से प्रार्थना है कि फरवरी, ८२ तक का अपना पूरा समय इस आयोजन के प्रचार-प्रसार में लगावें। हमें आशा है कि भारत की कोटि-कोटि जनता लाखों में ही नहीं, करोड़ों की संख्या में उपवास दान के लिये आगे बढ़ेगी।

आशीर्वाद प्राप्त हैं

विनोबा मेरी आत्मा है। हण्डिया चढ़ी रखे, गोहत्या बन्द होकर रहेगी। —योगीराज देवराहा बाबा

राष्ट्र-सन्त विनोबा को मां आनन्दमयी का शुभाशीर्वाद।

गोरक्षा के लिये संगठन, अनुष्ठान, बलिदान, एवं त्याग-तपस्या चाहिये। —मां आनन्दमयी

१—स्वामी करपात्री जी महाराज
२—जगद्गुरु शंकराचार्य श्री निरंजन देव, तीर्थ (पुरी)
३— ,, ,, ,, स्वरूपानन्द जी (जोशी मठ)
४—स्वामी नन्दनन्दनानन्द जी महाराज
५—आचार्य श्री तुलसीजी लाडनू, ६—मुनि श्री सुशील कुमार जी
७—मुनि सन्तवाल जी चिंचणी, ८—बाबा सीताराम ओंकारनाथ, बंगाल
९—स्वामी गंगेश्वरानन्द जी १०—स्वामी चिदानन्दजी, ऋषिकेश

११—स्वामी अखण्डानन्द जी, १२—स्वामी रामसुखदास जी, बीकानेर
१३—स्वामी प्रकाशानन्दजी, १४—श्री प्रभुदत्तजी ब्रह्मचारी प्रयाग
१५—शास्त्री कृष्णशंकर जी १६—मुनि ज्ञानचन्द जी, महाराज
१७—स्वामी सत्य मित्रानन्द जी १८—श्री योगीराज हैडाखान, हल्द्वानी
१९—स्वामी कल्याणदेव मुजफ्फर नगर
२०—साधु बालदास जी महाराज कच्छी आश्रम हरिद्वार
२१—सद्गुरु जगजीतसिंह जी, सैनी साहेब
२२—हरिभक्त धुंडा महाराज देगलूरकर
२३—हरिभक्त अप्पा साहेब वास्कर, २४—स्वामी रामचन्द्र वीर
२५—श्रीमति शरदवल्लभा बेटी जी, २६—सुश्री विमला बहन ठकार
२७—श्री भादरिया महाराज २८—गुलाम रसूल कुरेशी साबरमती
२९—श्री नूरुद्दीन जे० मवानी गोवा, ३०—रुक्मणि देवी अरुण्डेल
३१—पं० भगवानदत्त जोशी, सनातन धर्म महामण्डल
३२—स्वामी श्रद्धानाथ जी महाराज लक्ष्मणगढ़
३३—महन्त श्री अवैधनाथ जी महाराज, गोरखपुर

❋ निवेदक ❋

तुलसीदास विश्राम
कार्याध्यक्ष, कृषि गो-सेवा संघ गोपुरी, वर्धा

विश्वम्भर प्रसाद शर्मा
महामन्त्री, भारत गो-सेवक समाज

ठाकुरदास बंग
अध्यक्ष, सर्व सेवा संघ

आचार्य श्री धर्मेन्द्र
महामन्त्री, गो-रक्षा समन्वय समिति

मानव मुनि
संयोजक, सन्त सेवक समुद्यम परिषद्

अच्युत भाई
संयोजक, भारतीय शान्ति सेना

किशनलाल कटपीस वाले
महामन्त्री, सर्वदलीय गो-रक्षा महाभियान समिति

रामगोपाल शालवाले
अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा

राधा कृष्ण बजाज
संयोजक

गो सेवा सम्मेलन

२५, २६, २७ दिसम्बर १९८१ को सन्त विनोबा जी के सानिध्य में पवनार वर्धा में गो-सेवा सम्मेलन होगा। गोसेवा में रुचि रखने वाले सभी भाई-बहन आमन्त्रित हैं। रेलवे कन्सेशन के लिए गोपुरी-वर्धा से सम्पर्क करें।

गोहत्या निवारण एवं समग्र गो रक्षण की मांग

१—सम्पूर्ण गोवंश हत्याबन्दी का केन्द्रीय कानून बने।
२—कानून का अमल कड़ाई से हो।
३—गाय, भैंस दोनों के मांस का निर्यात पूर्णतः बन्द हो।

४ - गो सदनों की समुचित व्यवस्था हो। समाज और सरकार दोनों मिल कर भार उठावें।

५—गो सदनों के लिए बाजारों पर आवश्यक लाग बाग लताई जाय।

६—दानदाताओं को आयकर में शत प्रतिशत छूट हो।

७—गो-संवर्धन की नीति सर्वांगी नसल तैय्यार करने की हो ताकि बछड़ा खेती-जोत के लिए उत्तम बैल बने एवं बछड़ी उत्तम दुधारू गाय हो।

८—फूड प्लानिंग की तरह फ़ाडर प्लानिंग भी हो, ताकि चारा दाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सके।

९—गोचर भूमियां सुरक्षित रहें।

१०-खली का निर्यात बन्द हो।

११-अखाद्य वस्तु जैसे पेपर आदि में पशु-खाद्य चारे का उपयोग बन्द हो।

१२-शुद्ध गो-दूध को, शुद्ध भैंस दूध के बराबर भाव मिले। फैट प्रतिशत पर भाव निर्धारण की पद्धति तुरन्त बन्द हो।

१३-यन्त्रचालित ट्रक-ट्रैक्टर आदि तथा बैलगाड़ी-बैलजुताई आदि में इस प्रकार की मर्यादा बांधी जाय कि आपस में स्पर्धा न होकर एक-दूसरे के पूरक बनें।

नोटः—यदि आप उपर्युक्त विचारधारा से सन्तुष्ट हैं और उपवास में योगदान देने का संकल्प करें तो कृपया निम्नांकित पत्र द्वारा अपनी स्वीकृति अविलम्ब भेजने का कष्ट करें।

सेवा में

महामन्त्री,

कृषि गो सेवा संघ, गोपुरी

(वर्धा) महाराष्ट्र

महोदय,

मैं गो-रक्षा 'सौम्य सत्याग्रह' की शृंखला में योगदान देने के लिये तैय्यार हूं और .... तिथियों को .... स्थान पर निश्चितरूप से दो दिवस का उपवास करने का संकल्प लेता हूं।

भवदीय

नाम..

घर का पता..

कार्यालय का पता..

टेलीफोन घर.................. कार्यालय..................

सार्वदेशिक प्रेस, नई दिल्ली-२

दीपावली की शुभ कामना

गाय बचाओ - देश बचाओ

परम प्रिय बहनो और भाइयो,

सबको दीपावली के प्रणाम । आज देश में बहुत ही भयावह स्थिति है, दीपावली के दीये बुझने की बारी है । गाय, बैल, बछडे, बछडियों की बेतहाशा कतल हो रही है । अरब देशों में गोमांस के भाव बेहद बढ़ गये हैं, जिनके कारण जिंदी गाय से मरी गाय की कीमत अधिक मिलने लगी है । यह पापाचार मांस के व्यापारी करते हैं जिनमें हिंदू-मुसलमान-ईसाई सभी हैं ।

जनम से लेकर मरने तक गाय मानव की सेवा करती है । घी, दूध तो देती ही है, खेती के लिए बैल देती है, भूमि के लिए उत्तम खाद (खाना) देती है, भोजन पकाने के लिये उर्जा देती है एवं मरने पर भी चमड़ा हड्डी देती है । वह महान परोपकारी गाय नष्ट होने जा रही है । उसके नष्ट होने से भारत की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था टूटेगी और साथ ही भारतीय संस्कृति का भी विनाश होगा । आज अत्यंत दुखद, वेदनामय परिस्थिति है । परिस्थिति बलिदानों की मांग कर रही है ।

संत-सज्जन एवं गोसेवकों ने तय किया है कि प्रथम कदम के तौर पर भगवान के दरबार में सौम्य सत्याग्रह किया जाय । बापू निर्वाण दिवस ता. ३० जनवरी से माता कस्तूरबा गांधी निर्वाण दिवस ता. २२ फरवरी १९८२ तक २४ दिन चलाया जायेगा । सौम्य सत्याग्रह में दो-दो दिन के उपवासों की श्रृंखला चलेगी । हरेक व्यक्ति को पूरे दो दिन का उपवास करना है । तन से उपवास, मन से प्रार्थना और धन के प्रतीक स्वरूप यथाशक्ति दान देकर तन-मन-धन तीनों से इस अभियान में सहयोग देना है ।

नम्र निवेदन है कि गोमाता को बचाने के लिए दो दिन का पूरा उपवास करके उसका पुण्य गाय को दीजिये, एवं दीपावली के बुझते दीये को बचाइये ।

अ. भा. कृषि गोसेवा संघ, गोपुरी-वर्धा
फोन : निवास – २५६३

राधाकृष्ण बजाज
ता. २८-१०-१९८१

गोसेवा सम्मेलन पवनार, वर्धा

ता. २५, २६, २७ दिसंबर को पू. विनोबाजी के सानिध्य में पवनार, वर्धा में गोसेवा संमेलन होगा। सभी गोप्रेमी आमंत्रित हैं। रेल्वे कंसेशन रु ५) भेजकर गोपुरी-वर्धा-से प्राप्त कर सकते हैं।

—मंत्री

सन्त विनोबा जी के सानिध्य में
गोसेवा सम्मेलन पवनार-वर्धा
दिनांक २५, २६, २७ दिसम्बर १९८१
निमन्त्रण-पत्र

अखिल भारतीय कृषि गोसेवा संघ
गोपुरी (वर्धा)

दिनांक १९८१

आदरणीय महोदय,

भारत देश की आर्थिक व्यवस्था तथा संस्कृति को विनाश से बचाने के लिये सारे भारतवर्ष में सम्पूण गोवंश का केन्द्रीय कानून बनाने एवम् बने हुए कानून के अनुपालन में प्रशासनिक उदासीनता व अकर्मण्यता के दूर करने में ज़ोरदार कदम उठाना है।

महान् विचारक, सन्त विनोबाजी द्वारा दी गई दिशा के लिये भारतीय जनमानस में जागृति एवम् जीवन की बाज़ी लगाने वाले क्रांतिकारियों की अत्यन्त आवश्यकता है।

भारत के कुछ तपस्वी सन्तों ने 'सौम्य सत्याग्रह' प्रारम्भ करने के पहले कदम का प्रभावी निर्णय लिया है। इसके अनुसार महात्मा गांधी जी के निर्वाण दिवस ३० जनवरी, ८२ से माता कस्तूरबा निर्वाण दिवस २२ फरवरी १९८२ तक २४ दिन के निरन्तर दो-दो दिन के देशव्यापी उपवासों की शृंखला चलेगी। तन से उपवास, मन से प्रार्थना और धन का दान देकर तन-मन-धन का समन्वित सहयोग देना होगा। कम से कम ५ लाख व्यक्तियां द्वारा भाग लेना अपेक्षित है।

इस पावन कार्य में सफलता के लिये आपका आशीर्वाद प्राप्त है, ऐसा हमें विश्वास है। अपने दैनिक प्रवचनों में इस 'सौम्य सत्याग्रह' को उचित स्थान प्रदान करने की कृपा करें।

साथ ही इस सत्याग्रह से पूर्व, देशव्यापी गोवध बन्दी के सम्बन्ध में

शुक्र, शनि व रविवार दिनांक २५, २६ व २७ दिसम्बर १९८१

को पवनार-वर्धा में संत विनोबा जी के सानिध्य में बृहद् गोसेवा सम्मेलन होगा।

गोवंश पर आये इस संकट के परिप्रेक्ष्य में भारत के समस्त धर्म व मत-मतान्तरों के अनुयायियों को जागरूक करने की योजना तैयार करने के लिये इस सम्मेलन में स्वयम् आपका भाग लेना प्रार्थनीय है। भारत के सभी सन्त पथ-प्रदर्शन करें, इस मनोकामना के साथ सम्मेलन में पधारने के लिये आप सादर आमन्त्रित हैं।

यात्रा के लिये, रेलवे कन्सेशन प्राप्त है। कृपया अपने साथियों के साथ अपने आगमन की स्वीकृति व पहुंचने के समय से शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें ताकि रेलवे कन्सेशन फ़ार्म भेजा जा सके।

सेवा में सद्गुरु बीरसिंह जी

भवन्निष्ठ

रा. बजाज

(राधाकृष्ण बजाज)

महामन्त्री

28.1.82

गोसेवा सम्मेलन का निवेदन

३० जनवरी से २२ फरवरी तक दो दो दिन के उपवास हों

संत विनोबाजी के सान्निध्य में पवनार (वर्धा) में आयोजित गोसेवा संमेलन ता. २५, २६ दिसंबर १९८१ को हुआ। पूरे भारत से प्रतिनिधि आये। दो दिन तक गोरक्षा के प्रश्न पर अनेक दृष्टि से विचार विनिमय हुआ। आचार्य विनोबाजी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सम्मेलन को इस बात का दुख है कि अनेक साधु संतों के अथक् प्रयास, उपवास, सत्याग्रह, निवेदन-आवेदन, सबके बावजूद गाय की कतल नहीं रुक सकी है। केंद्रीय गोवधबंदी कानून भी नहीं बन पाया, एवं जहां कानून बने हैं वहां भी कानून का कडाई से पालन नहीं हुआ। विविध प्रकार के चमडे के लिए गायों की कतल होती ही थी, इन दिनों विदेशों में गोमांस की मांग एवं गोमांस के भाव बढ जाने के कारण कतल बढ गयी है। अर्थ के लोभ से व्यापारी अधिक पैमाने पर मांस निर्यात कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी मांस और चमडे की निर्यात को प्रोत्साहन दिया है। इन दोनों दृष्टियों से गाय की कतल दिन दूनी, रात चौगुनी बढती जा रही है। आज तक तो स्वीकृत कतलखानों में एवं बंगाल, केरल में अधिक गोहत्या होती थी, लेकिन अब तो जहां गोवधबंदी कानून है उन प्रदेशों में से, जहां तहां अनधिकृत स्थानों पर, कतल होकर ट्रकों द्वारा गोमांस निर्यात के स्थानों पर भेज दिया जाता है। इस तरह की कतल को न रोका गया तो कुछ ही वर्षों में गोवंश का संपूर्ण विनाश हो जावेगा। गांवों की अर्थ व्यवस्था का संतुलन बिगडेगा और देश विनाश के कगार पर पहुंच जावेगा।

इस विषम परिस्थिति में जनता जनार्दन को जागृत किया जाय एवं गोरक्षार्थ प्रथम कदम के तौर पर भगवान के दरबार में सौम्य सत्याग्रह किया जाय ऐसा तय हुआ है। यह सत्याग्रह गांधी निर्वाण दिवस ३० जनवरी से माता कस्तूरबा निर्वाण दिवस २२ फरवरी २२ तक २४ दिन चलाया जायेगा। सौम्य सत्याग्रह में दो

२– भारत सरकार से निवेदन है कि वह ग्रामीण अर्थतंत्र को टूटने से बचाने के लिए केंद्रीय गोवंश (नर-मादा हत्याबंदी कानून शीघ्र बनाकर एवं गाय-बैल को राष्ट्रीय पशु घोषित करके गोवंश की परिपूर्ण रक्षा करे। गोमांस की निर्यात पूर्णत: बंद हो।

३– भारत के किसान को अच्छे बैल प्राप्त हों तथा दूध भी मिले इसलिए आवश्यक है कि गोसंवर्धन से सर्वांगी नसल तैयार की जाय, ताकि बछडे उत्तम बैल बन सकें एवं बछडी उत्तम दुधारु गाय बने।

४– गोरक्षा के लिए आवश्यक है कि गाय के चारे दाने की समुचित व्यवस्था हो। चारे दाने का अधिक उत्पादन हो, इसके प्रयत्न होने चाहिए एवं खली, भूसा आदि पशु खाद्यों का निर्यात बंद हो। चारे का कागज आदि बनाने में उपयोग न हो

५– भारत की कोटि-कोटि जनता से प्रार्थना है कि वह सुस्ती और उदासीनता छोडकर जागृत हो एवं सक्रिय होकर गोरक्षा करे, कतल के लिए जानेवाली गायों को रोके, तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा करे।

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह के लिए १ – जनशक्ति २ – सज्जनशक्ति ३ – महाजनशक्ति ४ – विद्वज्जनशक्ति ५ – राज्य शक्ति इन पंच शक्तियों का सहयोग लिया जाय। यह सौम्य सत्याग्रह भगवत प्रार्थना स्वरूप है। इसमें जाति-पाति, पंथ, धर्म या किसी पक्षविशेष का कोई भेद नहीं होगा। गोमाता सबको दूध पिलाती है, उसकी सेवा करना मानव मात्र का धर्म है।

राष्ट्रपति से लेकर सभी सरकारी सेवक, जन प्रतिनिधि तथा सभी नागरिकों से प्रार्थना है कि वे गोरक्षा के निमित्त दो-दो दिन के उपवास करें। देश की सभी रचनात्मक तथा अन्य संस्थाओं से प्रार्थना है कि वे अगले दो माह के लिए अपने नित्य कार्यों की जगह, गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह को प्राथमिकता देकर उसमें पूरी शक्ति लगायें।

31.12.81

केन्द्रीय गोरक्षा समन्वय समिति का विसर्जन-

दिनांक:२८-१२-८१

दिनांक २७ दिसंबर को दोपहर ४ बजे ब्रह्मविद्या मंदिर में मुक्त अध्यक्ष पू० विनोबाजी के सानिध्य में श्री तुलसीदासभाई विश्राम की अध्यक्षता में केन्द्रीय गोरक्षा समन्वय समिति की मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें समन्वय समिति के मंत्री श्री० किशनलालजी कटपीसवाला, श्री मानवमुनि, श्री यश० जगन्नाथनजी, अन्य सदस्य एवं विशेष आमंत्रित लोग उपस्थित थे। जिसमें निर्णय लिया गया कि, केन्द्रीय गोरक्षा समन्वय समिति विसर्जित की गयी।

सेवा में सूचनार्थ--

विनीत

मानवमुनि

(मानवमुनि)

मंत्री, समन्वय समिति

गोसेवा सम्मेलन का निवेदन

३० जनवरी से २२ फरवरी तक दो दो दिन के उपवास हों

संत विनोबाजी के सानिध्य में पवनार (वर्धा) में आयोजित गोसेवा सम्मेलन ता०२५,२६ दिसंबर १९८१ को हुआ। पूरे भारत से प्रतिनिधि आये। दो दिन तक गोरक्षा के प्रश्न पर अनेक दृष्टि से विचार विनिमय हुआ। आचार्य विनोबाजी ने सम्मेलन का उद्‌घाटन किया।

सम्मेलन को इस बात का दुख है कि अनेक साधु संतों के अथक् प्रयास,उपवास, सत्याग्रह,निवेदन-आवेदन,सबके बावजूद गाय की कतल नहीं रुक सकी है। केन्द्रीय गोवधबंदी कानून भी नहीं बन पाया,एवं जहां कानून बने हैं वहां भी कानून का कड़ाई से पालन नहीं हुआ। विविध प्रकार के चमड़े के लिए गायों की कतल होती ही थी, इन दिनों अरब देशों में गोमांस की मांग एवं गोमांस के भाव बढ़ जाने के कारण कतल बढ़ गयी है। अर्थ के लोभ से व्यापारी अधिक पैमाने पर मांस निर्यात कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी मांस और चमड़े की निर्यात को प्रोत्साहन दिया है। इन दोनों दृष्टियों से गाय की कतल दिनदूनी,रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। आज तक तो स्वीकृत कतलखानों में एवं बंगाल,केरल में अधिक गोहत्या होती थी,लेकिन अब तो जहां गोवधबंदी कानून है उन प्रदेशों में भी,जहां तहां अनधिकृत स्थानों पर,कतल होकर ट्रकों द्वारा गोमांस निर्यात के स्थानों पर भेज दिया जाता है। इस तरह की कतल को न रोका गया तो कुछ ही वर्षों में गोवंश का संपूर्ण विनाश हो जावेगा। गांवों की अर्थ व्यवस्था का संतुलन बिगड़ेगा और देश विनाश के कगार पर पहुंच जावेगा।

इस विषम परिस्थिति में जनता जनार्दन को जागृत किया जाय एवं गोरक्षार्थ प्रथम कदम के तौर पर भगवान के दरबार में सौम्य सत्याग्रह किया जाय ऐसा तय हुआ है। यह सत्याग्रह गांधी निर्वाण दिवस ३० जनवरी से माता कस्तूरबा निर्वाण दिवस २२ फरवरी ८२ तक २४ दिन चलाया जायेगा। सौम्य सत्याग्रह में दो दो दिन के उपवास की श्रृंखला चलेगी। हरएक व्यक्ति को पूरे दो दिन उपवास करना है। (उपवास में फक्त पानी,नींबू,नमक,सोडा ले सकते हैं) तन से उपवास,मन से प्रार्थना और धन के प्रतीक स्वरूप यथाशक्ति दान देकर तन,मन,धन तीनों से इस अभियान में सहयोग देना है।

१- सर्व समर्थ विश्वनियंता प्रभु से प्रार्थना है कि वह गोरक्षा एवं मानव समाज की रक्षा करे।

२- भारत सरकार से निवेदन है कि वह ग्रामीण अर्थतंत्र को टूटने से बचाने के लिए केन्द्रीय गोवंश (नर-मादा) हत्याबंदी कानून शीघ्र बनाकर एवं गाय- बैल को राष्ट्रीय पशु घोषित करके,गोवंश की परिपूर्ण रक्षा करे। गोमांस की निर्यात पूर्णत: बंद हो।

(पृष्ठ-२)

३- भारत के किसान को अच्छे बैल प्राप्त हों तथा दूध भी मिले इसलिए आवश्यक है कि गोसंवर्धन से सर्वांगी नसल तैयार की जाय, ताकि बछड़े उत्तम बैल बन सकें एवं बछड़ी उत्तम दुधारू गाय बनें।

४- गोरक्षा के लिए आवश्यक है कि गाय के चारे दाने की समुचित व्यवस्था हो। चारे दाने का अधिक उत्पादन हो, इसके प्रयत्न होने चाहिए एवं खली, भूसा आदि पशु खाद्यों का निर्यात बंद हो। चारे का कागज आदि बनाने में उपयोग न हो।

५- भारत की कोटि-कोटि जनता से प्रार्थना है कि वह सुस्ती और उदासीनता छोड़कर जागृत हो एवं सक्रिय होकर गोरक्षा करे, कतल के लिए जानेवाली गायों को रोके, तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा करे।

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह के लिए १- जनशक्ति २- सज्जनशक्ति ३- महाजन-शक्ति ४- विद्वजनशक्ति ५- राज्य शक्ति इन पंच शक्तियों का सहयोग लिया जाय। यह सौम्य सत्याग्रह भगवत प्रार्थना स्वरूप है। इसमें जाति-पांति, पंथ, धर्म या किसी पक्ष-विशेष का कोई भेद नहीं होगा। गोमाता सबको दूध पिलाती है, उसकी सेवा करना मानव मात्र का धर्म है।

राष्ट्रपति से लेकर सभी सरकारी सेवक, जन प्रतिनिधि तथा सभी नागरिकों से प्रार्थना है कि वे गोरक्षा के निमित्त दो-दो दिन के उपवास करें। देश की सभी रचनात्मक तथा अन्य संस्थाओं से प्रार्थना है कि वे अगले दो माह के लिए अपने नित्य कार्यों की जगह, गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह को प्राथमिकता देकर उसमें पूरी शक्ति लगावें।

पू० विनोबाजी ने ३० जनवरी ८२ को एक वक्त का (प्रात:काल) उपवास रखकर सौम्य सत्याग्रह का उद्घाटन करना स्वीकार किया है। सम्मेलन को विश्वास है कि पू० विनोबाजी के आशीर्वाद से सबको प्रेरणा मिलेगी, एवं उपवासों के बाद गौवंश को कतल को रोकने का हमारा आत्मबल अधिक बढ़ेगा।

रा. बजाज

(राधाकृष्ण बजाज)
महामंत्री

अ०भा०कृषि गोसेवा संघ
गोपुरी-वर्धा, २६-१२-८१

ਓਤੇ ਗਊ ਰਖਿਆ
23/12/81

।। गावो विश्वस्य मातरः ।।

सम्मान्य महोदय,

निवेदन है कि आपका वार्षिक शुल्क मास नवंबर, 81 के अंक के साथ समाप्त होगया है। नम्र निवेदन है कि यह पत्र मिलते ही गोधन का वार्षिक शुल्क ११-०० ग्यारह रुपया मात्र मनीआर्डर द्वारा शीघ्र ही निम्न पते पर भेजकर अनुगृहीत करें ताकि आगामी अंक आपको यथासमय प्राप्त होसके। मनीआर्डर फार्म साथ भेजा जारहा है। कृपया अपना पता मनीआर्डर फार्म पर हिन्दी या अंग्रेजी में शुद्ध व साफ लिखें।

विनीत -
गंभीर
(व्यवस्थापक)

गोधन - मासिक
३ सदर थाना रोड
दिल्ली-११०००६

15.12.81
Go RAKHYA

A. B KRISHI GOSEVA SANGH

No. 971

MINISTRY OF RAILWAY XXR WIRELESS ORDER
No. TC II 2066 / 77 / 10 DATED 26th NOVEMBER 1981

CONCESSION CERTIFICATE FORM

CONCESSION FOR ALL INDIA BODIES OF CULTURAL, EDUCATIONAL AND SOCIAL IMPORTANCE

It is certified that Shri/Smt.______________________________ is a person travelling from ______________________________ to WARDHA Central Rly Stn. Conferance to be held at PAUNAR from 25 th to 27 th December 1981 and is entitled to the concession of return tickets in any Second Class only available for one month as indicated below.

Seccond Class return tickects on payment of one and a half single Second Class Mail.

It is also certified that the total emoluments / earnings drawn by Shri / Smt. ______________ on date do not exceed Rs. 2000/— (Rupees two thousand) per month.

* (I) He / She is a Servant of the Central / State Government / Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University.

* (ii) He / She is not a Servant of the Cenaral / State Government / Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University.

* (iii) His / Her travelling expenses will not be borne by the Central / State Government / Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University.

Place : GOPURI (WARDHA)

Secretary
A. B. Krishi Goseva Sangh

Date : 2 DEC 1981

अ. भा. कृषि गो-सेवा संघ,
गोपुरी (वर्धा) 442 114

* The item not applicable must be struck out by the Secretary .

** I hereby certify that I am an employee of the Central/State Government, /Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University and that I shall not claim kilometrage allowance from the Central / State Government / Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University for the Journey performed on the Concessional return ticket.

Place....................

Signature....................

Designation....................

Date....................

Office address....................

Note : 1. ** This Certificate (must invariably) be filled in by employees of the Central / State Governmet / Local Body or Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University.

2. Government Servants etc. whose travolling expenses are borne by the Central / State Government or Local Body or a Statutory Authority or a Corporation or a Government Undertaking or a University either wholly or even partly are not entiled to this concession. Any breach of this rule by the Government servant will render him liable to disciplinary action.

अ० भा० गो संरक्षण परिषद्,
शिव मन्दिर, अजमल खां रोड, करोल बाग,
नई दिल्ली-५
दूरभाष-५६७३६०

10.12.81

प्रकाशनार्थ

ॐ हरि

केन्द्रीय मन्त्री श्री बूटा सिंह से आश्वासन पूर्ण करने को अनुरोध
----------- स्वामी योगेश्वर विदेही हरि

नव दिल्ली - सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून के लिए आश्वासन पूर्ण करने का केन्द्रीय मन्त्री श्री बूटा सिंह जी को आवश्यक पत्र लिखकर अ0 भा0 गोसंरक्षण परिषद् के अध्यक्ष प0पू0 महामण्डलेश्वर स्वामी श्री यो0 विदेही हरि जी महाराज ने अनुरोध किया है कि 6 नवम्बर 1981 को दिये हुए अपने आश्वासन को अविलम्ब पूर्ण करें ।

श्री सिंह को लिखे पत्र की भाषा:-

"वचनानुसार पत्र प्राप्त नहीं ? सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून के सम्बन्ध में 6 नवम्बर 1981 को आपने आश्वासन दिया था कि "16 नवम्बर को आ0 प्रधानमन्त्री जी के नई दिल्ली लौटने पर उनसे चर्चा कर मैं आपको पत्र लिखूँगा"।

परिषद् ने इस पर 7 नवम्बर 1981 से आरम्भ होने वाला सत्याग्रह स्थगित कर दिया था । क्या चर्चा हुई ? उत्तर अविलम्ब लिखने का कष्ट करें ।" परिषद् के प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि इसी सम्बन्ध में सभी संसद सदस्यों को गोसंरक्षण परिषद् की ओर से एक पत्रक के साथ गोरक्षा साहित्य देकर अनुरोध किया है कि वह लोकसभा में उक्त विषय को प्राथमिकता से उठायें । संलग्न साहित्य में अ0भा0 गोवंश रक्षा सम्मेलन नव दिल्ली की कार्यवाही, गृहमन्त्री ज्ञानी जैल सिंह एवं श्री राजीव संसद सदस्य को भेजे पत्र तथा 7 नवम्बर को परिषद् की ओर से की गई घोषणा आदि के कागजात हैं । स्वामी श्री हरि जी के उक्त पत्र को लेकर परिषद् के कार्यालय सचिव श्री राधेश्याम ब्रह्मचारी अनेक संसद सदस्यों से मिले हैं । वह सभी संसद सदस्यों को मिलकर पत्र दे रहें हैं ।

कार्यालय सचिव
(राधेश्याम)

अ0भा0 गोसंरक्षण परिषद्, शिव मन्दिर, अजमलखां रोड, करोल बाग, नव दिल्ली-110005

अ० भा० गो संरक्षण परिषद्
शिव मन्दिर, अजमल खाँ रोड, करोल बाग,
नई दिल्ली-११०००५ दूरभाष-५६७३६०

ॐ हरि

प्रकाशनार्थ   क्र० म० 103

बन्चका देने वाले कार्यक्रम बन्द करें

-----श्री राधाकृष्ण बजाज को स्वामी विदेही हरि का उत्तर

करनाल --- अब भी आप वास्तव में सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध चाहते हैं तो एक वर्ष के लिए अपने बंचका देने वाले कार्यक्रम बन्द कर गो संरक्षण परिषद्द को सहयोग दें। उक्त वाक्य अ०भा० कृषि गो सेवा संघ के महामंत्री श्री राधा कृष्ण बजाज के पत्र का उत्तर लिखते हुए अ० भा० गो-संरक्षण परिषद के अध्यक्ष परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महा० ने लिखे। इस उत्तर में पू० स्वामी जी ने [illegible]० ला० हर देव सहाय जी के समय से आज तक गो रक्षा आन्दोलन में डाली अड़चनों की ओर भी संकेत करते हुए लिखा कि अब परिषद्द सावधान है। इस लिए आपके कुचक्र में नहीं फंसेंगे।

पूर्ण पत्रोत्तर ::--

प्रिय बजाज जी! हरि स्मरण!

आपका 30-10-81 का पत्र प्राप्त। धन्यवाद। आपके प्रथम बाक्य से ही स्पष्ट है कि आपकी सभी गतिविधियों का परिणाम भयंकर एवं विपरीत निकला। दूसरा वाक्य असत्य है गोरक्षक संस्थाओं ने सदा आपके इस वंचक कार्यक्रम का खंडन किया है। आपसे अनुरोध है यदि आप अब भी वास्तव में सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध चाहते हैं तो एक वर्ष के लिए अपने बंचका देने वाले कार्य बन्द कर अखिल भारतीय गोसंरक्षण परिषद को सहयोग दें।

आ० ला० हरदेव सहाय जी के समय से ही न तो आपने कोई ठोस कार्यक्रम बनाया न ही वास्तविक कार्यक्रमों का समर्थन किया। 1966 के विशाल आन्दोलन में भी इसी प्रकार की बंचका आपकी रही।

11 मई 1978 को भारत सरकार की गोसंवर्धन सलाहकार परिषद में सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध की अनुशंसा के समय आपका भाषण अटकाव डालने वाला था। प्रस्ताव पारित हो जाने पर भी आपने उस पर बल न देकर श्री विनोबा जी से राजकीय कानूनों का षड्यंत्र रचवा दिया। अन्त में असफलता पर गलत ढंग से विधेयक प्रस्तुत करवाया। जब कि उस समय भी सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून बनने वाला था। भारत गृह मंत्री श्री ज्ञानी जी को लिखे मेरे पत्र अनुसार उस समय भी वैधानिक कोई अड़चन नहीं थी।

जिस मुनि ज्ञान चन्द जी को "कालनेमि" का कार्य आपने सौंपा है उनकी बंचका की कहानी सभी गुजरातियों को ज्ञात है। परिषद की प्रेरणानुसार गुजरात शासन सम्पूर्ण कानून बनाने वाला था किन्तु उन्होंने 18 वर्ष की आयु के पश्चात बैलों एवं सांड़ों का मारा जाना स्वीकार कर लिया बाद में कसाइयों से मिलकर दो वर्ष और घटाकर 16 वर्ष के बैलों एवं सांड़ों को मारा जाने का कानून बनवाया। उच्च एवं सर्वोच्च न्यायालय की घटनाएं निर्णय के पश्चात सामने आयेंगी।

अन्त में इन बंचक गतिविधियों को जानकर परिषद ने पुन: अपने ढंग से कार्य आरम्भ किया तो आपने सौम्य सत्याग्रह के नए षड्यंत्र से गोभक्तों को धोखा देकर गोग्रास एवं गोभक्ती के नाम से करोड़ों रुपया एकत्र किया तथा सरकार से अनेक व्यक्तिगत एवं फर्मों के लिए लाभ उठाने के साथ पुरुस्कार के स्वरूप प्रथम श्रेणी का रेलवे पास प्राप्त किया।

खेद से लिख रहा हूं कि परिषद के कार्यकत्ताओं को भी वास्तविक कार्य से हटाने के लिए आपके सहायकों द्वारा अर्थ का लोभ प्रस्तुत किया। कुछ को अपने चक्कर में फंसा भी लिया। पंजाब एवं हरियाणा के कानूनों की कमी में क्या आपका कुचक्र नहीं?

कलकत्ता सम्मेलन से पूर्व एवं पश्चात की सभी कार्यवाही को बंगाली अच्छी तरह से जानते हैं? उसका स्पष्टीकरण देना देश के लिए लाभ-कारी नहीं।

आपने इसी प्रकार के पत्र लिखकर इस विषय का पूर्ण ज्ञान न रखने वालों से श्री विनोबा जी के नामसे कुछ लिखवा लिया होगा। अथवा उनके नाम कैसे छापे हैं? अज्ञात लिखना अच्छा नहीं, परन्तु मेरा आशीर्वाद तो गोरक्षा के वास्तविक प्रत्येक कार्यकर्त्ता के सदा साथ है, पुनश्च बंचकों के लिए यही आशीर्वाद है कि जनता जनार्दन उनकी बुद्धि को अतिशीघ्र ठीक करे। प०पू० महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज की आज्ञासे शेष शुभ ....।

सर्वभूतहिते रत:
स्वामी भक्त हरि


उ०प्र०पत्र में
श्री राधाकृष्ण जी बजाज
अ०भा० कृषि गो [illegible]

ऊँ हरिः

7 नवम्बर से गोरक्षा सत्याग्रह का अल्टीमेटम

भारत गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह जी के नाम अ० भा० गोसंरक्षण परिषद् का पत्र

अ० भा० गो संरक्षण परिषद् के अध्यक्ष प० पू० महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज ने गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह जी को लिखा है कि 7 नवम्बर 1966 के अमर बलिदानियों का स्मरण कर यदि शासन ने कोई उचित घोषणा न की तो 7 नवम्बर 1981 से सत्याग्रह की घोषणा कर दी जाएगी। परिषद् के महिला विभाग की ओर से श्री आचार्य विनोबा जी तथा अन्य गोरक्षक वाक्य शूरों को सत्याग्रह की प्रेरणा दी जाएगी। यदि वह तत्पर न हुए तो उन्हें चूड़ियां भेंट कर देवियां स्वयं सत्याग्रह करेंगी। ऊर्जा संकट के समय में



(स्वामी यो० वि० हरिजी म०)

गोवंश हत्या भारत हत्या ही है। इसलिए कोई भी वास्तविक देशभक्त इसे सहन नहीं कर सकता। गोवंश हत्या विदेशी षड्यंत्र से कराई जा रही है। इस पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा जी को भी श्री राजीव संसद सदस्य के द्वारा भेजी गई है।

अति आवश्यक

गृहमंत्री को भेजे पत्र की प्रतिलिपि

नव दिल्ली

क्र० के० 1163

आ० गृहमंत्री भारत शासन नव दिल्ली

विषय—सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून

प्रिय ज्ञानी जी !

हरि स्मरण। नैरोबी (अफ्रीका) में बैल गाड़ियों को उन्नत करने के लिए आ० प्रधान मंत्री जी का भाषण एवं DAP in the TWCS Draught Animal power in Third world countries. A Project funded by food and Agriculture OrganiZation of UNO

at Bangalore (INDIA) की सिफारिश के अनुसार यदि गोवंश हत्या को अविलम्ब पूर्णतया नहीं रोका तो देश का सर्वनाश होगा। क्योंकि पेट्रोल, डीजल आदि की समाप्ति पर ऊर्जा संकट से पार करने के लिए गोवंश ही सहायक है। इसलिए गोवंश का विनाश विदेशी षड्यंत्रों से कराया जा रहा है।

संविधान अनुच्छेद 48 के निर्देश अनुसार कुछ राज्यों ने कानून भी बनाए थे, परन्त उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और बिहार के कानूनों को पेशे के मूलाधिकार की दुहाई देते हुए कसाइयों ने चुनौती दी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में केवल कानूनी भाग पर विचार करते हुए : मुहम्मद हनीफ कुरेशी विरुद्ध बिहारराज्य : आल इंडिया रिपोर्टर सुप्रीम कोर्ट पृष्ठ-731 : में 23 अप्रैल 1958 को निर्णय दिया कि बूढ़े बैलों एवं साण्डों की हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने से अनुच्छेद 19 (आई) (जी) का हनन होगा अनुच्छेद 48 में लिखित अंग्रेजी के शब्दों Cows and Calves का सही अर्थ समझने में सर्वोच्च न्यायालय असफल रहा क्योंकि गोरक्षक अथवा हिन्दू-धर्म प्रतिनिधियों को इंटरवीन करने की स्वीकृति नहीं मिली थी।

राज्य विषय सूची 2 क्रमांक 15 में Cowes and calves का स्पष्ट उल्लेख न कर केवल "Preservation, Protection and improvement of stock and Prevention of animal diseases, veterinary Training and practice" लिखा है। इसलिए भी सर्वोच्च न्यायालय ने बैल अथवा सांड की हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध उचित नहीं समझकर कानूनी दांव-पेच में करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावना को बलिदान किया।

भारत सरकार निम्नलिखित प्रश्नों का स्वयं अध्ययन करे :—

1—निर्देशक सिद्धान्त 48 में आए Cows and Calves का क्या अभिप्राय है ? यदि इसका अर्थ सम्पूर्ण गोवंश नहीं है तो क्यों न केवल : गाय तथा अन्य दुधारू व बोझा ढोने वाले पशु : का प्रयोग किया जाता ? स्पष्टता Cows and Oalves शब्द "गोवंश" के लिए ही है।

2—अनुच्छेद 48 में निम्नलिखित 3 निर्देश हैं :—

क. कृषि और पशुपालन में सुधार करना।

ख. गोवंश तथा अन्य दुधारू और भारवाही पशुओं का संरक्षण करना व उसकी नस्ल को सुधारना।

ग. गोवंश तथा अन्य दुधारू और भारवाही पशुओं के वध पर प्रतिबन्ध लगाना।

राज्यों की विषय सूची 14 एवं 15 में केवल प्रथम दो अर्थात् (क) और (ख) का ही समावेश है। तीसरा निर्देश अर्थात (ग) न राज्य सूची में एवं न किसी अन्य में है। निश्चय ही तीसरा निर्देश केन्द्रीय सूची की प्रविष्टि 97 तथा अनुच्छेद 248 के अनुसार भारत सरकार के लिए है। भारत सरकार यदि आवश्यक समझे तो सर्वोच्च न्यायालय की राय भी अनुच्छेद 143 के अनुसार म० म० राष्ट्रपति द्वारा ले सकती है। अतएव सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून बनाने में कोई अड़चन नहीं।

भारत सरकार उक्त समस्या को आज तक नहीं सुलझा सकी। देसाई एवं चरण सरकार के अन्त तक उनके विरुद्ध गोरक्षा आन्दोलन चलता रहा, गोवंश हत्या के भीषण पाप से ही वह पतित हुई। वर्तमान सरकार की सुयोग्य प्रधान मंत्री जी तथा आपने भी सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध कानून बनाने का परिषद् को आश्वासन बहुत पूर्व दिया था। वह भी पूर्ण नहीं हुआ।

यह भी आप भली प्रकार जानते हैं कि सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध के बिना स्वतन्त्रता सेनानियों के सूक्ष्म शरीर को शांति तथा भारतीय जनता को पूर्णरूपेण सन्तोष प्राप्त नहीं होगा। न ही संविधान, संशोधन द्वारा सम्मिलित किए अनुच्छेद 51 ए का सम्मान हो सकेगा।

आपसे शिष्टमण्डल की भेंट के लिए समयार्थ अनेक लिखे पत्र एवं प्रयास असफल रहे। ऐसा लगता है कि अब देशभक्तों के पास सत्याग्रह के अतिरिक्त कोई मार्ग नहीं रहा। क्योंकि इस प्रकार हो रहे देश के भीषण विनाश को सहन कर सकना राष्ट्रीय अपमान है।

अ० भा० गोवंश रक्षा सम्मेलन के निर्णय अनुसार यदि सत्याग्रह आरम्भ हुआ तो उसका उत्तरदायित्व भारत शासन पर ही होगा। अ० भा० गोवंश रक्षा सम्मेलन नव दिल्ली द्वारा सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव तथा अध्यक्षीय भाषण आपके अध्ययन हेतु संलग्न है।

अतएव आपसे अनुरोध है कि आप इसमें पूर्ण रुचि लेकर उक्त समस्या को सुलझाने के लिए उक्त संविधानिक निर्देश द्वारा सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून शीघ्रातिशीघ्र बनवाने का निश्चय कर परिषद् को सूचित करने का कष्ट करें ताकि सत्याग्रह के निर्णय पर पुनर्विचार हो सके।

शेष शुभ। यथायोग्य आशीर्वाद। सर्वभूतहिते रतः

डाकप्रमाणपत्र में : महामण्डलेश्वर स्वामी योगेश्वर विदेहीहरि :

श्री ज्ञानी जैल सिंह जी अध्यक्ष

गृह मंत्री, भारत शासन

5, रेसकोर्स मार्ग, नव दिल्ली—110011

प्रतिलिपिः—आ० प्रधान मंत्री जी भारत शासन द्वारा—श्री राजीव गांधी जी संसद सदस्य	जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

नव दिल्ली अ० भा० गो० सम्मेलन द्वारा सर्व सम्मति से पारित

प्रस्ताव 1—अ० भारतीय गोवंश रक्षा सम्मेलन को खेद है कि स्वतन्त्रता के 34 वें वर्ष में भी भारत गोवंश की सुरक्षा नहीं कर सका। पवित्र तथा अहिंसकभूमि भारत में अहो रात्रि बढ़ रही गोवंश हत्या, राष्ट्र

संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन की ओर से हुए बंगलौर ऊर्जा सम्मेलन तथा नैरोबी के सम्मेलन में प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा जी के सुझावों, भारतीय संस्कृति तथा जनता की भावना को ध्यान में रखकर यदि हम गोवंश का संरक्षण एवं सम्वर्धन नहीं कर सके तो षड्यन्त्रकारियों के द्वारा उपस्थित किए जा रहे संकटों में भारत फंस जाएगा। अतः सम्मेलन, शासनजनता एवं योजना आयोग से अनुरोध करता है कि गोवंश संरक्षण एवं सम्वर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध केन्द्रीय कानून अविलम्ब बनाया जाए। **उक्त कार्यवाही में देरी करने के फलस्वरूप यदि परिषद् को सत्याग्रह आरम्भ करना पड़ा** तो उसका उत्तरदायित्व भारत शासन पर ही होगा।

सम्मेलन जनता जर्नादन से अनुरोध करता है कि यदि शासन उक्त कार्यवाही अविलम्ब न करे तो गोवंश पर बलिदान हुए 1966 के अमर बलिदानियों की स्मृति में 7 नवम्बर 1981 से सत्याग्रह आरम्भ किया जाए।

प्रस्ताव 3—सम्मेलन अत्यन्त खेद के साथ अनुभव करता है कि भारत शासन बंगाल, केरल आदि राज्यों में अपने आदेशानुसार भी आजतक गोवंश हत्या निरोध कानून नहीं बनवा सका। किसी भी राज्य को सर्वोच्च न्यायालय एवं संविधान के विचारों का अपमान तथा देशघाती कार्य करने के लिए खुला छोड़ना जनता में अपने प्रति अविश्वास उत्पन्न करना है, अतएव भारत शासन से अनुरोध है कि उक्त राज्यों से अविलम्ब सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध कानून बनवाए अथवा संविधानिक रीति से उक्त देशद्रोही शासनों को समाप्त कर अपने शासन की घोषणा करने की महामहिम **राष्ट्रपति जी को अनुसंशा करे** ताकि सम्पूर्ण गोवंश हत्या निरोध अध्यादेश द्वारा भारत की रक्षा ऊर्जा के भीषण संकट से हो।

प्रस्ताव 4—सम्मेलन आयकर विधान एक्ट धारा 11 को गोशालाओं एवं पांजरापोलों के लिए अत्यन्त हानिप्रद समझते हुए भारत शासन से अनुरोध करता है कि उक्त संस्थाओं को उक्त विधान अथवा कर से मुक्त कर दें।

प्रस्ताव—2 सम्मेलन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश आदि के शासकों की ढिलाई से कानून की फज्जियां उड़ाकर की जा रही गोवंश हत्या एवं गोमांस तथा गोवंश के अवैध निकास पर चिंता व्यक्त करते हुए उक्त शासकों से अनुरोध करता है कि अपने कानूनों का सतर्कता एवं कठोरता से पालन कराएं तथा आज तक गोवंश हत्या से हुई बहुत बड़ी राष्ट्रीय कृषि एवं आर्थिक हानि की जांच कराई जाकर दोषियों को उचित दण्ड दिया जाए।

प्रकाशक—**अ० भा० गोसंरक्षण परिषद्, शिव मंदिर, अजमलखां रोड, करोलबाग, नव दिल्ली–110005**

भेंट : २० पैसे

अ० भा० गो संरक्षण परिषद्
शिव मन्दिर, अजमल खाँ रोड, करोल बाग,
नई दिल्ली-११०००५ दूरभाष-५६७३६०

प्रकाशनार्थ ॐ हरि

आगामी वर्ष लोक सभा सम्मुख शहीद मेला होगा

------------ म० मं० स्वामी योगेश्वर विदेही हरि

नव दिल्ली --- 7 नवम्बर 1982 को लोक सभा सम्मुख गोभक्त शहीद मेला लगेगा । तथा गोपाल कृष्ण एवं गोपेश्वर महादेव की विशाल मूर्तियां स्थापित की जाऐंगी । उक्त घोषणा आज अ० भा० गो संरक्षण परिषद के अध्यक्ष म० पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज ने परिषद की ओर से गोपेश्वर महादेव के विधिवत पूजन के उपरांत सन् 1966 में इसी स्थान पर हुए गोभक्त बलिदानियों को श्रद्धांजली देते हुए की । पूज्य स्वामी जी ने कहा कि - केन्द्र की ओर से स० बूटा सिंह जी द्वारा दिए आश्वासन पर देवियों ने सत्याग्रह स्थगित कर दिया है ।

पू० स्वामी जी ने कहा कि विभिन्न नेताओं एवं संस्थाओं ने आज तक गोभक्तों को धोके में रखा है, इस सम्बन्ध में पुन: देश में 1966 जैसी जन जाग्रति की जाऐगी ।

पू० स्वामी जी ने भविष्य वाणी की कि आगामी वर्ष विश्व में नव क्रांति का प्रारम्भ इसी स्थल से होगा । सरकार इस पवित्र कार्य में बाधा नहीं बनेगी ।

पू० स्वामी जी ने यह भी कहा कि कुछ नेताओं ने केवल श्रद्धान्जली की पंडागीरी सम्भाल रखी है । उन्हें अब एकओर होने का अनुरोध किया जाऐगा ।

हर वर्ष श्रद्धान्जली देने वाले अनेक नेताओं के अतिरिक्त इस वर्ष सन् 1966 के सत्याग्रह के समय पू० स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज के साथ पहले जत्थे में सत्याग्रह करने वाले वृज घाट के पू० स्वामी श्री आत्म देव जी महाराज भी थे. ।

ध्यान रहे 1966 के कुम्भ मेला प्रयाग राज में पू० महामण्डलेश्वर स्वामी श्री यो० विदेही हरि जी महाराज के नेतृत्व में सत्याग्रह का निर्णय साधु समाज ने किया था । स्वामी श्री हरि जी के नेतृत्व में सत्याग्रहियों ने प्रयाग राज से पदयात्रा द्वारा दिल्ली पहुंचकर राम-नवमी 31 मार्च 1966 से सत्याग्रह आरम्भ किया था, 5 सितम्बर को बड़ा प्रदर्शन हुआ । पू० स्वामी जी अभी तिहाड़ कारागार में थे कुछ लोगों ने सर्वदलीय के नाम से संस्था की योजना बनाकर और यह बचन देकर कि अब पीछे नहीं हटेंगे । स्वामी जी से स्वीकृति प्राप्त की थी । आगे का विवरण स्वामी श्री हरि जी द्वारा लिखित " गोरक्षा " तथा अन्य पुस्तकों में है ।

कार्यालय सचिव

: राधेश्याम :

अ० भा० गो संरक्षण परिषद्
शिव मंदिर, अजमलखां रोड़, करोल बाग नव दिल्ली -110005

गौशाला

5.11.81

॥ गौमाता की जय ॥



मान्यवर,

श्री कृष्ण गौशाला (रजिस्टर्ड), खारिया (हिसार)

गोपाष्टमी महोत्सव

वृहस्पतिवार, 5-11-1981 को प्रातः 10 बजे

परमसन्त पूज्यनीय स्वामी प्रेमानन्द जी, संस्थापक विश्व अध्यात्मिक संघ

की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

उनके साथ श्री स्वामी जी के परम शिष्य ऋषि गौत्तम जी भी आयेंगे।

मान्यवर चौ० भजनलाल जी, मुख्य मन्त्री (हरियाणा सरकार)

मुख्य अतिथि होंगे।

आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

विनीत :—

दयाकिशन खारियावाला — ट्रस्टी

रामकुमार रावलवासिया — स्वागताध्यक्ष

दूरभाष :- 2326, 3530

नोट :- हिसार से खारिया जाने के लिए लोकल बस प्रातः 8-30 बजे जाती है तथा ट्रक का भी प्रबन्ध है।

UNICO

PHONES: 5724329
5716388

Gurbachan Singh
MANAGING DIRECTOR

UNICO ELECTRICALS (P) LTD.

REGD. OFFICE:
5/1 W.E.A. SARASWATI MARG,
KAROL BAGH. NEW DELHI 110005

फोन नं० २२६२०६ 卐 तार का पता : "इन्दुसंघ" दिल्ली

vegtarian

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ

२५, मलकागंज रोड,
जवाहर नगर, दिल्ली-११०००७

दिनांक अगस्त १६, १९८१

माननीय महोदय,

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ की प्रबन्ध समिति की एक साधारण मीटिंग संघ का सन् १९८० का आडिट किया हुआ हिसाब पास करने के लिए श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर (बिरला मन्दिर) नई दिल्ली के कार्यालय में दिनांक ७ सितम्बर, १९८१ सोमवार , सायं ६ बजे बुलायी गयी है। आशा तथा प्रार्थना है कि उसमें सम्मिलित होने की कृपा करेंगे।

कार्य-सूची :-

१- संघ की पिछली मीटिंग की कार्यवाही की सम्पुष्टि

२- संघ का सन् १९८० का आडिट किया हुआ हिसाब पास करना

३- अन्य विषय जो सभापति जी की स्वीकृति से उपस्थित किये जांय।

संलग्न:

१- पिछली मीटिंग की कार्यवाही

२- आय-व्यय १९८० का

३- तलपट १९८० का

४- मासिक सहायता की सूची

५- एकमुश्त सहायता व शर्तोंवाली सहायता की सूची

भवदीय,

[signature]

संयुक्त मन्त्री

[illegible]

ओ३म्

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ

पिछली मीटिंग की कार्यवाही

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ की प्रबन्धक समिति की एक साधारण मीटिंग संघ का सन् १९७९ का आडिट किया हुआ हिसाब पास करने के लिए श्री लक्ष्मी-नारायण मन्दिर, नई दिल्ली के कार्यालय में दिनांक ७ दिसम्बर, १९८०, रविवार, प्रात: १०॥ बजे बुलायी गयी। मीटिंग माननीय श्री कृष्णकुमार जी बिरला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :-

श्री कृष्णकुमार जी बिरला
श्री वियोगी हरि जी
श्री रा० सा० दलीप सिंह जी
श्री एस० एस० राजन
श्री पारसचन्द छाजड़
श्री लक्ष्मणप्रसाद मिश्र
श्री मदनलाल जी आनन्द
श्री चिम्मनलाल जी कतियाल
गोस्वामी गिरधारीलाल जी
श्री भगवद्दत्त जी शिशु
श्री भालचन्द्र जी शर्मा
श्री रामचन्द्र जी शास्त्री
श्री नागरमल जी परवाल
श्री शिवनन्दन पाराशर

निम्नलिखित प्रस्ताव पास हुए :-

प्रस्ताव नं० १ - दिवंगत सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलियां :-

(१) श्री गोपालकृष्ण जी सिंहानिया जो संघ की प्रबन्धक समिति के सदस्य थे। उनके असामयिक निधन पर यह समिति हार्दिक शोक व्यक्त करती है तथा शोक-संतप्त सिंहानिया परिवार के प्रति अपनी हार्दिक समवेदना प्रकट करती है। संघ के स्थापना-काल से ही सिंहानिया परिवार का सक्रिय सहयोग संघ को प्राप्त रहा है। श्री गोपालकृष्णजी सिंहानिया की सेवाएं श्लाघ्य रही हैं। परमात्मा से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति प्रदान करें।

(२) वैद्य श्री नारायणदत्तजी जो संघ की प्रबन्धक समिति के वर्षों से सदस्य थे। उनके आकस्मिक निधन पर यह संघ की समिति हार्दिक शोक प्रकट करती है तथा उनके शोक-तप्त परिवार के प्रति हार्दिक सहानुभूति करती है। श्री वैद्यजी एक उत्साही लोकसेवी व्यक्ति थे। संघ के प्रति उनकी रुचि एवं सहयोग सदैव प्राप्त था। भगवान से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को चिर शान्ति मिले।

प्रस्ताव नं० २ – संघ की पिछली मीटिंग की कार्यवाही प्रस्तुत की गयी और उसकी सम्पुष्टि सर्व-सम्मति से की गयी ।

प्रस्ताव नं० ३ – आडिटर द्वारा संघ का सन् १९७९ का आडिट किया हुआ हिसाब उपस्थित किया गया और निश्चय हुआ कि यह हिसाब पास किया जाय । हिसाब का मोटा मोटा ब्योरा निम्न प्रकार है :-

आय

१८५४१४-८३ जनरल सहायता खाते जमा
- १७००००-०० इस साल प्राप्त
- १५४१४-८३ पुराना
- ---
- १८५४१४-८३

६३६८९-६६ शर्तों वाली सहायता खाते जमा
- ३५०८८-७५ इस साल प्राप्त
- २८६००-९१ पुराना
- ---
- ६३६८९-६६

६००-०० आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता खाते जमा

१९८९५४-०७ प्रोविडेण्ट फंड खाते जमा

४४८६५८-६६

व्यय

१७७९१५-५२ भिन्न भिन्न सार्वजनिक संस्थाओं और व्यक्तियों को सहायता दी

३६८७८-७६ शर्तोंवाली सहायता खाते नाम शर्तोंवाली सहायता खाते में सहायता दी गयी

६००-०० आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता खाते नाम

१९८७५०-०० युनाइटेड कमर्सियल बैंक फिक्स डिपाजिट खाते नाम

२०४-०७ सैण्ट्रल बैंक आफ इंडिया चांदनी चौक दिल्ली के नाम

२७१६-५० युनाइटेड कमर्सियल बैंक चालू खाते नाम

५५०-०० बिजली-पानी संस्थान डिपा-जिट खाते नाम

१३६८३-१६ पुस्तक खाते नाम

३२-८५ वी० पी० खाते नाम

६९६५-०० एडवान्स खाते नाम

२७४७-५८ फरनीचर खाते नाम

२८३६-९२ जनरल चन्दा खाते नाम

४४३८८०-३६

४७७८-३० श्री रोकड़ पोते बाकी

४४८६५८-६६

अन्त में सभापति महोदय को धन्यवाद देकर सभा (मीटिंग) समाप्त की गयी ।

शिवनन्दन पाराशर
संयुक्त मन्त्री

अध्यक्ष

आय-व्यय विवरण - अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ - १-१-१९८० से ३१-१२-१९८०

२०२८००-००		जनरल सहायता खाते जमा
	२०२८००-००	ट्रस्ट से प्राप्त
५०६००-००		शर्तोंवाली सहायता खाते जमा
	१००००-००	अमेरिका यूरोप आदि देशों से आये लोगों में आर्य धर्म प्रचार
	५०००-००	बौद्ध देशों से भारत आने वाले बौद्ध यात्रियों की सहायता खाते जमा
	५०००-००	दक्षिण भारत के हिन्दुओं में शिक्षा प्रचार सहायता खाते जमा
	५०००-००	शुद्धि से दीक्षित होकर हिन्दू धर्म में आये हुओं की सहायता खाते जमा
	१००००-००	हरिजनोत्थान तथा चमड़ा उधोग सहायता खाते जमा
	५०००-००	सिखों को संस्कृत तथा आयुर्वेद पढ़ाने की सहायता खाते जमा
	५०००-००	राजस्थानी महिलाओं को सहायता खाते जमा
	५०००-००	हिन्दू उरांव मुंडा बोर्डिंग रांची की सहायता खाते जमा
	६००-००	आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता
	५०६००-००	
३०६६५-३८		जनरल चन्दा खाते जमा
	२२२००-००	ट्रस्ट से प्राप्त
	८४००-००	विश्वमंगल ट्रस्ट से प्राप्त
	६५-३८	पुस्तक बिक्री से लाभ
	३०६६५-३८	
२८४०६५-३८		

२२२५६३-०७		जनरल सहायता खाते नाम
	६७१८३-९०	मासिक सहायता
	११६७०३-४१	एकमुश्त सहायता
	३८६७५-७६	धर्मपरीक्षा प्रचार
	२२२५६३-०७	
३१५४५-०७		शर्तोंवाली सहायता खाते नाम
	१०४४-०६	मोरीशश फीजी गायना आदि देशों से आये हिन्दुओं की सहायता
	५०१९-१०	अमेरिका यूरोप आदि देशों से आये लोगों में आर्य धर्म प्रचार
	५१०९-४५	बौद्ध देशों से भारत आने वाले बौद्ध यात्रियों की सहायता
	२४००-००	दक्षिण भारत के हिन्दुओं में शिक्षा प्रचार की सहायता
	६००-००	हिन्दुओं में हाथ की कला कारीगरी तथा
	६७०-००	शुद्धि से दीक्षित होकर हिन्दू धर्म में आये हुओं की सहायता
	१०८००-००	हरिजनोत्थान तथा चमड़ा उधोग सहायता
	१६००-५०	सिखों को संस्कृत तथा आयुर्वेद पढ़ाने की सहायता
	१६००-००) ७०२-७१)	हिन्दू उरांव मुंडा बोर्डिंग रांची को सहायता
	६६२-२५	राजस्थानी महिलाओं को सहायता
	१०७-००	नेत्र चिकित्सा तथा औषधालयों को सहा०

६००-०० आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा
प्राप्त सहायता दी

३१५४५-०७

२६३४१-६१ खर्च खाते नाम

१४७७५-००	वेतन खर्च
११८५-००	प्रोविडेण्ड फण्ड
४७५६-१३	फुटकर खर्च
६६६-०६	स्टेशनरी खर्च
२८४६-५०	मार्गव्यय खर्च
७-००	बैंक कमीशन
२१७६-६०	बिजली पानी खर्च
१६५६-७०	टेलीफोन खर्च
१२७-३३	छपाई खर्च
५६१-२०	डाकव्यय खर्च
२७४-७६	फरनीचर डिप्रीशि०
	२६३४१-६१

२८३४४६-७५

तलपट - अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ - १-१-१९८० से ३१-१२-१९८० तक का

२१४५-२९ मौरीशश फीजी गायना आदि देशों से आये हिन्दुओंकी सहायता खाते

३१८९-३५ पुराना

१०४४-०६ सहायता दी

२१४५-२९

६४१७-३८ अमेरिका यूरोप आदि देशों से आये लोगों में आर्य धर्म प्रचार खाते जमा

११४३६-४८ इस साल पुराना
१०००० -०० १४३६-४८

५०१९-१० सहायता दी

६४१७-३८

१४६१-८९ बौद्ध देशों से भारत आने वाले बौद्ध यात्रियों की सहायता खाते जमा

६५७१-३४ इस साल पुराना
५०००-०० १५७१-३४

५१०९-४५ सहायता दी

१४६१-८९

४४८३-६६ दक्षिण भारत के हिन्दुओं में शिक्षा प्रचार सहायता खाते जमा

६८८३-६६ इस साल पुराना
५०००-०० १८८३-६६

२४००-०० सहायता दी

४४८३-६६

५१०५-६७ हिन्दुओं में हाथ की कला कारीगरी तथा ग्रामोधोग सहायता खाते जमा

५७०५-६७ पुराना

६००-०० सहायता दी

५१०५-६७

४५१८-७६ शुद्धि से दीक्षित होकर हिन्दू धर्म में आये हुओं की सहायता खाते जमा

५१८८-७६ इस साल पुराना
५०००-०० १८८-७६

६७०-०० सहायता दी

४५१८-७६

१२२६३-६६ जनरल सहायता खाते नाम

२२२५६३-०७ सहायता दी

६७१८३-९० मासिक

११६७०३-४१ एकमुश्त

३८६७५-७६ धर्मपरीक्षा

२२२५६३-०७

२१०२९९-४१ सहायता प्राप्त

७४९९-४१ पुराना

२०२८००-०० इस साल

२१०२९९-४१

१२२६३-६६

२१७७५०-०० युनाइटेड कमर्सियल बैंक फिक्स डिपाजिट खाते नाम

५०७-३० सेण्ट्रल बैंक आफ इंडिया चांदनी चौक दिल्ली के नाम

३०६७-५८ युनाइटेड कमर्सियल बैंक चालू खाते नाम

५५०-०० बिजली पानी संस्थान डिपाजिट खाते नाम

१८०२८-६२ पुस्तक खाते नाम

५३६९-०० एडवान्स खाते नाम

३६-४० वी० पी० खाते नाम

२४७२-८२ फरनीचर खाते नाम

१५१३-१५ जनरल चन्दा खाते नाम

३२१७८-५३ खर्चे का लगा

१४७७५-०० बेतन खर्च

११८५-०० प्रो० फण्ड

४७५९-१३ फुटकर खर्च

६६६-०९ स्टेशनरीखर्च

२८४६-५० मार्गव्ययखर्च

७-०० बैंक कमीशन

२१७९-९० बिजलीपानी

१९५९-७० टेलीफोन

१२७-३३ छपाई खर्च

५६१-२० डाकव्यय

२७४-७६ फरनीचर में छीजन

२८३६-९२ पुराना

१६३६-२६ हरिजनोत्थान तथा चमड़ा उधोग सहायता खाते जमा

१२४३६-२६ इस साल पुराना
१०००० -०० २४३६-२६

१०८००-०० सहायता दी

१६३६-२६

३५८१-६० हिन्दू महिलाओं को आयुर्वेद तथा डाक्टरी पढ़ाने की सहायता खाते जमा पुराना

४४८३-१६ सिखों को संस्कृत तथा आयुर्वेद पढ़ाने की सहायता खाते जमा

६३८३-६६ इस साल पुराना
५०००-०० १३८३-६६

१६००-५० सहायता दी

४४८३-१६

४४०७-७५ राजस्थानी महिलाओं को सहायता खाते जमा

५१००-०० इस साल पुराना
५०००-०० १००-००

६६२-२५ सहायता दी

४४०७-७५

११५३-५७ नेत्र चिकित्सा तथा औषधालयों को सहायता खाते जमा

१२६०-५७ पुराना

१०७-०० सहायता दी

११५३-५७

६४७०-५१ हिन्दू उरांव मुंडा बोर्डिंग रांची की सहायता खाते जमा

६०७३-२२ इस साल पुराना
५०००-०० ४०७३-२२

२६०२-७१ सहायता दी

६४७०-५१

००-०० आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता खाते जमा

६००-०० इस साल प्राप्त

६००-०० सहायता दी

००-००

२१८२५७-३० प्रोविडेण्ड फण्ड खाते जमा

२६४१२३-१३

३२१७८-५३

३०६६५-३८ इस साल प्राप्त
८४००-०० विश्व मंगल ट्रस्ट कलकत्ता से
२२२००-०० ट्रस्ट नई दिल्ली से
६५-३८ पुस्तक बिक्री से लाभ

३०६६५-३८

१५१३-१५

२६१५५८-५३

२५६४-६० श्री रोकड़ पोते बाकी

२६४१२३-१३

अखिल भारतीय आर्य(हिन्दू) धर्म सेवा संघ

मासिक सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं व व्यक्तियों की सूची १६८० ई०

जनरल फंड से १६८० में

१.	रामदास प्रचारक दिल्ली को सहायता	जनवरी से दिसंबर	२४०-००
२.	पं० रामचन्द्र जी शास्त्री बिरला लाइन्स दिल्ली	,,	१७४०-००
३.	वैदिक सत्संग सभा रोशनारा बाग दिल्ली	,,	२४०-००
४.	आर्य धर्म सेवा संघ औषधालय, बिरला लाइन्स, दिल्ली	,,	६६००-००
५.	इन्दू झा दिल्ली को बच्चों की पढ़ाई के लिए	,,	६००-००
६.	कंवलकान्त अरोड़ा दिल्ली को छात्रवृत्ति	जनवरी से अक्टूबर	१०००-००
७.	अखिल भारतीय रामानुज युवक संघ बलराम कोटपुरी	जनवरी से दिसंबर	१८००-००
८.	सनातन धर्म ~~समा~~ प्रतिनिधि सभा पंजाब नई दिल्ली प्रचारकों को	,,	४८००-००
९.	सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब साधुओं के दूध के लिए	,,	१२००-००
१०.	अरविन्द विज विजयनगर दिल्ली को छात्रवृत्ति	,,	३००-००
११.	अतुल विज विजयनगर दिल्ली को छात्रवृत्ति	,,	३००-००
१२.	अवन्तिका मिश्र गुमला रांची को बच्चों की शिक्षा के लिए	,,	६००-००
१३	शिव मन्दिर सीलमपुर दिल्ली को सहायता	जनवरी	२५-००
१४	एस० जी० पौनीकर को मकान भाड़े के लिए सहायता	जनवरी से दिसंबर	३००-००
१५	रामवृक्ष जी शर्मा को ,,	,,	३००-००
१६	दिवाकर देशपाण्डेय को सहायता	,,	३०००-००
१७	सिरियाबाई बिशनगढ़ झुंझुनू को सहायता	,,	१२००-००
१८	रमेशचन्द्र शर्मा तसई को औषधालय के लिए सहायता	,,	४२०-००
१९.	मूरजीलाल तसई मन्दिर के लिए सहायता	,,	१२०-००
२०.	आनन्दमयी संघ नई दिल्ली को सहायता	,,	१२००-००
२१.	बनवारीलाल बिरला लाइन्स दिल्ली बच्चे की पढ़ाई के लिए	जनवरी से सितंबर	४५-००
२२.	देवदत्त भारद्वाज सांधन को मंदिर के लिए सहायता	जनवरी से अक्टूबर	२२५०-००
२३.	श्री पं० जनार्दन जी भट्ट को सहायता	जनवरी से दिसंबर	६०००-००
२४.	रुचिराम जी आर्योपदेशक को सहायता	,,	२४००-००
२५	श्रीमती गंगाशाह नई दिल्ली को सहायता	,,	२४००-००
२६.	बरवाला ग्राम मंदिर को सहायता	,,	३००-००
२७.	मंदार हिल मन्दिर को सहायता	,,	१९००-००
२८.	ज्ञानदेवी गाइड बिरला मंदिर को सहायता	,,	८६०-००
२९.	महीपाल जी शास्त्री अलवर को प्रचारार्थ सहायता	,,	१८००-००
३०.	ब्रह्मानंद जी सहवई को मंदिर के लिए सहायता	,,	७२-००
३१.	दुर्गाप्रसाद मलिकपुर को औषधालय के लिए सहायता	जनवरी से अक्टूबर	२५०-००
			४६४६२-००

	पिछले पृष्ठ का जोड़		४६४६२-००
३२.	अरुणा कुमारी को छात्रवृत्ति	जनवरी से दिसंबर	३६०-००
३३.	सतीश कुमार को छात्रवृत्ति	,,	१२०-००
३४.	सुश्रुत रामजस स्कूल आनन्द पर्वत नई दिल्ली को छात्रवृत्ति	,,	३६०-००
३५.	राकेश कुमार को छात्रवृत्ति	,,	३६०-००
३६.	शरत कुमार को छात्रवृत्ति	,,	१२०-००
३७.	गुरुकुल झज्जर रोहतक को सहायता	,,	१२००-००
३८.	हरिशरण वनवासी छात्रावास सिमडेगा रांची सहायता	,,	१२००-००
३९.	राजकमल कौशिक पाटन को छात्रवृत्ति	,,	३६०-००
४०.	मालारानी हजारी बाग, विहार को छात्रवृत्ति	,,	३००-००
४१.	जुगलकिशोर नौटियाल टिहरी गढ़वाल को छात्रवृत्ति	,,	४००-००
४२.	स्वामी रामानुज उत्तरकाशी को सहायता	,,	३००-००
४३.	गोविन्दा देवी तिवारीपुर को सहायता	,,	६००-००
४४.	संकटमोचन हनुमान मन्दिर शिमला को सहायता	,,	१२००-००
४५.	आर्य वेद प्रचार मंडल मेवात नगीना	जनवरी से अक्टूबर	१०००-००
४६.	सांग वेद महाविधालय नरवर नरौरा बुलन्दशहर	जनवरी से दिसंबर	६००-००
४७.	चन्द्रमणि पाठशाला कुशीनगर	,,	४८०-००
४८.	वी० वी० वी० कांचीपुरम को सहायता	,,	४८०-००
४९.	वीरेन्द्र कुमार नीमता कलकत्ता को सहायता	,,	३००-००
५०.	जाह्नवी संस्कृत पाठशाला कालाकांकर	,,	३००-००
५१.	आर्यसमाज कोसी कलां मथुरा औषधालय के लिए	,,	३००-००
५२.	मनोरमा देवी कलकत्ता को सहायता	,,	६००-००
५३.	ठा० मणिराम सिंह आगरा को सहायता	,,	१००-००
५४.	सीताराम जयराम ऐंग्लो संस्कृत विधालय सुमेरपुर उन्नाव	,,	३००-००
५५.	नवली देवी शामली को सहायता	,,	१२०-००
५६.	सावित्री देवी जलन्धर को सहायता	,,	१८०-००
५७.	विरोजा देवी कलकत्ता को सहायता	,,	२४०-००
५८.	भारतीय विधा भवन बम्बई को सहायता	,,	१२००-००
५९.	गुरुकुल वैदिक आश्रम वेदव्यास राउरकेला	,,	३६००-००
६०.	विश्वनाथ संस्कृत पाठशाला उत्तरकाशी	,,	२४००-००
६१.	राजेन्द्रनाथ कमलानगर को छात्रवृत्ति	,,	३००-००
६२.	ज्ञानेन्द्रदेव जी सूफी को प्रचारार्थ सहायता	,,	३५०-००
६३.	उषारानी कमलानगर को छात्रवृत्ति	,,	३००-००
६४.	सहायता भेजने में बीमा मनिआर्डर कमीशन का लगा		६६१-९०
			६७१८३-९०

सड़सठ हजार एक सो तिरासी रुपये नब्बे पैसे।

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ

एकमुश्त सहायता - सन् १९८० में

१-	भारत कृषि गोसेवा संघ गोपुरी वर्धा महाराष्ट्र को गोवंश की रक्षार्थ	१००००-००
२-	रामरिख मनहर को सहायता	५०००-००
३-	मुजफ्फरपुर आई हास्पिटल बिहार को सहायता	५०००-००
४-	गरीबों तथा अनाथों में १०० रजाइयां वितरण की गयीं	४८८५-००
५-	हिन्दू सेवा सदन हास्पिटल वाराणसी को सहायता	३५००-००
६-	श्री सनातन धर्म सभा लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट नई दिल्ली को सहायता	३५००-००
७-	सत्य साई ट्रस्ट बंगलौर को ग्राम विकास के लिए सहायता	२५००-००
८-	काशी विश्वनाथ सेवा समिति कलकत्ता को बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता	२५००-००
९-	गोस्वामी गिरधारीलाल जी को धर्म प्रचारार्थ जापान यात्रा के लिए	२५००-००
१०-	अरुण प्रसाद को विदेश में शिक्षा के लिए सहायता	२५००-००
११-	विवेकानन्द निधि को धर्म प्रचार के लिए सहायता	२५००-००
१२-	झुंझुनू सेवा समिति झुंझुनू को अस्पताल के निर्माण के लिए सहायता	२०००-००
१३-	कन्या गुरुकुल हरिद्वार कनखल को यज्ञशाला निर्माण के लिए सहायता	२०००-००
१४-	राम कृष्ण मिशन नई दिल्ली को खेतड़ी सूखा क्षेत्र में चारे के लिए	२०००-००
१५-	विवेकानंद राक मेमोरियल एंड विवेकानंद पुरम को योग प्रचार के लिए	२०००-००
१६-	अरविन्द सोसाइटी जयपुर को भवन निर्माण के लिए सहायता	२०००-००
१७-	आल इंडिया ब्लाइंड रिलीफ सोसाइटी लाजपतनगर नई दिल्ली को सहा०	२०००-००
१८-	नीलकण्ठ महादेव मन्दिर करोलबाग नई दिल्ली को सहायता	२०००-००
१९-	रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट आफ कल्चर को सहायता	१५००-००
२०-	भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा ट्रस्ट बिरला लाइन्स मकान मरम्मत के लिए	१५००-००
२१ -	डी० भण्डारी को रिसर्च के लिए सहायता	१५००-००
२२-	हिन्दूइज्म ए फिलासफी आफ लाइफ के लिए कागज खरीदा	१४९७-६५
२३-	गुरुकुल चित्तौड़गढ़ राजस्थान को सहायता	१२००-००
२४-	पावर इन टैम्पल पुस्तक की छपाई में व्यय हुआ	१०८०-००
२५-	गुरुकुल महाविधालय बैरगनिया सीतामढ़ी को यज्ञशाला निर्माण के लिए	१०००-००
२६-	श्री जनार्दन जी भट्ट को वस्त्रों के लिए सहायता	१०००-००
२७-	स० ध० प्र० सभा नई दिल्ली को कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण पर कैम्प के लिए	१०००-००
२८-	स० ध० प्र० सभा पंजाब नई दिल्ली को महावीर दल के लिए सहायता	१०००-००
२९-	कल्याण आरोग्य सदन सांवली सीकर राजस्थान को सहायता	१०००-००
३०-	स्वर्गाश्रम पीली कोठी चित्रकूट सतना को प्याऊ के लिए सहायता	१०००-००
३१-	रामकृष्ण आश्रम नरेन्द्रपुर बंगलौर को आश्रम की सहायतार्थ	१०००-००
३२-	हरिशरण अन्नानगर मद्रास को लड़के के आपरेशन के लिए सहायता	१०००-००
३३-	बिरला मन्दिर संधिन की मरम्मत के लिए सहायता	१०००-००
		७५९९२-६५

पिछले पृष्ठ का जोड़ ७५६६२-६५

३४-	स० ध० प्र० सभा पंजाब हरिद्वार को अर्धकुंभी पर धर्म प्रचार के लिए सहायता	१०००-००
३५-	रामानन्द मुखर्जी पार्क नई दिल्ली को छात्रवृत्ति तथा पुस्तकों के लिए	१०००-००
३६-	सत्य नारायण बरुवा गांधीनगर दिल्ली को वस्त्र के लिए सहायता	१०००-००
३७-	स० ध० प्र० सभा पंजाब नई दिल्ली को गोस्वामी जी की बरसी के लिए	१०००-००
३८-	हरिराम अग्रवाल देहरादून को पत्नी की चिकित्सा के लिए सहायता	१०००-००
३९-	सनातन धर्म पीठ श्री पशुपतिनाथ मंदिर को जीर्णोद्धार के लिए सहायता	१०००-००
४०-	रामकृष्ण सेवाश्रम तेजपुर को शिक्षा प्रचार के लिए सहायता	१०००-००
४१-	श्री मायानन्द गिरि सं० म० वि० पाटम्बरीमठ वाराणसी को भवन निर्माण	१०००-००
४२-	गवर्नमेंट सैकेंडरी स्कूल डिडावना फागी राजस्थान को टाइप खरीदने के लिए	१०००-००
४३-	परमानन्द राजोरी गार्डन को छात्रवृत्ति तथा फीस के लिए सहायता	७०५-००
४४-	मथुरा वृन्दावन हासानन्द गोचर भूमि ट्रस्ट समिति मथुरा को प्याऊ के लिए	६००-००
४५-	हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट वाराणसी को नेत्र चिकित्सा शिविरार्थ	५००-००
४६-	वेद विद्यालय गुरुकुल घरौंडा करनाल को अन्न भण्डार के लिए सहायता	५००-००
४७-	केदार कलकत्ता को सहायता दी गयी	५००-००
४८-	श्री ब्रह्मदेव जी शास्त्री को नातिनी की शादी के लिए सहायता	५००-००
४९-	माधोलाल हरलालका कलकत्ता को कन्या के विवाह के लिए सहायता	५००-००
५०-	सं० पा० श्री रासबिहारी मं० सें० स० बठेनकलां मथुरा को भवन निर्माण के लिए	५००-००
५१-	बिरला मन्दिर सांधन अछनेरा को मंदिर मरम्मत के लिए सहायता	५००-००
५२-	सहोद्रा देवी मदनगंज किशनगढ़ राजस्थान को अन्न वस्त्र के लिए सहायता	५००-००
५३-	राधाकृष्ण बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी को सहायता	५००-००
५४-	सनातन धर्म सभा मन्दिर जहांगीरपुरी को सहायता	५००-००
५५-	सीताराम मन्दिर टपूकड़ा अलवर राजस्थान को मरम्मत के लिए	५००-००
५६-	शिव मन्दिर तराई को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सहायता	५००-००
५७-	डा० कमला चौहान ग्वालियर को आइडियल चिल्ड्रेन स्कूल के लिए सहायता	५००-००
५८-	युवा दलित उत्थान और विकास समिति इन्द्रपुरी को मंदिर धर्मशाला निर्माण	५००-००
५९-	पूर्णमासी तिवारी नई दिल्ली को चिकित्सा के लिए सहायता	५००-००
६०-	रामजी प्रसाद गुप्त सोखाजार सहर्षा को बच्चे की चिकित्सा के लिए	५००-००
६१-	हनुमान प्रसाद पोद्दार समिति सेवा ट्रस्ट को नेत्र चिकित्सा यज्ञ के लिए	५००-००
६२-	सफेद वस्त्रों वाले साधु को दूध चाय आदि की सहायता	४८०-१५
६३-	श्री स० ध० स० लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट नई दिल्ली को मद्रासी साधु के लिए	४५७-२०
६४-	लक्ष्मीशंकर त्रिपाठी को चन्द्रमणि पाठशाला कुशीनगर की मरम्मत के लिए	३००-००
६५-	विद्यालय विकास समिति बिरला आधारिक विद्यालय चमोली विद्यालय निर्माण	२५०-००
६६-	स्वर्गाश्रम चित्रकूट को संक्रान्ति पर तिलवा वितरण के लिए सहायता	२५०-००
६७-	अ० भा० श्री सनातन धर्म युवक मंडल को महाअधिवेशन के लिए सहायता	२५०-००
६८-	मोहनलाल जी शर्मा को वस्त्रों के लिए सहायता	२५०-००
६९-	रुचिराम जी हरकेश नगर को वस्त्रों के लिए सहायता	२५०-००
७०-	राजलक्ष्मी कुमारी पटना को पढ़ाई के लिए सहायता	२५०-००
७१-	बैजनाथ शर्मा गाजियाबाद को भुवनेश्वर मंदिर की मरम्मत के लिए सहायता	२५०-००
		९७४५५-००

	पिछले पृष्ठ का जोड़	९७४५५-००
७२-	कुमारी स्वर्णलता पाण्डेय पिलानी को पढ़ाई के लिए सहायता	२५०-००
७३-	ज्ञानेन्द्रदेव जी सूफी को हनुमानगढ़ राजस्थान को भरण पोषण के लिए	२५०-००
७४-	गणेश कहार दरपीपुर सुल्तानपुर को सहायता	२५०-००
७५-	रामलीला समिति वाराणसी को सहायता	२५०-००
७६-	सनातन धर्म सभा चमोली को कथा के लिए सहायता	२५०-००
७७-	सवितन देवी दर्शनपुरवा को तीर्थ यात्रा के लिए सहायता	२००-००
७८-	शीलादेवी सोहनगंज को सिलाई की मशीन के लिए सहायता	२००-००
७९-	ममतादेवी मोहनपुर दरभंगा को पढ़ाई के लिए सहायता	२००-००
८०-	एस० एल० अग्रवाल सिलीगुडी को धर्मशाला बनाने के लिए सहायता	२००-००
८१-	दिवाकर देशपाण्डेय को सर्दी के वस्त्रों के लिए सहायता	१६०-००
८२-	देवकीप्रसाद सुपुत्र रामचन्द्र नई दिल्ली को फीस तथा पुस्तकों के लिए	१५०-००
८३-	कुसुमावली गोखले पूना को पुत्र की पढ़ाई के लिए सहायता	१५०-००
८४-	सनातन धर्म लीला कमेटी दिल्ली को सहायता	१०१-००
८५-	अमर सिंह दिल्ली को मकान मरम्मत के लिए सहायता	२००-००
८६-	मुलेरी देवी वाराणसी को सिलाई मशीन के लिए सहायता	१००-००
८७-	धूहाराम माली पिलानी को सहायता	१००-००
८८-	ललितकुमार बंगला साहब मार्केट नई दिल्ली को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
८९-	बलवन्तसिंह कुंढी वाराणसी को अन्न वस्त्र के लिए सहायता	१००-००
९०-	पुरुषोत्तम महाराज वाराणसी को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
९१-	सीताराम शाद को औषधि चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
९२-	मुबारक अहमद बामा को संस्कृत पढ़ने के लिए सहायता	१००-००
९३-	आशा खत्री कानपुर को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
९४-	पं० रामाश्रय मिश्र मोहन नगर विहार को कन्या के विवाह के लिए	१००-००
९५-	उषारानी मजूमदार कलकत्ता को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
९६-	गिरजासिंह पजरी विहार को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
९७-	श्री भगवद् गुणगान चतुर्थ सम्मेलन सुभाष मैदान दिल्ली को सहायता	१००-००
९८-	बाबूभाई चिमनलाल त्रिपाठी बालासिनोर को लड़के की फीस के लिए	१००-००
९९-	केशरीशरण अयोध्या जी को मंदिर की सहायता	१००-००
१००-	खेमसिंह राठौर कमलानगर को पुत्री की चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१०१-	चन्द्रभान वर्मा हापुड़ को औषधि चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१०२-	सी० सुब्रामनि नई दिल्ली को औषधि चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१०३-	कुसुमावती पूना को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१०४-	हरिश्चन्द्र भागीरथ पैलेस दिल्ली को बौद्ध धर्म के अध्ययन के लिए	१००-००
१०५-	सुदामादेवी दहियावाँ के टोला छपरा को कन्या के विवाह के लिए	१००-००
१०६-	श्यामलाल अग्रवाल गांधीनगर को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
१०७-	राधारानी माहेश्वरी मथुरा को कन्या के विवाह के लिए	१००-००
१०८-	आर्यसमाज बिरला लाइन्स दिल्ली को स्वर्ण जयन्ती महोत्सव पर सहायता	१००-००
१०९-	भगवती प्रसाद माहेश्वरी अलीगढ़ को कन्या के विवाह के लिए सहायता	१००-००
११०-	वैदिक संस्थान नजीबाबाद बिजनौर को पुस्तक प्रकाशन के लिए सहायता	१००-००
		१०२७९६-००

पिछले पृष्ठ का जोड़ १०२७६६-००

१११-	राधा कृष्ण चन्देल नवलगढ़ राजस्थान को बच्चों की पढ़ाई के लिए	१००-००
११२-	खुशीराम मिश्र देहरादून को औषधि चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
११३-	चम्पा गोस्वामी वृन्दावन मथुरा को पुत्री के विवाह के लिए	१००-००
११४-	सावित्री देवी कानपुर को मकान के लिए सहायता	१००-००
११५-	मातूराम शर्मा पिलानी राजस्थान को परिवार के भरण पोषण के लिए	१००-००
११६-	गांधी आश्रम वाल्मीकि हरिजन सेवा समिति किशोरपुरा स्कूल भवन के लिए	१००-००
११७-	सी० आर० वेंकटेश्वरण मालधाट को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए	१००-००
११८-	राम भजन मिश्र अजमेर को धर्म प्रचारार्थ सहायता	१००-००
११९-	शंकर वामन देवले आकोट को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सहायता	१००-००
१२०-	सुधीर हल्कार कमरपाड़ा कलकत्ता को पत्नी की चिकित्सा के लिए	१००-००
१२१-	बलवन्त मिश्र कुंडी वाराणसी को अन्न वस्त्र के लिए सहायता	१००-००
१२२-	किशनलाल नई दिल्ली को बच्चों की पढ़ाई के लिए सहायता	१००-००
१२३-	रामजीदास व कल्याण शेखपुरा को चिकित्सा के लिए	१००-००
१२४-	गोपाल नारायण बोस कलकत्ता को सहायता	१००-००
१२५-	संकटा प्रसाद मिश्र कुंडी वाराणसी को सहायता	१००-००
१२६-	विजय सोनी नई दिल्ली को पति के इलाज के लिए	१००-००
१२७-	कु० किरण बाला पिलानी को पढ़ाई के लिए सहायता	१००-००
१२८-	के० एस० राममूर्ति चिंगलपुर को कुष्ट रोग चिकित्सा के लिए	१००-००
१२९-	रामावतार माटोलिया फतेहपुर को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१३०-	अनिल कुमार शर्मा वृन्दावन को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१३१-	बलवन्त मिश्र कुंडी वाराणसी को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१३२-	नेमीचन्द झुंझनू को पढ़ाई के लिए सहायता	१००-००
१३३-	बाबा फाल्गुनीदास वृन्दावन को चिकित्सा के लिए सहायता	१००-००
१३४-	सतीशचन्द्र शुक्ला कमला मार्केट नई दिल्ली को कन्या के विवाह के लिए	१००-००
१३५-	लक्ष्मणसिंह गुरावा महेन्द्रगढ़ को पढ़ाई के लिए सहायता	१००-००
१३६-	महावीर सिंह पीपली झुंझुनू को पढ़ाई के लिए	१००-००
१३७-	रघुनाथ मिश्र कुंडी वाराणसी को भरण पोषण के लिए सहायता	१००-००
१३८-	जयकरण पिलानी को पढ़ाई के लिए सहायता	१००-००
१३९-	रामस्वरूप योगी शास्त्री को संस्कृत प्रचार के लिए सहायता	१००-००
१४०-	छोटी छोटी रकमों की सहायता (१००-०० से कम की)	६६२४-७४
१४१-	भिन्न भिन्न लोगों को प्रचारार्थ पुस्तकें दी गई	६१७-८७
१४२-	सहायताएं भेजने में बीमा मनिआर्डर कमीशन का लगा	४६४-८०
		११६७०३-४१

एक लाख सोलह हजार सात सौ तीन रुपये इक्तालीस पैसे ।

अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ

शर्तों वाली सहायता दी गई १६८० में

मोरीशश फीजी गायना आदि देशों से आये हिन्दुओं की सहायता फण्ड

१- विदेशी यात्रियों को धार्मिक पुस्तकें दी गई — १०४४-०६

अमेरिका यूरोप आदि देशों से आये लोगों में आर्य धर्म प्रचार फण्ड

१- जार्ज हैनरी अर्जेण्टाइना वाले को सहायता	जनवरी से दिसंबर	३६०-००	
२- महेन्द्रनाथ अवधूत अंग्रेज साधु को सहायता	,,	६००-००	
३- विदेशी यात्रियों को धार्मिक पुस्तकें दी गई		४०५६-१०	५०१६-१०

बौद्ध देशों से भारत आने वाले बौद्ध यात्रियों की सहायता फण्ड

१- भिक्षु थिरिजेय को सहायता	जनवरी से अक्टूबर	२५०-००	
२- रेवरेण्ड सिनोजाकी को सहायता	जनवरी से दिसंबर	७२०-००	
३- जयवर्धन इन्दुसुमन को सहायता	,,	४२०-००	
४- प्रो० तान युन शान शांतिनिकेतन को सहायता	,,	२४००-००	
५- भिक्षु संघ रत्न को सहायता	,,	३००-००	
६- मुनि कनक विजय को सहायता	,,	६००-००	
७- जापानी बौद्ध शिष्ट मण्डल को सहायता		४००-००	
८- सहायता भेजने में बीमा मनिआर्डर कमीशन	,,	१६-४५	५१०६-४५

दक्षिण भारत के हिन्दुओं में शिक्षा प्रचार सहायता

१- आर्य प्रतिनिधि सभा मध्य दक्षिण हैदराबाद को सहायता जनवरी से दिसंबर — २४००-००

हिन्दुओं में हाथ की कला कारीगरी तथा ग्रामोद्योग सहायता

१- रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल चेरापूंजी आसाम	जनवरी से दिसंबर	३००-००	
२- राजस्थान बाल सेवा सदन फतेहपुर को सहायता	,,	३००-००	६००-००

शुद्धि से दीक्षित होकर हिन्दू धर्म में आये हुओं की सहायता

१- आर्य वेद प्रचार मण्डल नगीना को सहायता	२००-००	
२- देवदत्त भारद्वाज अछनेरा को सहायता	४५०-००	
३- ठा० मणिरामसिंह आगरा को सहायता	२०-००	६७०-००

नेत्र चिकित्सा तथा औषधालयों को सहायता फण्ड

१- शर्मा जी को चश्मा बनाने के लिए सहायता — १०७-००

१४६४६-६१

१४६४६-६१

सिख छात्रों को संस्कृत तथा आयुर्वेद पढ़ाने की छात्रवृत्ति फंड

१- पन्द्रह सिख छात्रों को छात्रवृत्तियां दी गई १६००-५०

हरिजनोत्थान तथा चमड़ा उद्योग सहायता फंड

१- हिन्दू धर्म सेवा संघ रांची	जनवरी से दिसंबर	२४००-००	
२- सनातन धर्म सन्त समाज रायगढ़	,,	१२००-००	
३- धर्म सेवा संघ वनगुर्ले	,,	६००-००	
४- गांधी गुरुकुल भंवरनाथ आजमगढ़	,,	३००-००	
५- हरिजन गुरुकुल दोहरीघाट आजमगढ़	,,	३००-००	
६- हिन्दू धर्म रक्षक प्रसारक मण्डल बड़ौदा	,,	२४००-००	
७- मयूराश्रम गोरेगांव बम्बई		२४००-००	
८- आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान		१२००-००	
		------	१०८००-००

राजस्थानी महिलाओं को सहायता फंड

१- राजस्थानी पांच महिलाओं को सहायता दी गई ६६२-२५

हिन्दू उरांव मुंडा बोर्डिंग रांची को सहायता

१- छात्रावास के जनवरी से दिसम्बर १९७९ के खर्चे का लगा	२०६९-९६	
२- छात्रावास के हाउस टैक्स का	५३२-७५	
	------	२६०२-७१

आर्य धर्म सेवा संघ द्वारा प्राप्त सहायता फंड

१- मन्दार हिल मन्दिर को सहायता	जनवरी से दिसंबर	१८०-००	
२- खहवई मन्दिर अलवर को सहायता	,,	६०-००	
३- पं० रामचन्द्र जी शास्त्री बिरला लाइन्स	,,	३६०-००	
		------	६००-००

			३१५४५-०७

इक्कीस हजार पांच सौ पैंतालीस रुपये सात पैसे ।

Vegetarian

संसर्पमास मासिकव्रत पर्वों के लिए शुध्द है

। एक शास्त्रीय विवेचन ।

प्रिय विद्वद्वर्य

वि॰ सं॰ 2039 में क्षयमास आ रहा है। इस कारण ई० सन 1982 में दशहरा दीपावली आदि पर्वों की तिथियों के विषय में भारी मतभेद की आशंका है। कुछ पन्चांगकार पूर्वाग्रह के कारण शास्त्रवाक्यों के मन माने अर्थ करके ऋषियों के अभिमत की अवहेलना कर रहे हैं। हम यहाँ शास्त्रवाक्यों का स्पष्टीकरण तथा प्रतिवादियों के आक्षेपों की समालोचना करना आवश्यक समझते हैं।

वि0 सं0 2039 में पूर्तिपक्षपरिभाषानुसार शुक्लादि पौष लुप्त होगा और माघ द्विसक्रान्ति होने से क्षय सन्ज्ञक माना जाएगा। इस क्षय मास से पहिले आश्विन एवं वाद में फाल्गुन मास असंक्रान्त होगें। क्षयमास से पूर्व आने वाले संक्रान्तिरहित मास को शास्त्रकारों ने मलमास न मान कर उसे संसर्प संज्ञा दी है। केवल उत्तरवर्ती असंक्रान्त मास को ही वास्तविक अधिमास माना है। प्रथम संसर्पसन्ज्ञक असंक्रान्त मास को अन्यगतिक विवाहादि मंगलकृत्य एवं उद्यापन यज्ञ सप्ताह आदि उत्सवों के लिए ही वर्जित माना है। मासिक व्रत पर्वों के लिए तो इसे शुध्दही माना गया है। संसर्पमास को व्रत-पर्वों के लिए शुध्द मानने में निम्नलिखित दो मुख्य कारण है :--

1। संसर्प के मासिक व्रतपर्वों के लिए शुध्दत्व में गणितीय तर्क यह है कि पहिले असंक्रान्त।संसर्प। मास के आने से 30 तिथि के लगभग अधिशेष सौरचान्द्र पंचांग से बहिष्कृत हो जाता है और बाकी बचा अधिशेष संसर्प से क्षयमास तक के दो तीन मासों में लगभग दो तीन दिन ही बढ़ता है। क्षयमास के आने के तुरन्त बाद इस अधिशेष में वही बहिर्भूत अधिशेष पुन: समाविष्ट हो जाता है और इस प्रकार दो तीन मास बाद ही पुन: कुल अधिशेष 30 तिथि के लगभग बन जाता है। इस तरह केवल दो तीन मासों के लिए ही वह अधिशेष बहिष्कृत सा प्रतीत होता है। वास्तव में वह सौर चान्द्र पन्चांग से सदैव के लिए मलमास के रूप में बहिष्कृत नही हुआ। उसका यह बहिष्कार आभासमात्र है। अत: यह अधिमास न होकर अधिमासाभास ही है। यदि संसर्प वास्तविक अधिमास होता तो उसके लगभग दो चार मास बाद ही पुन: मलरूप मास।द्वितीय अधिमास। प्रवृत्त नही होता। द्वितीय अधिमास ही वास्तविक अधिमास है। क्योंकि उसके बाद ही अधिशेष वस्तुत: समाप्तप्राय हो कर 32 मासों तक आगे बढ़ने के लिए प्रवृत्त होता है। अस्थायी अधिमासाभास असंक्रान्तमास संसर्प को किसी भी दृष्टि से अधिमास मलमास नही माना जा सकता।

====2====

ध्यान रहे -कल्पाधि मासों में संसर्प असंक्रान्तमासों की गणना नहीं है यदि प्रतिशताब्दि एक संसर्प मास भी लिया जाए तब भी कल्प वर्षों में अधिमासों की संख्या लगभग 50 हजार और अधिक होगी जो कि सूर्यसिध्दान्त आदि में निर्दिष्ट कल्पगत अधिमास संख्या में समाविष्ट नही है। ∴ इसके अतिरिक्त अर्हर्गण गणना में संसर्पाधिमास व क्षयमास को नही लिया जाता केवल - एक ही अधिमास को लेकर गणना चलती है अर्हर्गणगणना में संसर्पअसंक्रान्त मास क्षयमास से अपाकृत माने जाते हैं। अत: संसर्प को अधिमास मानना तथा क्षयमास में एक लोप मानना शास्त्र संगत नही है।

2॥ संसर्प को मासिक व्रत पर्वो के लिए शुध्द मानने में गणितीय तर्क के अतिरिक्त धार्मशास्त्र सम्बध्द हेतु भी है। वह यह है कि क्षयमास आने से एक मास का परिभाषा दृष्ट्या॥गणित मात्र से प्राप्त॥ लोप हो जाने के कारण उस मास के व्रत पर्वो के लोप का प्रसंग गले पड़ जाता है और यदि दोनों मासों के ॥ लुप्त मास तथा द्विसंक्रान्तिक मास के ॥ व्रतपर्वों को एक ही मास में साथ साथ सांकर्येण मनाने का प्रयत्न किया जाए जैसा कि कुछ पन्चांगकार कर रहे है॥ तो बहुत से व्रतपर्वों का लोप तथा उनके क्रम में अक्षम्य विपर्यास आ जाते हैं जो कि सौरचान्द्र पन्चांग के स्वाभाविक प्रवाह व परम्परा के विरुध्द है। ध्यान रहे इस अव्यवस्था को दूर करने का एकमात्र उपाय धार्मशास्त्रवाक्यानुसार संसर्पमास को मासकव्रत पर्वों के लिए शुध्द स्वीकार करना ही है। जिसकी व्यवस्था गणित सिध्दान्त दृष्ट्या भी हमें प्राप्त है। इसी अभिप्राय से संसर्प को शुध्द मानाना सभी धार्मशास्त्रकारों को अभिमत रहा है। और उन्होने द्वितीय असंक्रान्तमास को ही अधिमास या मलमास घोषित किया है। ध्यान रहे इस समस्या के गणितीय विश्लेषण से स्पष्ट है कि बंगदेशीय रघुनन्दन मिश्र आदि विद्वानों का द्वितीय असंक्रान्तमास को शुध्द मानना तर्कसंगत नही। इसमें सन्देह नही, कि मासिक व्रत पर्वो के लोप को दूर करने में श्री रघुनन्दन जी का प्रयास प्रशास्य है। परन्तु सिध्दान्त दृष्ट्या द्वितीय अधिमास को शुध्द मानना युक्तिसंगत नही है। प्राचीन शातातप जाबालि आदि सभी ऋषियों ने पूर्ववर्ती असंक्रान्तमास को ही शुध्द मानते हैं।

" एकत्र मासद्वितयं यदि स्याद वर्षे अधिकं तत्र परोअधिमास: । ॥शातातप:॥
प्राकृत स्तत्र पूर्व: स्यादुत्तरस्तु मलिम्लुच: ॥जाबालि: ॥

यहाँ पर प्राकृत शब्द का अर्थ निर्णय सिन्धु के टीकाकार श्री कृष्ण भट्ट जी ने " त्रिंशात्तिथ्यात्मक " किया है। जब ऋषियों ने संसर्प को मलमास ही नही माना, तो स्पष्ट है कि वे इसे मलमास लक्षणों से रहित मानते हैं। अर्थात इसे षष्टितिथ्यात्मक नहीं माना जा सकता। अब यह स्पष्ट है, कि संसर्प का निज

====3=====

‡ मास द्वि:शुध्द मास ‡ नही होगा इस प्रकार सं0 2039 में आश्विन संसर्प के बाद क्रमश: कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, लिखाने होगें । और वस्तुगत्या किसी भी मास का लोप नही होगा । संसर्प को मलमास न मानने में ऋषिवाक्यों का यही सुस्पष्ट अभिप्राय है । ध्यान रहे सौर, चान्द्र पन्चांग में कालनैयून्य ‡ एक मास के लोप ‡ की वस्तुस्थिति में कोई सत्ता नही है । केवल पूर्ति पक्षानुसारिणी परिभाषा के अनुसार एक मास के लोप की प्रतिती होती है इस का प्रतिवाद ऋषियों ने संसर्प को शुध्द घोषित करते हुए किया है । यह स्पष्ट है कि क्षयमास से पूर्व वर्ती असंक्रान्तमास को मलमास ‡षष्टितिथ्यात्मक‡ मानने के कारण ही एक मास का लोप प्रसक्त होता है । यदि संसर्प को ऋषियों के वाक्यों के अनुसार अनधिक मास त्रिंशत्तिथ्यात्मक मान लिया जाए तो एक मास का लोप प्रसक्त ही नहीं होता । दूसरे शब्दों में हम कह सकते है कि क्षय पूर्ववर्ती असंक्रान्त मास ही एक मास के लोप का कारण है । जब इसे शुध्छ या त्रिंशत्तिथ्यात्मक माना जाएगा तो इसके अशुध्दत्व के फलस्वरूप एक मास का लोप प्रसक्त ही नही होगा " निमित्तापाये नैमित्तिकस्या प्यपाय: " अत: संसर्प को अधिमास न मानने वाले आर्षमत के अनुसार यह सिध्द है कि संसर्प को अधिकमास न मानने से तदुत्तरवर्ती मासों के नाम स्वत: उत्तरोत्तर बदल जाएगें अन्यथा संसर्प को मलमास न मानना निष्प्रयोजन सिध्द होगा । अत: मासिक व्रतपर्वों के लिए संसर्प मास के उत्तरवर्ती मासों के नाम-परिवर्तन शास्त्र सम्मत हैं । यही बात श्री अमृतनाथ शर्मा ने कृत्यसार समुच्चय में स्पष्ट की है " यत्र कार्तिक के क्षयाख्य: तत्र कार्तिक कृष्ण मार्गशीर्षशुक्ल पक्षयों: अविकृत्तत्वमेव । कार्तिक शुक्ल मार्ग कृष्ण पक्षयों: क्षय कार्तिक शुक्ल, क्षय मार्ग शीर्ष कृष्णत्वेनाभिधानं, नतु शुक्लादि कार्तिक लोप: । " अर्थात् जब कार्तिक क्षयाख्यमास होगा तो भी शुक्लादिकार्तिक का लोप नही माना जाएगा । निर्णयसिन्धु के टीकाकार श्री कृष्णभट्ट ने भी यही बात स्पष्ट लिखी है --" यत्र कन्यायां संसर्प:, तत्र आश्विन परशो: कार्तिकादिकृत्यं बोध्यम् । " अर्थात जब आश्विन संसर्प होगा तब आश्विन संसर्प के बाद क्रमश: कार्तिक मार्गशीर्षादि के कृत्य अनुष्ठेय होगें । इस प्रकार वि0 सं0 2039 में पौष का लोप नही माना जाएगा एवं इससे किसी व्रत पर्व का लोप या व्रतपर्वों का क्रम विपर्यास नही होगा । शुक्लादि आश्विन के असंक्रान्तत्व ‡ न कि अधिमासत्व ‡ को प्रकट करने के लिए इसके साथ संसर्प विशेषण को प्रयोग होगा जिससे यह संकेतित होगा कि यह मास असंक्रान्त होते हुए भी मासिक व्रतपर्वों के लिए शुध्द तथा केवल विवाहादि अन्यगतिक मंगलकार्यों के लिए अग्राह्य है ।

===4====

द्विसंक्रान्तिक क्षयाख्य माघ मास एक मास (पौष मास) को पूर्ति पक्षीय परिभाषानुसार ग्रस्त करता है अत: इसे अहंस्पति (एक मास ग्रासित्वात् अंहस:=पापस्य पतिरिति = अहंस्पति:) विशेषण के साथ लिखा जाएगा । इस विशेषण के प्रयोग से इस मास का द्विसंक्रान्तित्व (न कि पौष का लोप) संकेतित होगा और इसी मास में माघ मास सम्बन्धी व्रतपर्वों का अनुष्ठान होगा इससे उपर्युक्त पध्दति से प्रकटीभूत पुनर्लब्ध पूर्ववर्ती पौष मास में ही इस पौष मास से सम्बध्द व्रतपर्व लगाए जाएगें । इस प्रकार पिछले मासों में भी व्रत पर्व क्रमशः लगाए जाएगें ।

संसर्प को मासिक व्रतपर्वों के लिए भी अशुध्द मानने वाले अपने स्वकल्पित पक्ष की पुष्टि में यह वाक्य अक्सर उद्धृत किया करते है :--

" मासत्रयं त्याज्यमिदं प्रयत्नाद् विवाह यज्ञोत्सव मंगलेषु " अर्थात दोनों असंक्रान्त मास तथा क्षयमास ये तीनों मास विवाह यज्ञ उत्सव आदि मांगलिक कृत्यों के लिए वर्जित हैं । " यहाँ अन्यगतिक विवाह यज्ञादि उत्सव ही वर्जित लिखो है न कि अनन्यगतिक मासिक व्रतपर्व भी ।

उपर्युक्त वाक्य के अनुसार संसर्प की शुध्दता का विरोध करने वाले लोग संसर्प को तो मासिक व्रतपर्वों के लिए शुध्द नही मानते परन्तु आश्चर्य है कि वे क्षयमास में तो मासिक व्रतपर्व शिवरात्री आदि लगा रहे हैं । मासिक व्रतपर्वों के लिए वह " मासत्रयं त्याज्यमिदं " के अनुसार क्षयमास को अग्राह्य क्यों नही समझते " (उनका यह कहना भी नितान्त असंगत होगा कि लुप्त (पंचांग से गायब) मास ही क्षयमास होता है तदनुसार सं0 2039 में पौष लुप्त है अत: वही क्षय मास है , माघ नही । इस आधार पर सं0 2039 में शुक्लादि माघ मास के शिवरात्री आदि व्रतों का त्याग नही किया जा सकता इस विषय में हमारा तर्क है :---

यदि लुप्त मास ही क्षय मास माना जाता तो "मासत्रयं त्याज्य मिदं प्रयत्नात् -- " आदि वाक्यों में क्षयमास को विवाहादि कृत्यों के लिए वर्ज्य कहना सर्वथा अयुक्त सिध्द होगा । क्योंकि जो मास लुप्त ही है उसमें वर्ज्य कार्यों का निर्देश सर्वथा अनुपपन्न है - " :--- प्रसक्तस्यैव प्रतिषैधो भवति " जो मास है ही नही, उसमें वर्ज्य कर्मों का प्रतिषेध प्रसक्त ही नही होता । इससे स्पष्ट हो जाता है कि सं0 2039 में क्षयमास शुक्लादि पौष नही , अपितु शुक्लादि माघ ही है ।

====5===

गुजरात की एक ज्योतिष संस्था मे संसर्प को केवल श्राध्द के लिए शुध्द सिध्द करने के लिए वीरमित्रोदय का यह वाक्य उद्धृत किया है :--

" इदं संसर्पस्य शुध्दत्वं प्रतिपादनं विवाहादि व्यतिरिक्त क्षयाहादि श्राध्दादि विषयम् ।" जिसका अर्थ स्पष्ट है कि संसर्प की शुध्दता का प्रतिपादन विवाहादि के अतिरिक्त क्षयाहादि - श्राध्द आदि के लिए है । यहाँ श्राध्द स शब्द के साथ आदि शब्द का प्रयोग है -- जिससे यह स्पष्ट है कि क्षयाह आदि श्राध्दमात्र के लिए ही यह संसर्प शुध्द नही , अपितु मासिक व्रत पर्वों के लिए भी शुध्द है । यहाँ अन्तिम आदि शब्द से विवाहादि से अतिरिक्त अनन्य गतिक मासिक व्रतपर्वादि ग्राह्य है । यदि वीरमित्रोदयकार को केवल श्राध्द के लिए ही शुध्दता अभिप्रेत होती तो वे क्षयाहादि श्राध्दादि विषयम् " न लिखकर केवल " क्षयाहादि श्राध्द विषयम् ऐसे वाक्य का ही प्रयोग करते । पुरुषार्थचिन्तामणिकार ने भी लिखा है"संसर्पांहस्पत्योर्निन्दितत्वं विवाहादि शुभ कार्य विषयम् ।" विवाहव्द्यतिरिक्त श्रौतस्मार्त कर्मसु संसर्पो योग्य एव । "

अत: संसर्प एवं क्षयाख्य अंहस्पति मास श्रोत व स्मार्त कर्मों के लिए ग्रह्य ही हैं । इसके अतिरिक्त " मासप्रधानाखिलमेव कर्म भुक्त्वाखिलं कर्म न कार्यमत्र " यह आर्षवाक्य भी संसर्प को मासप्रधान कर्मों के लिए ग्राह्य और अन्य कार्यों (अन्यगतिक मासिक व्रतपर्वाद्यतिरिक्त मांगलिक कार्यों) के लिए वर्ज्य बतलाता है ।

इसके अतिरिक्त कुछ लोग प्रचार करते है कि क्षयमास से अव्यवहितपूर्व संसर्पमास को ही शुध्द मानना चाहिए । लेकिन वे एक भी आर्षवाक्य अपने इस स्वकल्पित मत की पुष्टि में उपस्थित नही कर सकते । जाबालि, शातातप आदि सभी ऋषियों के वाक्य व्यवहिताव्यवहित निरपेक्ष हैं और वे ऋषिवाक्य संसर्पमात्र के लिए प्रवृत्त होते हैं ।

किन्चध्यान रहे - क्षयमासपूर्व वर्ती (व्यवहित या अव्यवहित) असंक्रान्त मास को मलमास न मानने का एकमात्र उद्देश्य यही है कि एकवर्ष में दो असंक्रान्त मास आने के कारण एक मास के लोप को रोका जा सके एवं मासिक व्रतपर्वों के लोप व क्रमविपर्यास से बचा जाए ।

व्यवहित संसर्प को मासिक व्रतपर्वों के लिए अशुध्द मानने पर सं0 2039 में/माघ स्नानादि का लोप तथा व्रत पर्वों में असह्य क्रम विपर्यास आ जाता है । ऐसी स्थिति से स्पष्ट है कि केवल व्यवहित संसर्प को मासिक व्रत पर्वों के लिए शुध्द स्वीकार करना धर्मशास्त्र के मत की अहवेलना होगी ।

====6====

यह लोग अव्यवहित संसर्प मात्र को शुध्द मानने में निम्नलिखित स्वकल्पित तर्क देते हैं :--

! क्योंकि अव्यवहित संसर्प की स्थिति में निजमास लुप्त रहता है अर्थात् प्राप्त नही होता अत: यहाँ संसर्प को शुध्द मानने के अतिरिक्त अन्य कोई गति नही अत: अव्यवहित संसर्प ही शुध्द है ।" अर्थात् वह अव्यहित संसर्प को शुध्द मानने में अनन्यगतिकता ही कारण मानते हैं । हम उनसे प्रश्न करते है कि सं० 2039 में व्यवहित संसर्प आश्विन के बाद पौष !उनके मतानुसार पौष! लुप्त है । अर्थात् पौष प्राप्त नही है इस स्थिति में तो वे पौषमास के व्रतपर्व अंहस्पति द्विसंक्रान्ति माघ मास के व्रत पर्वो के साथ एक ही मास में सांकर्येण मनाने जा रहे हैं ? तो क्या बात है कि वे अव्यवहित संसर्प मास की स्थिति में निज मास लुप्त हो जाने पर !अर्थात् उसके प्राप्त न होने पर ! उसके ! लुप्त निज मास के व्रतपर्व द्विसंक्रान्तिक मास में सांकर्येण मनाने के लिए क्यों नही तैयार होते ? जब व्यवहित संसर्प वा अव्यवहित संसर्प दोनों में एक सा मार्ग ! गति ! प्राप्त है तो केवल अव्यवहित संसर्प की शुध्दता में अनन्यगतिकता हेतु देना एक भ्रामक प्रचार मात्र ही है और यह वस्तुस्थिति को बिना विचारे ही दिया गया एक दोष पूर्ण तर्क है ।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सं० 2039 में क्षयपूर्ववर्ती असंक्रान्तमास संसर्प आश्विन को त्रिंशत्तिथ्यात्मक मानते हुए उसी में नवरात्र दशहरा आदि मनाए जाएंगें । यही शास्त्र विहित सिध्दान्त है । अत: शास्त्र सम्मत मतानुसार दशहरा 27 सितम्बर 1982 को एवं दीपावली 16 अक्तूबर 1982 को ही मनाए जाएंगें ।

इस विषय पर 17, 18, 19 अगस्त को गुरुवायुर !केरल! में श्री 1008 कान्ची पीठाधीश शंकराचार्य जी के सान्निध्य में विविध प्रान्तों से आए धर्मशास्त्रियों एवं पंचांगकारों ने शास्त्रीय चर्चा के बाद बहुमत से इसी मत का समर्थन किया है । कान्चीमठ के शंकराचार्य ने इसी सिध्दान्त के मुताबिक अपना घोषणपत्र जारी कर दिया है । जिसकी फोटोकापी हम यत्र तत्र पंचांगकारों को भेज चुके हैं । इस पक्ष को पंजाब हरियाणा मध्यप्रदेश राजस्थान आन्ध्र प्रदेश केरल करनाटक तमिलनाड तथा बिहार में भारी बहुमत प्राप्त है । और 100 से भी अधिक पंचांग इसी पक्ष के अनुसार प्रेस में जा चुके है ।

यह हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि वैधशाला अहमदाबाद में 21 जुलाई 1981 को आयोजित सभा में हुए निर्णय को हम/बिलकुल मान्यता नही देते । हमने वहाँ संसर्प को अशुध्द मानने के प्रस्ताव का प्रबल विरोध किया था ।

====7=====

अहमदाबाद में हमने इदम् विषयक प्रस्ताव पर किसी प्रकार के हस्ताक्षर नहीं किए। इस बारे में किसी को भ्रान्ति नहीं होनी चाहिए।

नोट:--

सं0 2039 वि0 का मार्तण्ड पन्चांग " कम्पयूटर द्वारा की गई अत्यन्त सूक्ष्म गणित के साथ शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है। इसमें प्रयोग में लाए गए कम्प्यूटर प्रोग्राम भारत में सर्वाधिक शुध्द तथा सभी अंगों (सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट, तिथ्यादि ग्रहचार क्रान्तिशर, विषुवांश, चन्द्रोदयास्तादि) से पूर्ण है इस वर्ष इस पंचांग में क्षयमास विषय में विस्तृत धार्म शास्त्रीय सैध्दान्तिक विवेचन पाठकों को पढ़ने के लिए मिलेगा।

निवेदक :--

सम्पादक
श्री मार्तण्ड पन्चांग
मार्तण्ड आलम जन्त्री
शिरोमणी तिथपत्रिका एवं बटुक पंचांग
केअर आफ श्री मार्तण्ड पंचांग कार्यालय
कुराली जिला रोपड़ पंजाब

Book Post (Printed Matter)

Rec 12/10/81

From:

श्री मार्तण्ड ज्योतिष ...
(हरियाणा)

To सत्सम्प्रदायाचार्य सद्गुरु-
श्रीजगजीत सिंह जी महाराज
Katana मु.पो. भैणी साहब
Kalan वाया - ~~समराला~~
(लुधियाना)



vegeta
1.10.81

दूरभाष : ६१६०६७

विराट हिन्दू समाज

रामायण विद्यापीठ, १५-इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-११०००३

अध्यक्ष :
डा० कर्ण सिंह
संसद सदस्य

सत-गुरु वीर सिंह जी महाराज.

दिनाङ्क
दिनांक 28 सितम्बर, 1981

परमादरणीय महानुभाव,

सेवामें सादर प्रणाम ।

आपको सूचित करते हुए हमें हर्ष हो रहा है कि आगामी दिनांक 18 अक्टूबर, 1981 रविवार को दिल्ली में "विराट हिन्दू समाज" के तत्वावधान में एक भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बोटक्लब मैदान में किया गया है । उसमें दस लाख की संख्या में हिन्दू एकत्रित आवें ऐसा प्रयास है ।

मीनाक्षीपुरम् के धर्मपरिवर्तन काण्ड ने निद्रित हिन्दू समाज को झकझोर कर जगा दिया है । साधन सम्पन्न विधर्मी शक्तियां हिन्दू समाज के दुर्बल स्थानों को हेरकर प्रबल आघात करने को उद्यत दिखाई देती है, और उससे राष्ट्र की अखण्डता को ही खतरा देखकर सभी दल, पंथ, जाति और सम्प्रदायों के हिन्दू क्षुब्ध हो गये हैं । इस जागृति का लाभ उठाकर सभी हिन्दुओं को एक मन्च पर लाकर इस संकट का प्रतिकार करने के लिये, संघठित करने के उद्देश्य से " विराट हिन्दू समाज " का निर्माण गत 6 सितम्बर, 1981 को दिल्ली में हुआ । डा० कर्णसिंह को इसका अध्यक्ष चुना गया ।

"धारणाद्धर्मः" इस वचन के अनुसार समाज की धारणा हेतु समयानुसार अपने आचारधर्म में परिवर्तन करने की हमारी परम्परा रही है, और इस दृष्टि से धार्मिक जगत के महान आचार्यों का अग्रेसर होकर इस दिशा में मार्गदर्शन करना हम सब हिन्दू बन्धुओं के लिये महान सौभाग्य होगा । आपसे करबध्द प्रार्थना है कि आप अपना शुभाशीर्वाद तथा अपने प्रभाव का लाभ इस महत्कार्य की सफलता के लिए देकर अनुगृहीत करें ।

आप दिनांक 18अक्टूबर के कार्यक्रम में तो अवश्यमेव सम्मिलित हों यह प्रार्थना है । विजयादशमी के पश्चात दिनांक 9 अक्टूबर से 17 तक सम्पूर्ण दिल्ली में धर्मजागरण निमित्त अति विशाल सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, उसमें भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है । यदि किसी अपरिहार्य कारणवश आपका आना सम्भव नहीं हो तो लिखित शुभाशीष भेजने की कृपा करें ।

सद्भावना सहित.

कृष्ण/

विनीत
(हस्ताक्षर)
(हंसराज गुप्त)
कार्यकारी अध्यक्ष

Recd
22.9.81
Jathedar Darbara Singh

ॐ

विराट हिन्दू समाज

रामायण विद्यापीठ, 15 इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-3

राजधानी के प्रमुख हिन्दू कार्यकर्त्ताओं की आवश्यक बैठक

श्रीमन्

राजधानी के प्रमुख समाज सेवी कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक 27 सितम्बर रविवार दोपहर 3 बजे विराट हिन्दू समाज के तत्वावधान में हो रही है। बैठक में आप सादर आमंत्रित हैं। श्री कर्णसिंहजी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का स्थान 'फीरोजशाह कोटला मैदान' दिल्ली गेट निश्चित हुआ है।

आपको यह विदित ही है कि 6 सितम्बर को दिल्ली में हिन्दू एकता सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें देश भर से आये हजार प्रतिनिधियों ने 'विराट हिन्दू समाज' नामक एक मंच का गठन किया। इस मंच का संकल्प है कि:-

1. भारत के सभी धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों को सूत्रबद्ध करते हुए हिन्दू एकता स्थापित करना।
2. हिन्दू समाज से अस्पृश्यता जैसी कालबाह्य रूढ़ियों को समूल समाप्त करना।
3. प्रलोभन, भय, जोर जबर्दस्ती एवं धोखे से धर्म परिवर्तन पर रोक लगवाना।
4. धर्मान्तरण हेतु विदेशी एजेन्टों तथा एजेन्सियों द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले विदेशी धन पर रोक लगवाना।
5. धर्मान्तरित होकर बिछुड़ गये बन्धुओं को अपनाकर पुनः अपने मूल धर्म में वापसी का प्रयास करना।

उपरोक्त महान उद्देश्यों की पूर्ति शक्तिशाली हिन्दू समाज के द्वारा हो सकती है। विराट हिन्दू समाज इसी दिशा में एक प्रयत्न है। इन पंचसूत्री उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आगामी 18 अक्तूबर 1981 दोपहर दो बजे बोट क्लब पर एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु आपसे निम्न विनम्र निवेदन है।

विशाल बैठक में उपस्थिति :

1. दि० 27 सितम्बर दोपहर 3 बजे समाज के अग्रगणी आप महानुभावों की विशिष्ट बैठक में अवश्य पधारें। बैठक का स्थान 'फीरोजशाह कोटला मैदान' दिल्ली गेट रहेगा।

2. **सर्वस्पर्शी इकाई का गठन :**

प्रत्येक 10-15 हजार जनसंख्या पर एक मोहल्ला ईकाई का गठन करें। जिसमें सभी धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों से सम्बन्धित प्रौढ़, तरुण, किशोर एवं महिलाओं को सम्मिलित करें।

3. **सामूहिक सम्पर्क :**

दि० 2 एवं 4 अक्टूबर अवकाश के दिन हैं। इन दिनों में प्रत्येक हिन्दू परिवार से सामूहिक सम्पर्क करें।

4. **रामलीलाओं में प्रचार :**

29 सितम्बर से प्रारम्भ होने वाली अपने क्षेत्र की रामलीला में विराट हिन्दू सम्मेलन के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों का भरपूर प्रचार करें।

4. **प्रत्येक हिन्दू के मकान पर झन्डा :**

दि. 8 अक्टूबर विजयदशमी के दिन से 18 अक्टूबर तक प्रत्येक हिन्दू परिवार अपने मकान पर केसरिया झन्डा फहराने की योजना बनावें। झण्डों की व्यवस्था की जा रही है।

6. **मोहल्ला सभाओं का आयोजन :**

दिनाँक 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दिल्ली में सैकड़ों सभाओं की योजना है। हम सभाओं का आयोजन करें, धार्मिक नेताओं को आमंत्रित करें जिससे 18 अक्टूबर के विराट हिन्दू सम्मेलन को बल मिले।

7. **वृहत प्रभात फेरियों के आयोजन :**

दिनांक 10 से 17 अक्टूबर तक बाल, किशोर, तरुण, प्रौढ़, माताएँ, बहनें अपने अपने क्षेत्रों में प्रभात फेरियों के विशाल आयोजन करें।

8. **हरियाणा उत्तर प्रदेश से आने वालों का आतिथ्य :**

यदि अपने क्षेत्र में निकटस्थ जिलों में 18 अक्टूबर के सम्मेलन में भाग लेने वाले बन्धुओं के ठहरने की योजना बनती है तो उनकी व्यवस्था करें।

9. **दिनांक 18 को 12.00 बजे बसों से बोटक्लब के लिए सामूहिक प्रस्थान :**

18 अक्तूबर प्रातः 12.00 बजे बस तथा विभिन्न वाहनों से एक निश्चित स्थान से जलूस बनाकर चलने की योजना बनानी है। बोटक्लब में अपना निश्चित स्थान भी पता कर लेवें। ध्यान रहे लाखों की संख्या में उस दिन माताएँ, बाल-किशोर, तरुण-प्रौढ़ आदि सभी को तैयार करना है।

10. **कार्यक्रम से लौटने की व्यवस्था की पूरी चिन्ता :**

आपके साथ विभिन्न वाहनों से गये व्यक्ति ठीक प्रकार से उसी योजना से वापस पहुंचे, इसकी समुचित चिन्ता करनी है।

सूचना :—

दिनाँक 27 को समय की सीमा का ध्यान रखते हुए, जिन महानुभावों के भाषण होने हैं उन की पूर्व सूचना दी जावेगी। निश्चित वक्ताओं के अतिरिक्त भाषण नहीं हो सकेंगे। आपके अमूल्य सुझाव पढ़कर सुनाये जा सकेंगे, इसलिए कागज पर स्वच्छ लेखनी में सुझाव देवें। कृपया पत्रक साथ लेकर आवें, इसे गुम न होने दें।

भवदीय

प्रेमचन्द गुप्ता
संयोजक

हंसराज गुप्त
कार्यकारी अध्यक्ष

Rec
5.10.81
[handwritten illegible]

ॐ

विराट हिन्दू समाज

रामायण विद्यापीठ, 15 इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-3

राजधानी के प्रमुख हिन्दू कार्यकर्त्ताओं की आवश्यक बैठक

श्रीमन्

राजधानी के प्रमुख समाज सेवी कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक 27 सितम्बर रविवार दोपहर 3 बजे विराट हिन्दू समाज के तत्वावधान में हो रही है। बैठक में आप सादर आमंत्रित हैं। श्री कर्णसिंहजी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का स्थान 'फीरोजशाह कोटला मैदान' दिल्ली गेट निश्चित हुआ है।

आपको यह विदित ही है कि 6 सितम्बर को दिल्ली में हिन्दू एकता सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें देश भर से आये हजार प्रतिनिधियों ने 'विराट हिन्दू समाज' नामक एक मंच का गठन किया। इस मंच का संकल्प है कि:-

1. भारत के सभी धार्मिक, सामाजिक एवं साँस्कृतिक संगठनों को सूत्रबद्ध करते हुए हिन्दू एकता स्थापित करना।
2. हिन्दू समाज से अस्पृश्यता जैसी कालवाह्य रूढ़ियों को समूल समाप्त करना।
3. प्रलोभन, भय, जोर जबर्दस्ती एवं धोखे से धर्म परिवर्तन पर रोक लगवाना।
4. धर्मान्तरण हेतु विदेशी एजेन्टों तथा एजेन्सियों द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले विदेशी धन पर रोक लगवाना।
5. धर्मान्तरित होकर बिछुड़ गये बन्धुओं को अपनाकर पुनः अपने मूल धर्म में वापसी का प्रयास करना।

उपरोक्त महान उद्देश्यों की पूर्ति शक्तिशाली हिन्दू समाज के द्वारा हो सकती है। विराट हिन्दू समाज इसी दिशा में एक प्रयत्न है। इन पंचसूत्री उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आगामी 18 अक्तूबर 1981 दोपहर दो बजे बोट क्लब पर एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु आपसे निम्न विनम्र निवेदन है।

विशाल बैठक में उपस्थिति :

1. दि० 27 सितम्बर दोपहर 3 बजे समाज के अग्रगणी आप महानुभावों की विशिष्ट बैठक में अवश्य पधारें। बैठक का स्थान 'फीरोजशाह कोटला मैदान' दिल्ली गेट रहेगा।

2. **सर्वस्पर्शी इकाई का गठन :**

प्रत्येक 10-15 हजार जनसंख्या पर एक मोहल्ला ईकाई का गठन करें। जिसमें सभी धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों से सम्बन्धित प्रौढ़, तरुण, किशोर एवं महिलाओं को सम्मिलित करें।

3. **सामूहिक सम्पर्क :**

दि० 2 एवं 4 अक्टूबर अवकाश के दिन हैं। इन दिनों में प्रत्येक हिन्दू परिवार से सामूहिक सम्पर्क करें।

4. **रामलीलाओं में प्रचार :**

29 सितम्बर से प्रारम्भ होने वाली अपने क्षेत्र की रामलीला में विराट हिन्दू सम्मेलन के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों का भरपूर प्रचार करें।

4. **प्रत्येक हिन्दू के मकान पर झन्डा :**

दि. 8 अक्टूबर विजयदशमी के दिन से 18 अक्टूबर तक प्रत्येक हिन्दू परिवार अपने मकान पर केसरिया झन्डा फहराने की योजना बनावें। झण्डों की व्यवस्था की जा रही है।

6. **मोहल्ला सभाओं का आयोजन :**

दिनाँक 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दिल्ली में सैकड़ों सभाओं की योजना है। हम सभाओं का आयोजन करें, धार्मिक नेताओं को आमंत्रित करें जिससे 18 अक्टूबर के विराट हिन्दू सम्मेलन को बल मिले।

7. **वृहत प्रभात फेरियों के आयोजन :**

दिनांक 10 से 17 अक्टूबर तक बाल, किशोर, तरुण, प्रौढ़, माताएँ, बहनें अपने अपने क्षेत्रों में प्रभात फेरियों के विशाल आयोजन करें।

8. **हरियाणा उत्तर प्रदेश से आने वालों का आतिथ्य :**

यदि अपने क्षेत्र में निकटस्थ जिलों में 18 अक्टूबर के सम्मेलन में भाग लेने वाले बन्धुओं के ठहरने की योजना बनती है तो उनकी व्यवस्था करें।

9. **दिनांक 18 को 12.00 बजे बसों से बोटक्लब के लिए सामूहिक प्रस्थान :**

18 अक्तूबर प्रातः 12.00 बजे बस तथा विभिन्न वाहनों से एक निश्चित स्थान से जलूस बनाकर चलने की योजना बनानी है। बोटक्लब में अपना निश्चित स्थान भी पता कर लेवें। ध्यान रहे लाखों की संख्या में उस दिन माताएँ, बाल-किशोर, तरुण-प्रौढ़ आदि सभी को तैयार करना है।

10. **कार्यक्रम से लौटने की व्यवस्था की पूरी चिन्ता :**

आपके साथ विभिन्न वाहनों से गये व्यक्ति ठीक प्रकार से उसी योजना से वापस पहुंचे, इसकी समुचित चिन्ता करनी है।

सूचना :—

दिनाँक 27 को समय की सीमा का ध्यान रखते हुए, जिन महानुभावों के भाषण होने हैं उन की पूर्व सूचना दी जावेगी। निश्चित वक्ताओं के अतिरिक्त भाषण नहीं हो सकेंगे। आपके अमूल्य सुझाव पढ़कर सुनाये जा सकेंगे, इसलिए कागज पर स्वच्छ लेखनीं में सुझाव देवें। कृपया पत्रक साथ लेकर आवें, इसे गुम न होने दें।

भवदीय

प्रेमचन्द गुप्ता
संयोजक

हंसराज गुप्त
कार्यकारी अध्यक्ष

तार-'सर्वसेवा'

फोन { दफ्तर : २२६५
{ निवास : २५६३

आखिल भारत कृषि-गोसेवा संघ

AKHIL BHARAT KRISHI-GOSEVA SANGH

GOPURI, WARDHA, 442001 (Maharashtra)

गोपुरी, वर्धा (महाराष्ट्र)

10.9.81

पत्र क्रमांक-

दिनांक : ५ सितंबर, १९८१

आदरणीय महोदय,

सादर प्रणाम। आपको विदित होगा कि दि० २२-२३ अगस्त १९८१ को दिल्ली में आयोजित गोरक्षा कार्यकर्ता सम्मेलन ने यह प्रस्ताव किया है कि यदि ३१ मार्च, १९८२ तक भारत सरकार केन्द्रीय कानून द्वारा समग्र देश के लिए गोहत्या पर प्रतिबन्ध न लगावे तो विवश होकर रामनवमी दि० २ अप्रैल, १९८२ से शांतिमय रूप में सत्याग्रह करने के लिए जनता का आवाहन किया जाय। इस प्रस्ताव को क्रियान्वित करने के लिये पूर्व तैयारी के रूप में एक योजना बनाई गई है जो आपकी जानकारी और उसके लिए आपका आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु इस पत्र के साथ में प्रेषित की जा रही है।

सौम्य सत्याग्रह योजना के अन्तर्गत देश में ५००० सौम्य साधना केन्द्र स्थापित करने हैं जहां एक मास तक निरन्तर दो दो दिन का उपवास गोभक्त महानुभाव समूह रूप में करते रहें। विश्वास है कि इस सौम्य उपवास योजना में जनजागरण होने के साथ शासन का भी प्रभु प्रेरणा से हृदय परिवर्तन होगा और देश में गोहत्याबंदी आन्दोलन के चलाने के लिये कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मिल सकेंगे।

इस योजना पर देश के मूर्धन्य साधु सन्तों, विद्वानों, सार्वजनिक संस्थाओं के अध्यक्षों के ऊपर स्वीकृति सूचक हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। अभी तक कुछ हस्ताक्षर मिल चुके हैं। प्रार्थना है कि आप भी इस योजना को अपना आशीर्वाद दें और संलग्न फार्म पर अपने हस्ताक्षर करके यह यह विज्ञप्ति गोपुरी-वर्धा भेजने की कृपा करें।

आशा है आप प्रसन्न होंगे

विनीत -

रा. बजाज

राधाकृष्ण बजाज

संयोजक

श्री सतिगुरु बीरसिंगजी महाराज

जीवननगर (सिरसा-पंजाब)

अखिल भारत कृषि गोसेवा संघ : गोपुरी - वर्धा :महाराष्ट्र:

दिल्ली कार्यालय	:	३ सदर थाना रोड, दिल्ली-११०००६	दूरभाष: ५१ १६१०
मुनि ज्ञानचन्द्रजी	:	१ अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-२	" २७ ३५३७
बंबई कार्यालय	:	भारतीय विद्या भवन, चौपाटी, बम्बई-७	" ३६ ६३१३

गो र क्षा सौ म्य स त्या ग्र ह का आ वा ह्न

पांच लाख उपवासदानी चाहिये

गोसेवा कार्यकर्ता सम्मेलन ता० २२-२३ अगस्त, १९८१ को दिल्ली में हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन अ० भा० कृषि गोसेवा संघ, गोरक्षा समन्वय समिति, सर्वसेवा संघ, भारत गोसेवक समाज एवं सर्वदलीय गोरक्षा महाभियान समिति की ओर से हुआ। इसमें प्राप्त विनोबाजी का संदेश :-

गाय हमारी माता है। गोहत्या मातृहत्या है ।।

१. गोहत्याबन्दी भारतीय संस्कृति का आदेश है।

२. यह भारतीय संविधान का निर्देश है।

३. उसके लिए भारत - सरकार वचनबद्ध है।

४. और भारतीय संसद का संकल्प है।

इसलिये सारे भारत में तुरन्त गोहत्याबन्दी होनी चाहिये।

सम्मेलन का मुख्य प्रस्ताव -

गंभीर विचार विमर्श के बाद निम्नलिखित प्रस्ताव स्वीकृत हुआ :-

"भारत की कोटि कोटि जनता की ओर से यह गोरक्षा कार्यकर्ता सम्मेलन भारत सरकार का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करना चाहता है कि वह संत विनोबाजी के माध्यम से राष्ट्र को दिये गये अपने वचन और भारतीय लोकसभा के संकल्प के अनुसार संविधान में आवश्यक संशोधन करके सम्पूर्ण गोवंश हत्याबन्दी के लिए तुरन्त सशक्त केन्द्रीय कानून बनाये। यदि ३१ मार्च, १९८२ तक कानून नहीं बना तो विवश होकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह के लिये भारतीय जनता को आवाह्न करना होगा।"

उपरोक्त प्रस्तावानुसार शांतिपूर्ण सत्याग्रह के प्रथम कदम के तौर पर ता० २ अप्रैल, १९८२ से १ मई, १९८२ तक ३० दिन सौम्य सत्याग्रह चलाया जाना है। सौम्य सत्याग्रह में दो-दो दिन के उपवास की श्रृंखला चलेगी। हरेक व्यक्ति को पूरे दो दिन का उपवास करना है। तन से उपवास, मन से प्रार्थना और धन के प्रतीक स्वरूप ~~[illegible]~~ यथाशक्ति दान देकर, तन-मन - धन तीनों से इस अभियान में सहयोग देना है।

१. सर्वसमर्थ, विश्व नियंता प्रभु से प्रार्थना है कि वह गोरक्षा एवं मानव समाज की रक्षा करे।

२. भारत सरकार से प्रार्थना है कि वह केन्द्रीय गोहत्याबंदी कानून बनाकर गोरक्षा करे एवं भारत के ग्रामीण अर्थतंत्र को टूटने से बचाये।

कृ० उ० देखें -----

३. भारत की कोटि कोटि जनता से प्रार्थना है कि वह सुस्ती और उदासीनता छोड़कर जागृत हो एवं सक्रिय होकर गोरक्षा करे ताकि भारतीय संस्कृति की रक्षा हो ।

उपरोक्त त्रिविध प्रार्थना के लिये यह सौम्य सत्याग्रह रहेगा । दिनभर के कार्यक्रम में भगवत्भजन, चिंतन अधिक हो । कुछ समय गोसेवा के शास्त्रीय ज्ञान के लिये रहे । सत्याग्रह जितना शुद्ध सात्विक रहेगा उतना ही तेजस्वी होगा, सत्याग्रह जितना व्यापक होगा उतना ही असरकारक होगा । कम से कम ५ हजार केन्द्रों में ५ लाख व्यक्ति उपवास रखेंगे तो यह प्रार्थना भगवान, सरकार और जनमानस तक अवश्य पहुंचेगी ।

संचालन -

१. इस सौम्य सत्याग्रह में जाति, धर्म, पंथ या किसी पक्ष विशेष का कोई भेद नहीं होगा । गोमाता सबको दूध पिलाती है, उसकी सेवा करना मानवमात्र का धर्म है ।

२. जो भाई - बहन दो दिन के उपवास के लिये तैयार हों, वे १०) दस देकर अपना नाम लिखवा सकते हैं ।

३. १०० या अधिक उपवासदानियों के नाम दर्ज हों वहीं केन्द्र कायम किया जासकेगा, ताकि रोजाना ५-६ व्यक्ति उपवास के लिये एक साथ बैठ सकें । स्थान ऐसा हो जहां किसी के आने में बाधा न हो ।

४. संयोजन का कार्य अखिल भारत कृषि गोसेवा संघ के जिम्मे रखा है । अत: सारा पत्र-व्यवहार तथा आर्थिक व्यवहार गोपुरी-वर्धा के पते पर किया जाय । धीरे-धीरे प्रदेश व जिला सत्याग्रह समितियों का गठन होने पर प्रत्यक्ष संचालन की जिम्मेवारी स्थानीय संगठनों की रहेगी । उपवासदान की रकम केन्द्रीय कार्यालय को वर्धा भेजी जाय । आधी केन्द्रीय खर्च के लिये एवं आधी प्रादेशिक खर्च के लिये रहेगी ।

गोरक्षा सौम्य सत्याग्रह की सफलता के लिये देशभर की जनता का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है । हमें आशा है कि भारत की कोटि कोटि जनता, लाखों में ही नहीं करोड़ों की संख्या में उपवासदान के लिये आगे बढ़ेगी ।

निवेदक —

Vijayalakshmi
8.9.81

VISHVA HINDU PARISHAD

Draft Minutes of the 36th meeting of the Governing Council held at 5 p.m. on 4th September, 1981 at DHARMA BHAVAN, South Extension, Part-I, New Delhi - 110 049.

Members present :

1	Shri Mahant Ram Prakash Das	Daterpur	Vice President & North Zone Chairman
2	Shri V. B. Menon	Palghat	Vice President & South Zone Chairman
3	Shri Justice S.N. Katju	Allahabad	Vice President & Central Zone Chairman
4	Shri Lala Hansraj Gupta	New Delhi	Vice President
5	Shri M.V. Jayakar	Bombay	Vice President
6	Shri Sadajiwatlal	Bombay	Treasurer
7	Shri M. N. Ghatate	Nagpur	Treasurer
8	Shri Harmohanlal	New Delhi	General Secretary
9	Shri Brahmachari Vishwanathji	Bombay	Member
10	Shri P. D. Jhunjunwala	Chakulia	Member
11	Shri Hari Atmaram	Bombay	Member
12	Shri M. K. Joshi	Pune	Member
13	Professor Kiran Sharma	Gauhati	Member
14	Dr. Sujit Dhar	Calcutta	Member
15	Shri G. D. Ashar	Calcutta	Secretary
16	Shri Devdutt	Pondicherry	Secretary
17	Professor Mandakini Dani	New Delhi	Secretary
18	Shri D. P. Patodiya	Bombay	Central Organising Secretary

SPECIAL INVITEES

1	Shri Swami Satyamitranand Giri	Hardwar	Trustee
2	Smt. Rajmata Vijaya Raje Sckindia	Gwalior	Trustee
3	Shri M. D. Deoras	Nagpur	Trustee
4	Shri K. K. Shastri	Ahmedabad	Trustee
5	Shri C. Anna Rao	New Delhi	Trustee

..... 2

6	Shri Brij Ratan Mohatta	Bombay	Trustee
7	Shri Madanlal Agrawal	Jharia	Trustee
8	Shri Rajeshwarji	New Delhi	Trustee
9	Shri G. Pulla Reddy	Hyderabad	Trustee
